

10 रोहित शर्मा...

झारखण्ड का अपना दैनिक

# झारखण्ड उजाला

सच आप तक

12 रश्मिका मंदाना...



रांची, शुक्रवार, 06 दिसंबर 2024 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 04 | अंक -168 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com


# हेमंत सोरेन कैबिनेट का विस्तार, 11 मंत्रियों ने ली शपथ

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**

**रांची।** झारखंड में कैबिनेट विस्तार हो गया है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की कैबिनेट के 11 सदस्यों ने गुरुवार को शपथ ली. राज्यपाल संतोष गंगवार ने राजभवन के अशोक उद्यान में प्रोटेम स्पीकर (कार्यकारी अध्यक्ष) और हेमंत सोरेन कैबिनेट के 11 सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई. हेमंत सोरेन की कैबिनेट में 6 नए चेहरों को शामिल किया गया है. मंत्रिमंडल में 2 महिला को भी शामिल किया गया है. दोनों कांग्रेस के कोटे से हैं. शिल्पी नेहा तिर्की पहली बार मंत्री बनीं हैं. दीपिका पांडेय सिंह को पिछली बार हुए कैबिनेट विस्तार में हेमंत सोरेन की कैबिनेट में जगह मिली थी. एक बार फिर उन्हें मंत्री बनाया गया है. सबसे पहले राधाकृष्ण किशोर और सबसे अंत में शिल्पी नेहा तिर्की को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई. हफीजुल हसन अंसारी को छोड़ सभी मंत्रियों ने ईश्वर के नाम पर शपथ ली. मधुपुर के विधायक हफीजुल अंसारी ने अल्लाह के नाम पर शपथ ली.

## योगेंद्र, राधाकृष्ण, दीपक, चमरा, संजय, रामदास, इरफान, हफीजुल, दीपिका, सुदिव्य और शिल्पी ने ली मंत्री पद की शपथ




### प्रो स्टीफन मरांडी को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया गया

सबसे पहले षष्ठम झारखंड विधानसभा के लिए प्रो स्टीफन मरांडी को राज्यपाल संतोष गंगवार ने विधानसभा के अध्यक्ष के चयन तक सदन का प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया. इसका आदेश मुख्य सचिव अलका तिवारी ने पढ़ा. इसके बाद राज्यपाल ने प्रो स्टीफन मरांडी को शपथ दिलाई.

### हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन ने नए मंत्रियों का किया अभिवादन

शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए 2 नंबर गेट से 12:45 बजे सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन के साथ राजभवन के अशोक उद्यान पहुंचे. सबसे पहले उन्होंने विधायकों का हाथ जोड़कर अभिवादन किया. मंत्रिपरिषद में शामिल विधायकों से मिले. कल्पना सोरेन ने भी सबका हाथ जोड़कर अभिवादन किया. इसके बाद कल्पना सोरेन पहली पंक्ति में हेमंत सोरेन की बगल वाली सीट पर बैठ गयीं. मुख्यमंत्री के आने के 4 मिनट बाद 12:49 बजे राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार शपथ ग्रहण समारोह स्थल पहुंचे. सबसे पहले राष्ट्रगान हुआ. इसके बाद राज्यपाल के आदेश से मंत्रियों का शपथ ग्रहण समारोह शुरू हुआ. शपथ ग्रहण समारोह में सत्तारूढ़ गठबंधन के सभी दलों के नेता शामिल हुए.

### बेहतरीन बना है मंत्रिमंडल, सभी को साथ लेकर चलें : मीर

शपथ ग्रहण समारोह के बाद कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई. इसमें कई विषयों पर चर्चा की गई. बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि जो वादे किए गए हैं, उन्हें पूरा करने का वक्त आ गया है. विधायक दल का नेता चुन लिया गया है. नाम भी घोषित कर दिया जाएगा. उन्होंने मंत्रिमंडल के गठन पर कहा कि यह मंत्रिमंडल बेहतरीन बना है. उन्होंने सभी को साथ लेकर चलने का भी निर्देश दिया.

## हेमंत सोरेन कैबिनेट में ये 11 लोग बने मंत्री

| मंत्री का नाम | पार्टी का नाम | विस क्षेत्र | जिला का नाम |
|---|---|---|---|
| राधाकृष्ण किशोर | कांग्रेस | छतरपुर | पलामू |
| दीपक बिरुवा | झामुमो | चाईबासा | पश्चिमी सिंहभूम |
| चमरा लिंडा | झामुमो | बिशुनपुर | गुमला |
| संजय प्रसाद यादव | राजदल | गोड्डा | गोड्डा |
| रामदास सोरेन | झामुमो | घाटशिला | पूर्वी सिंहभूम |
| इरफान अंसारी | कांग्रेस | जामताड़ा | जामताड़ा |
| हफीजुल हसन | झामुमो | मधुपुर | देवघर |
| दीपिका पांडेय सिंह | कांग्रेस | महगामा | गोड्डा |
| योगेंद्र प्रसाद | झामुमो | गोमिया | बोकारो |
| सुदिव्य कुमार | झामुमो | गिरिडीह | गिरिडीह |
| शिल्पी नेहा तिर्की | कांग्रेस | मांडर | रांची |

## सीएम हेमंत सोरेन ने मंत्रियों को बधाई और शुभकामनाएं दी



सीएम हेमंत सोरेन ने मंत्रियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं. सोशल मीडिया पोस्ट में सीएम ने लिखा है कि अबुआ सरकार के मंत्रिपरिषद की शपथ लेने के लिए सभी मंत्रियों को बहुत-बहुत बधाई, शुभकामनाएं और जोहार. झारखंड के वीर पुरुखों के सपनों और राज्यवासियों के आशाओं एवं आकांक्षाओं को पूरा कर सोना झारखंड का निर्माण हमें मिलकर करना है. शपथ ग्रहण के बाद हेमंत मंत्रिमंडल में शामिल हुए मंत्रियों ने झामुमो सुप्रिमो शिबू सोरेन से आशीर्वाद भी लिया.

## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



**आशा देवी**
**सामाजिक कार्यकर्ता**

**अच्छे विचार वे होते हैं जो सकारात्मक, रचनात्मक, और उपयोगी होते हैं. ये ऐसे विचार होते हैं जो दूसरों की मदद करते हैं, समाज को बेहतर बनाते हैं या दुनिया को एक बेहतर जगह बनाते हैं।**

## सर्राफा

सोना (बिक्री) : **71,500**
चांदी (प्रति किलो) : **94,000**
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

## शेयर बाजार

सेंसेक्स :- **81,765.86**
निफ्टी :- **24,708.40**

## मौसम

अधिकतम तापमान : **24 °**
न्यूनतम तापमान : **13 °**

## सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- **06:17**
संध्या :- **17:03**

## आज का इतिहास

**आज ही के दिन 1865 को संयुक्त राज्य अमेरिका में दासता को आधिकारिक रूप से समाप्त कर दिया गया था जब अमेरिकी संविधान में तेरहवें संशोधन की पुष्टि की गई थी।**

# लोहरदगा में एसीबी की बड़ी कार्रवाई, क्लर्क को 50 हजार रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**

**लोहरदगा।** जिले में एसीबी की टीम में बड़ी कार्रवाई की है. कल्याण विभाग के क्लर्क को 50 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है. लोहरदगा में भ्रष्टाचार के मामले में एसीबी की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है. कार्रवाई से हड़कंप मच गया है. यह कार्रवाई समाहरणालय परिसर स्थित कल्याण विभाग के कार्यालय में की गई.

### कब्रिस्तान की घेराबंदी के मामले में मांगी थी रिश्वत



लोहरदगा के किस्को प्रखंड के चरहू गांव में कब्रिस्तान की चहारदीवारी को लेकर 24 लाख 98 हजार रुपये की योजना पर काम चल रहा है. कल्याण विभाग के क्लर्क राजेंद्र उरांव ने योजना मद में राशि भुगतान को लेकर लाभुक से 70 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की थी. इस बात की शिकायत एसीबी की टीम से की गई थी. एसीबी की टीम जांच में सत्यता पाए जाने के बाद एसीबी की टीम ने गुरुवार को लोहरदगा कल्याण विभाग कार्यालय में क्लर्क राजेंद्र उरांव को 50 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ धर दबोचा. गिरफ्तार किए गए कर्मचारी को एसीबी की टीम अपने साथ रांची ले गई है. एसीबी की कार्रवाई से लोगों में हडकंप मच गया। इस मामले को लेकर एसीबी रांची में कांड संख्या 12/24 में मामला दर्ज किया गया है. मामले की पुष्टि रांची एसीबी कार्यालय ने की है. इस संबंध में एसीबी की ओर से मीडिया को प्रेस रिलीज के माध्यम से जानकारी भी दी गई है. रांची एसीबी ने साल 2024 में यह 11वां ट्रैप किया है. लोहरदगा में एसीबी की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है. इसी क्रम में गुरुवार को कल्याण विभाग के बड़ा बाबू को 50 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया है. हाल के समय में आपदा प्रबंधन पदाधिकारी और एक निजी अस्पताल के कर्मचारी, एक राजस्व कर्मचारी और एक प्रखंड विकास पदाधिकारी को भी रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया था.

# देवेंद्र फडणवीस तीसरी बार बने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री शिंदे और अजित पवार ने ली डिप्टी सीएम पद की शपथ

**एजेंसी**

**मुंबई।** देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को मुंबई के आजाद मैदान में सीएम पद की शपथ ली. राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने उन्होंने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई. देवेंद्र दक्षिण-पश्चिम नागपुर से विधायक हैं. उन्होंने मराठी में शपथ ली.

### शिंदे और अजित पवार ने ली डिप्टी सीएम पद की शपथ



शिवेसना प्रमुख एकनाथ शिंदे और एनसीपी प्रमुख अजित पवार ने डिप्टी सीएम पद की शपथ ली. दोनों को राज्यपाल ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई. हालांकि शिंदे ने आखिरी समय तक अपना पत्ता नहीं खोला था. सस्पेंस बरकरार रखा था. वहीं अजित पवार ने बुधवार को ही साफ कर दिया था कि वो डिप्टी सीएम पद की शपथ लेने वाले हैं. जब फडणवीस, शिंदे और अजित पवार संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे, उस समय अजित पवार ने कहा था कि वो तो शपथ लेने वाले हैं. दरअसल पत्रकारों ने शिंदे से पूछा कि क्या वह और एनसीपी प्रमुख अजित पवार भी उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे? इसपर शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे ने कहा, शाम तक इंतजार करें. लेकिन शिंदे को बीच में ही रोकते हुए एनसीपी प्रमुख अजित पवार ने कहा, शाम तक उनका समाज आएगा, मैं शपथ लूंगा, मैं इंतजार नहीं करूंगा. इस पर सभी हंसने लगे. लेकिन तभी अजित पवार को जवाब देते हुए शिंदे ने कहा, दादा (अजित पवार) को सुबह और शाम दोनों समय शपथ लेने का अनुभव हैह्व. शिंदे के इस बयान पर वहां मौजूद लोग ठहाका लगाकर हंसने लगे.

### महायुति सरकार के शपथ ग्रहण में मुकेश अंबानी सहित कई दिग्गज हुए शामिल

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी अपने परिवार के साथ महायुति सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए. साथ ही भारत रत्न सचिन तेंदुलकर अपनी पत्नी अंजली के साथ समारोह में शामिल हुए. इसके अलावा बॉलीवुड स्टार भी समारोह के गवाह बने. जिसमें अभिनेता रणबीर कपूर, रणवीर सिंह, शाहरुख खान, सलमान खान और संजय दत्त सहित कई स्टार भी शपथ ग्रहण में शामिल हुए.

### कई दौर की बैठक और मंथन के बाद मुख्यमंत्री पर हुआ फैसला

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 में महायुति की धमाकेदार जीत के बाद मुख्यमंत्री के नाम को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई थी. चुनाव रिजल्ट आने के बाद शिंदे और अजित पवार ने भी मुख्यमंत्री पद के लिए दांव लगाया था.

## देवेंद्र की ताजपोशी में शामिल हुए पीएम मोदी

महाराष्ट्र सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ और एनडीए शासित राज्यों के सीएम और डिप्टी सीएम, केंद्रीय मंत्री, एनडीए नेता शामिल हुए.

# कैमरून में फंसे झारखंड के 47 मजदूर, सोशल मीडिया पर लगायी वतन वापसी की गुहार

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**

**रांची।** झारखंड के गिरिडीह, हजारीबाग और बोकारो जिलों के 47 प्रवासी मजदूर अफ्रीकी देश कैमरून में फंसे हुए हैं। मजदूरों ने सोशल मीडिया पर वीडियो साझा कर सरकार से वतन वापसी की गुहार लगायी है। चार महीने से इन मजदूरों को कंपनी द्वारा मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है, जिससे उनके सामने खाने-पीने और अन्य जरूरतों का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

### मजदूरों की दुर्दशा



मजदूरों का कहना है कि उन्होंने बेहतर कमाई के लिए कैमरून का रुख किया था, लेकिन अब वे बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित हैं। उनके पास न तो खाने के लिए पर्याप्त भोजन है और न ही लौटने के लिए संसाधन। प्रवासी मजदूरों के मुद्दों पर काम करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर अली ने केंद्र और राज्य सरकार से मजदूरों की सुरक्षित वतन वापसी के लिए ठोस कूटनीतिक कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब प्रवासी मजदूर विदेशों में फंसे हैं। इससे पहले भी झारखंड के कई मजदूर अधिक पैसे कमाने की उम्मीद में विदेश जाकर मुश्किलों में फंस चुके हैं।

### सरकार से मांग

सिकंदर अली ने कहा कि सरकार को प्रवासी मजदूरों की समस्याओं का स्थायी समाधान निकालने के लिए झारखंड में रोजगार के अवसर बढ़ाने चाहिए, ताकि लोग मजबूरी में पलायन न करें। उन्होंने मजदूरों की जल्द से जल्द वतन वापसी सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

### मजदूरो के नाम

रेवतलाल महतो (जोबर), कमलदेव कुमार महतो (जोबर), विजय कुमार महतो (जोबर), जय नारायण कुमार महतो (जोबर), उमेश महतो (जोबर), राजेंद्र कुमार (नागी), चिंतामणि महतो (अंबाटांड़), भागीरथ महतो (अंबाटांड़), प्रेमचंद महतो (अंबाटांड़), पिंटू कुमार महतो (अंबाटांड़), दशरथ महतो (खरकी), सुरेश महतो (मडमो), मनोज कुमार महतो (सिरैय), बलदेव महतो (बलकमक्का), रोहित महतो (केंदुवाडीह), टेकलाल महतो (बसरिया), निर्मल महतो (बसरिया), छोटी यादव (बसरिया), भूखलाल महतो (बसरिया), किशोर कुमार (बसरिया), योगेंद्र महतो (बसरिया), रामचंद्र महतो (बसरिया), निर्मल यादव (बसरिया), लोकनाथ यादव (बसरिया), हीरालाल मांझी (चलकरी), धानेश्वर किस्कु(लमकीटांड), मनोज मरांडी (दुमुहान), अशोक महतो (गोविंदपुर), भुवनेश्वर महतो (गोविंदपुर), भरथ महतो (बंदखारों ), दिनेश टुडू (चानो), बोकारो (गोमिया), खिरोधर महतो (मुंगो), नारायण महतो (मुंगो), नीलकंठ महतो (सीधाबारा), महेश महतो (नरकंडी), राजेश कुमार महतो (तुसको), रोहित महतो (तिसकोपी), द्वारिका महतो (तुइयो), सत्येंद्र कुमार महतो (रजडेरवा), छोटन टुडू (नावडंडा), छोटन किस्कू (नावडंडा), गणेश महतो (बड़की सीधाबारा), चेतलाल महतो (बड़की सीधाबारा), चंद्रदेव महतो (बड़की सीधाबारा), संतोष महतो (नावाडीह), गिरिडीह (बगोदर), रूपलाल महतो (महुरी), मुकेश महतो (हेंसला) आदि है।

## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड के मुख्य वन संरक्षक बने सत्यजीत सिंह

रांची। राज्य सरकार ने भारतीय वन सेवा अधिकारी सत्यजीत सिंह को झारखंड का प्रधान मुख्य वन संरक्षक बनाया है। इससे पूर्व सत्यजीत झारखंड में प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य प्राणी और मुख्य वन्य प्राणी प्रतिपालक पद पर कार्यरत थे। उन्होंने वन विभाग के कई पदों पर अपनी सेवा दी है। जानकारी हो कि सत्यजीत सिंह जमशेदपुर के डीएफओ के तौर पर भी काम कर चुके हैं। बता दें कि 30 नवंबर को संजय श्रीवास्तव की सेवानिवृत्ति के बाद से यह पद खाली था। अब वन विभाग ने इस पद पर सत्यजीत सिंह के पदस्थापन को लेकर आदेश जारी कर दिया है।

### हेमंत कैबिनेट की बैठक छह दिसंबर को

रांची। हेमंत कैबिनेट की बैठक छह दिसंबर को होगी. इसमें कई जनकल्याणकारी योजनाओं पर फैसले लिए जा सकते हैं. बैठक छह दिसंबर को दोपहर तीन बजे से प्रोजेक्ट भवन में शुरू होगी. बताते चलें कि गुरुवार को हेमंत मंत्रिमंडल का विस्तार हो गया. कुल 11 मंत्रियों को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने पद एवं गोपनियता की शपथ दिलाई.

### पीएम ने जूनियर एशिया कप जीतने पर भारतीय पुरुष जूनियर हॉकी टीम को बधाई दी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को जूनियर एशिया कप 2024 जीतने पर भारतीय पुरुष जूनियर हॉकी टीम को बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, हमें अपने हॉकी चैंपियन पर गर्व है। यह भारतीय हॉकी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि हमारी पुरुष जूनियर टीम ने जूनियर एशिया कप 2024 का खिताब जीता है। उनके बेजोड़ कौशल, अटूट धैर्य और अविश्वसनीय टीम वर्क ने इस जीत को खेलों के गौरव के इतिहास में दर्ज कर दिया है। युवा चैंपियन को बधाई और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।







# छाई डैम की समस्या के निष्पादन के लिए एसडीएम के अगुवाई में ग्रामीण संग की गई बैठक

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।





**पतरातू।** रामगढ़ एसडीएम अनुराग कुमार तिवारी की अगुवाई में प्रखंड कार्यालय पतरातू के वर्किंग हाल में बलकुदरा,रसदा एवं जयनगर के ग्रामीण के छाई डैम से संबंधित समस्या के निष्पादन के लिए एक बैठक आहूत की गई। जिसमें इन सभी गांव के विस्थापित रैयतों के साथ एसडीएम रामगढ़, अंचल अधिकारी पतरातू, प्रखंड विकास पदाधिकारी पतरात, पी वी यू एन पतरातु के वरीय पदाधिकारी संग दर्जनों रैयत विस्थापितों ने वार्ता की। इस दौरान एक ओर रैयतों ने अपनी समस्याओं को रखते हुए सारे हालात से एसडीएम को अवगत कराया। वही रामगढ़ एसडीएम अनुराग कुमार तिवारी ने सब की बातों को गंभीरता से सुनते हुए समस्या का समाधान निकालने का आश्वासन दिया। एसडीएम रामगढ़ से बात करने पर उन्होंने बताया कि रैयत और प्रबंधन के बीच छाई डैम की समस्या काफी पुरानी है जहां एक ओर पीवीयूएन प्रबंधन अपना निर्माण कार्य आगे बढ़ाना चाह रही है वही रैयतों की भी समस्या अपने जगह पर अभी कायम है। अंचलाधिकारी को निर्देशित किया है कि इस समस्या का गहन अध्ययन करते हुए इसका समाधान निकालने का प्रयास किया जाए। एसडीएम रामगढ़ में अगली बैठक आगामी बुधवार को रखने की बात कहते हुए बैठक को स्थगित किया। बैठक में मुख्य रूप से प्वुन के एच ओ एच आर जियाउर रहमान सर के राजेश डुंग डुंग, तथा ग्रामीणों में बलकुदरा पंचायत के मुखिया विजय मुंडा लबगा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि लालू महतो कटिया पंचायत के मुखिया किशोर कुमार महतो जयनगर मुखिया प्रतिनिधि बिजेंदर मुंडा आदित्य नारायण प्रसाद अरुण कुमार कुमेल उरांव राजाराम प्रसाद मैनेजर साव शंभू साव बसंत कुमार मनोज कुमार सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## बंगलादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार को गंभीरता से ले केन्द्र सरकार : मनोज मिश्र



**रामगढ़/गोला।** बांग्लादेश में चरम पंथीयो द्वारा हिन्दुओं पर हिंसक घटना घोर निंदा योग्य है। बांग्लादेश में हिन्दू धार्मिक स्थलों और सनातनियों पर हो रहे हमलों को लेकर पूरे देश में आक्रोश है। सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष मनोज मिश्र ने नाराजगी जताते हुए कहा है कि बांग्लादेश में जो कुछ भी हो रहा है। वह बांग्ला संस्कृति के विरुद्ध है। बांग्लादेश के हिन्दू धर्मस्थलों को कट्टरपंथियों से बचाने और गिरफ्तार किए चिन्मय दास को तत्काल रिहा किया जाना चाहिए। श्री मिश्र ने कहा कि बांग्ला देश में हमारे सैकड़ों मठ मंदिर हैं, शक्ति पीठ है। वहां निरंतर पाठ चलते रहते हैं। भारत के भी सनातनी लोग वहां जाया करते हैं। कट्टरपंथी कूटनीतिक षडयंत्र का हिस्सा है। यह बेनकाब होना चाहिए। बांग्ला देश की सरकार को अपनी नीयत साफ करनी चाहिए। एक देश को देश की तरह चलाना चाहिए। इस पर भारत के विदेश मंत्रालय को सजग रहकर त्वरित एक्शन लेना चाहिए।

## घायल आजसू के सक्रिय कार्यकर्त्ता प्रवीण कुमार से मिले पियूष चौधरी



**जल्द स्वस्थ होने की भगवान से किए प्रार्थना**

**रामगढ़/गोला।** गोला प्रखंड के रोला निवासी आजसू पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता ? व सोशल मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार का सड़क दुर्घटना होने से गंभीर रूप से घायल हो गया। इस अत्यंत दुःखद सूचना मिलते ही रामगढ़ विधानसभा के समाजसेवी पीयूष चौधरी उनके आवास पहुंचकर हाल चाल जाना। वही अच्छे से समय समय पर दवा लेने ओर परहेज करने की बात कहे। उन्होंने कहा कि घटना भगवान के विधि का विधान कहा। होनी को कोई टाल नहीं सकता है।आज जो दुःख हुआ है ये भगवान के मजी से हुआ है इसलिए हमे दुःख से कुछ सीखने की आवश्यकता है। भगवान की कृपा था कि हल्की चोट ओर जख्मी हुए है। ईश्वर की कृपा से आप बहुत जल्दी स्वस्थ हो जाएंगे।

## संकट मोचन मंदिर में 24 घंटे का अखंड कीर्तन का हुआ आयोजन



**पतरातू।** पतरातू थर्मल पोस्ट ऑफिस के समीप स्थित संकट मोचन मंदिर में गुरुवार दोपहर 1:00 बजे से 24 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। इस संदर्भ में मंदिर के पुजारी गिरीश पांडे ने बताया कि इस 24 घंटे के अखंड कीर्तन में आसपास के श्रद्धालु भाग ले रहे हैं और जितने भी श्रद्धालु जो अभी तक नहीं पहुंचे हैं इस अखंड कीर्तन में भाग लेकर धर्म के भागी बने। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म से जुड़े हर व्यक्ति को इस तरह के आयोजन में भाग लेकर सनातन धर्म का प्रचार प्रसार करना चाहिए। आयोजन समिति के द्वारा इस अखंड कीर्तन में महाभोग की भी वयवस्था किया गया है। ज्ञात हो कि यह 24 घंटे का अखंड कीर्तन निरंतर चलता रहता है जिसमें कीर्तन मंडली के द्वारा कीर्तन तथा हरे राम हरे कृष्णा की जय कारों के साथ यह कीर्तन अखंड रहता है।

**भाजपा की समीक्षा बैठक आयोजित**

## विधानसभा चुनाव में हार से कार्यकर्ता निराश है हताश नहीः सुनीता सिंह

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**लोहरदगाः** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष मनीर उराँव की अध्यक्षता में गुरुवार को विधानसभा चुनाव में एनडीए प्रत्याशी को मिली हार को लेकर समीक्षा बैठक की गई ।बैठक में मुख्य रूप उपस्थित प्रदेश मंत्री सह जिला प्रभारी सुनीता सिंह ने कहा कि इस विधानसभा चुनाव में हमे उम्मीद के अनुरूप रिजल्ट नही मिले ।जनता ने हमे जो अपना मत दिया है हम उनका शुक्रिया अदा करते है ।भाजपा एवम अन्य सहयोगी कार्यकर्ता चुनाव में कड़ी मेहनत किये,परन्तु हमे हार मिली ।इससे कार्यकर्ता निराश जरूर है पर हताश नही ।उन्होंने कहा कि हम अगले पांच साल दुगुनी उत्साह के साथ छेत्र में लोगो की समस्यों को समाधान करने की दिशा में कार्य करते रहेंगे और जनता का दिल जीतेंगे ।जिला अध्यक्ष मनीर उराँव ने कहा कि जीत हार सिक्के के दो पहलू है ।इससे घबड़ाने के बजाय हम अपनी कमियों को दूर कर दुगुनी शक्ति से संगठन को मजबूत करने एवम लोगो के बीच सेवा कार्य करने की प्रेरणा से कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है वह करती है ।हम जनता से किये वादों को लेकर पुनः उनके बीच जाएंगे ।ओम सिंह ने कहा कि हम विधान सभा के एक-एक बूथ की समीक्षा कर रहे है ।कार्यकर्ताओ में उत्साह की कमी नही है ।चुनाव में हार जीत लगी रहती है ।आगामी विधानसभा चुनाव में जीत के लिए हम सभी कार्यकर्ता अभी से तैयारी में जुटे रहेंगे ।बैठक में पूर्व सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल , उपाध्यक्ष नवीन कुमार टिंकू, अजय पंकज, हर्षनाथ महतो, अनिल उराँव,महामंत्री पशुपति नाथ पारस, संजय कुमार,सामेला भगत, मीना बाखला,सरस्वती देवी, अशोक साहू,राजेन्द्र महतो, बालकृष्णा सिंह, कृष्णा मोदी, बाल्मीकि कुमार ,मिथुन तमेडा, पंकज कुमार भारती, यदुनंदन तिवारी, विश्वजीत भारती, सचिन कुमार ,सत्यम कुमार, टीपू खान, राजकुमार मुंडा,विवेक चौहान सुरेश बैठा,प्रकाश नायक लक्ष्मी नारायण भगत मीनाक्षी देवी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## लोहरदगा में कल्याण विभाग के हेड क्लर्क को घुस के ?50 हजार लेते रंगे हाथ एसीबी की टीम ने लिया हिरासत में

**लोहरदगा।** लोहरदगा मे कल्याण विभाग के हेड क्लर्क राजेंद्र उरांव को एसीबी की टीम ने 50 हजार रुपए घुस लेते किया गिरफ्तार. एक कब्रिस्तान की चार दिवारी के पेमेंट निकासी मामले में इमरान खान से ?70000 घूस का किया था डिमांड. घुस के ?50000 लेते एसीबी की टीम ने किया गिरफ्तार. किस्को प्रखंड के चरहु गांव मे 24 लाख की योजना से कब्रिस्तान चारदिवारी का कार्य किया गया है. 24 लाख रुपए की योजना मे ऑफिस खर्चा के नाम पर 8 प्रतिशत का डिमांड किया था. इमरान खान की शिकायत पर एसीबी की टीम ने गिरफ्तार कर रांची ले गए ले गई.

## विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, सबका मोहा मन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**लोहरदगाः** ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम स्कूल कुटमू में कला सह विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन विद्यालय परिसर में किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कि पूर्व जिला मंत्री छबि सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में नूतन कच्छप उपस्थित थी जिनका स्वागत बच्चों के द्वारा पुष्प का पौधा देकर किया गया विद्यालय परिसर में कक्षा पांचवी के बच्चों द्वारा हृदय संरचना ऐसीड रेन कक्षा चतुर्थ के विद्यार्थियों द्वारा रोड एक्सीडेंट सेंसर कैटल प्रोटेक्शन फ्रॉम फायर हाइड्रोलिक लिफ्ट मॉडल को अभिभावक टकटकी लगाकर देख रहे थे वही कक्षा नर्सरी से लेकर यू केजी के छात्र - छात्राओं के नन्हे हाथों के द्वारा बनाए गए क्राफ्ट ने सबका मन मोह लिया पूरा विद्यालय परिसर बच्चों के अद्भुत रचनात्मक गतिविधियों एवं कल्पनाशीलता से भरा पड़ा था. बच्चे अपने-अपने मॉडल के बारे में दर्शकों को विस्तार से समझा रहे थे. बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था. विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी में एक से बढ़कर एक मॉडल बनाए गए मुख्य अतिथि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कि पूर्व जिला मंत्री छबि सिंह ने कहा कि इस तरह की प्रदर्शनी से बच्चों की प्रतिभा निखरकर सामने आती है और इससे बच्चे देश को एक नई दिशा देने में सक्षम हो पाते हैं. आज के बदलते हुए परिदृश्य में विकसित भारत के निर्माण के लिए विद्यालयों में ऐसी प्रदर्शनी का होना अति आवश्यक है. प्रदर्शनी में बच्चों ने बहुत मेहनत कि है और वो दिन दूर नहीं जब इस छेत्र से बच्चे आगे चल कर देश के लिए नए नए अविष्कार कर देश का नाम आगे बढ़ाएंगे प्रदर्शनी में अभिभावकों कि उपस्तिथि से विद्यार्थी भी बड़े उत्साहित नजर आए कार्यक्रम को सफल बनाने में अभिभावक विद्यालय कि शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

## विश्व मृदा दिवस के अवसर उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुआ कार्यक्रम का आयोजन



**रामगढ़।** रामगढ़ समाहरणालय बी -ब्लॉक सभागार में विश्व मृदा दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में उपविकास आयुक्त रामगढ़ रोबिन टोप्पो ने फसल उत्पादन में मृदा के महत्व, मृदा परीक्षण का महत्व तथा मृदा संरक्षण के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी उपस्थित कृषकों को दी। कृषि विशेषज्ञ मनोज कुमार तथा एसटीएल प्रभारी लोकेश कुमार ने मृदा नमूना संकलन की विधि तथा सूक्ष्म पोषक तत्वों की जानकारी कृषकों को दी। इस कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त द्वारा 51 किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उप परियोजना निदेशक आत्मा रामगढ़ सहायक तकनीकी प्रबंधक, रामगढ़ तथा जिला के सभी प्रखंडों के कृषक एवं कृषक मित्र उपस्थित थे।

## संभल घटना की जांच सुप्रीम कोर्ट के जज एवं एक आयोग बनाकर होनी चाहिए, लोहरदगा लोकसभा सांसद सुखदेव भगत

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को संभल जाने से रोके जाने पर लोहरदगा लोकसभा सांसद सुखदेव भगत ने गुरुवार दोपहर 2:30 कहा कि वे अकेले वहां जाना चाहते हैं। तो क्या कानून व्यवस्था इसकी इजाजत नहीं दे सकती? राहुल गांधी वरिष्ठ नेता है -- और वह शोकाकुल परिवार से मिलना चाहते हैं। वह उनसे मिलना चाहते हैं क्योंकि वह देश में सद्भाव बनाऐ रखना चाहते हैं सबसे पहले वहां ,(संभल में) प्रशासनिक अधिकारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए ।वे सरकार के उपकरण के रूप में काम कर रहे हैं। वहां के हालात के लिए एसपी और डीएम जिम्मेदार है ।इसकी सुप्रीम कोर्ट के जज से जांच होनी चाहिए, एक आयोग बनाकर जांच होनी चाहिए।

## सुदिव्य कुमार सोनू को मंत्री बनाये जाने पर लौहवंशी समाज मे हर्ष

**लोहरदगाः** झारखंड सरकार में गिरिडीह से झमुमो के विधायक सुदिव्य कुमार सोनू को मंत्री बनाये जाने पर लौहवंशी समाज में हर्ष का माहौल है। समाज के जिलाध्यक्ष दीपक कर्माकर ने कहा है कि झराखण्ड की हेमन्त सरकार ने हमारे समाज का मान बढ़ाया है। सुदिव्य कुमार सोनू झाराखण्ड के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। मंत्री बनाये जाने पर समाज के अमरेश विश्वकर्मा, वरुण विश्वकर्मा , जगदीश विश्वकर्मा ,उषा विश्वकर्मा , सृष्टि ,दृष्टि, रुचिर मृगेंद्र आदि ने बधाई दी है।

**रामगढ़ में बंगलादेश के खिलाफ लोगों का फुटा गुस्सा हिन्दू संत को रिहा करने की मांग**

# बांग्लादेशी हिन्दूओं पर हमला के खिलाफ रामगढ़ में विशाल जन आक्रोश रैली का हुआ आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।






**रामगढ़।** बंगलादेश में हिन्दुओं पर लगातार हो रहे हमला के खिलाफ बृहस्पतिवार को रामगढ़ में राष्ट्रीय सनातन समाज ने विशाल जन आक्रोश रैली और जनसभा का आयोजन किया। जन आक्रोश रैली में रामगढ़ जिले के सभी प्रखंडों के हजारों सनातनी महिला पुरुष शामिल हुए।इस आक्रोश रैली और जनसभा में सभी हिन्दू संगठन मठ मंदिर,अखाड़ा समिति और इस्कॉन संस्था ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आक्रोश रैली रामगढ़ के सिद्धू कान्हु मैदान से प्रारंभ होकर सुभाष चौक में समापन हुआ। सुभाष चौक स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण जनसभा हुआ। महिलाएं हाथ में तख्ती लेकर बंगलादेश के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए हिन्दूओं पर अत्याचार बंद करने का आह्वान किया। इस दौरान बंगलादेश होश में आओ अल्पसंख्यक हिन्दूओं पर हमला बंद करो, इस्कॉन के ब्रह्मचारी चिन्मय कृष्ण दास प्रभु को रिहा करो,सहित कई उद्घोष लगाया गया। ज्ञात हो कि बंगलादेश में अल्पसंख्यक हिन्दूओं पर हो रहे लगातार अत्याचार,हत्या, हिन्दू महिलाओं के साथ रेप और हिन्दू साधुओं कि गिरफ्तारी की जा रही है। लोगों ने भारत सरकार सहित भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बंगलादेश के हिन्दूओं पर हमला मामले में हस्तक्षेप करे।और हिन्दूओं को सुरक्षा प्रदान किया जाय। हजारों की संख्या में सनातनी इस कार्यक्रम में शामिल हुए और हिन्दू एकजुटता का परिचय देने पर राष्ट्रीय सनातन समाज सभी का आभार व्यक्त किया। मौके पर प्रभात अग्रवाल, छोटू वर्मा, अनामिका श्रीवास्तव,कुश कुमार, विशाल जयसवाल, महेंद्र ठाकुर, भागीरथ पोद्दार,मनोज पोद्दार, पीयूष चौधरी,विशु रजवार, राहुल कुशवाहा, कुंदन कुशवाहा, उज्जवल चक्रवती,बबलु साव ,रामा करमाली,गौतम महतो सहित अन्य शामिल थे।

## जिला कृषि प्रांगण लोहरदगा में विश्व मृदा स्वास्थ्य दिवस सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया




**लोहरदगा ।** जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत उपस्थित हुए इस कार्यक्रम में सभी प्रखंडों से आए लगभग 60 प्रगतिशील किसान एवं महिला कृषकों को विश्व मृदा दिवस की प्रतिज्ञा (शपथ) उप विकास आयुक्त द्वारा दिलाया गया। कार्यक्रम में आदरणीय अतिथि महोदय द्वारा सॉइल हेल्थ कार्ड जांच के महत्व के बारे में बताया गया झारखंड के किसानों के पास छोटे आकार में खेतों की उपलब्ध रहने के कारण किसानों को अनुशंसित मात्रा के अनुरूप ही खाद का उपयोग करने, किसानों को समूह में खेती करने पर जोर दिया गया एवं ऑर्गेनिक से अपने उपज उत्पादन करने एवं मार्केट आधारित ऑर्गेनिक उत्पाद की आवश्यकता पर बताया गया मार्केट लिंकेज पर बल दिया गया मुख्य अतिथि के द्वारा 10 कृषकों को सोएल हेल्थ कार्ड वितरित किया गया। इस मौके पर कृषकों से संवाद भी किया गया। कार्यक्रम मे स्वस्थ धरा से उत्तम अन्न मिलेगा पर चर्चा किया गया। इस विश्व मृदा दिवस पर स्वस्थ व पोषक तत्वो से भरपूर मृदा सुनिचित करने के अनेक उपाय बताया गया। सहायक निदेशक CIPMC, RANCHI श्रीमति प्रीति कुमारी, जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो, जिला मत्स्य पदाधिकारी जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी उप परियोजना निदेशक विभिन्न एफपीओ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बांग्लादेश में हिंदूओं पर हो रहे हमले जल्द रोके जाएंः विहिप

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची।** हिंदू सनातन धर्म के सैकड़ों लोगों ने गुरुवार को बापु वाटिका से पैदल मार्च शुरू किया. सभी पैदल मार्च करते हुए रेडियम रोड होते हुए जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम पहुंचे. यहां पर उपायुक्त कार्यालय को हिंदू पर हो रहे हमले को रोकने का लिए आवेदन सौंपा गया. लोगों ने कहा कि बांग्लादेश में रहने वाले स्थानीय हिंदू को सुरक्षा प्रदान किया जाए. उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समाज पर हमले हो रहे हैं. उनके मंदिरों को निशाना बनाया जा रहा है. पुरोहित पर गलत आरोप लगाकर उन पर अत्याचार किया जा रहा है. इसे जल्द रोका जाना चाहिए.

**बांग्लादेश में सैनिक उतारकर सबक सिखाने की जरूरत**

विश्व हिन्दू परिषद के क्षेत्रीय मंत्री बिहार झारखंड के बिरेंद्र बिमल ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू उत्पीड़न की घटना हो रही है. इसे जल्द रोका जाना चाहिए. यह भारत की भूमि रही है. बांग्लादेश का इतिहास भारत का इतिहास रहा है. इन्हें बनाने में भारत की भूमिका है. झारखंड के बलिदानी वीर अल्बर्ट एक्का बांग्लादेश के निर्माण में शहीद हुए थे. आज बांग्लादेश में हिंदूओं पर अत्याचार हो रहा है. भारत का एक सौ दस करोड़ हिंदू **समाज आक्रोशित और आंदोलित है. बांग्लादेश भारत के तीन छोर से घिरा हुआ है.झारखंडी पर्यटन स्थल** अगर उन्हें लगता है कि बांग्लादेश के हिंदूओं पर अत्याचार कर के बच जाएगा तो उसका भूल साबित होने वाला है. न भारत की पावन भूमि है. बांग्लादेश माता धाकेशरी की भूमि है. वहां से भारत सेवा आश्रम के निमार्ता स्वामी परवानंद बांग्लादेश से ही निकले थे. मतुवा समाज आज बांग्लादेश का एक बहुत बड़ा हिंदू समाज है. उसके संस्थापक स्वामी हरीशचंद्र बांग्लादेश के थे. ऐसी पावन भूमि पर अत्याचार आज भारत में हिंदू समाज को कष्ट दे रहा है. यहां पर आक्रोश बढ़ रहा है. विश्व के हिंदू समाज बंगलादेश में हो रहे अत्याचार को रोकने के लिए एक होने की जरूरत है.

**हिंदुओं पर हो रहा अत्याचार बंद हो**

प्रदर्शन में शामिल लोगों ने कहा कि भारत से पानी, खाद्य सामग्री पर रोक लगाना चाहिए. ताकि हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को जल्द रोका जा सकता है. मौके पर उतम यादव, भैरो सिंह, राजीव कुमार बिटु, मिथलेशर मिश्र, बिरेंद्र सिन्हा, धीरज सिंह, सुजित कुमार सिंह, अशोक पुरोहित, विष्णु जालान, किशन साबु, अमन पुरोहित, धीरेंद्र कुमार व मुनचु राय समेत अन्य शामिल थे.

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ ब्राह्मण महासंघ ने की न्याय व सुरक्षा की मांग

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची।** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचारों को लेकर शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ ने गंभीर चिंता व्यक्त की है. महासंघ ने इसे न केवल मानवाधिकारों का उल्लंघन, बल्कि सनातन धर्म और संस्कृति पर संगठित हमला करार दिया. महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक उपाध्याय ने कहा कि बांग्लादेशी हिंदुओं को योजनाबद्ध तरीके से कमजोर किया जा रहा है. मंदिरों को तोड़ा जा रहा है. घरों को जलाया जा रहा है और बहन-बेटियों की अस्मिता को निशाना बनाया जा रहा है. यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है और इसका ठोस समाधान आवश्यक है. हिंदू समाज की सुरक्षा और सम्मान को सुनिश्चित करना हमारा नैतिक दायित्व है.

**महासंघ पूरी प्रतिबद्धता के साथ हिंदुओं की रक्षा के लिए खड़ा है**

उन्होंने आगे कहा कि महासंघ पूरी प्रतिबद्धता के साथ हिंदुओं की रक्षा के लिए खड़ा है और इस मुद्दे पर भारत सरकार को तुरंत कूटनीतिक हस्तक्षेप करना चाहिए. राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के बातों का समर्थन किया. महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव आचार्य कृष्ण ने कहा कि भारत सरकार को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर यह मामला उठाना चाहिए और बांग्लादेशी हिंदुओं के अधिकारों और सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए. उन्होंने कहा कि यदि आवश्यकता हो, तो भारत को इजराइल की तरह मजबूत नीति अपनाकर हिंदुओं को सुरक्षित भारत लाने की व्यवस्था करनी चाहिए.

**यह सनातन धर्म व संस्कृति के अस्तित्व के लिए चुनौतीः आचार्य**

आचार्य कृष्ण ने कहा कि यह केवल बांग्लादेश तक सीमित समस्या नहीं है, बल्कि यह सनातन धर्म और संस्कृति के अस्तित्व के लिए चुनौती है. महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव आचार्य कृष्ण, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, स्वामी दिव्यज्ञान, चतुर्भुज शर्मा, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष मनोज मिश्र, बिहार प्रदेश अध्यक्ष सतीश पांडेय,अशोक मिश्र,सीताराम पाठक ने भी अध्यक्ष के बयान का समर्थन किया. कहा कि यह समय एकजुट होकर सनातन धर्म की रक्षा का है. महासंघ ने भारत सरकार से इस विषय पर ठोस कार्रवाई करने और हिंदू समाज से संगठित होकर इस संकट का सामना करने की अपील की है.

# अर्चा साहित्य कला अकादमी संगीत का समागम 8 को

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची।** अर्चा साहित्य कला अकादमी के बैनर तले आठ दिसंबर सुबह 11 बजे रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट ऑडिटॉरियम मोरहाबादी रांची में आयोजित होना है. इसमें झारखंड राज्य से 108 कलाकार हिस्सा लेंगे. 15 रविंद्र संगीत एक मंच पर प्रस्तुत की जाएगी. इसमें महिला और पुरुष दोनों कलाकार मौजूद रहेंगे. 15 गानों को 7 मेंटरों ने मिलकर बनायी है. यह जानकारी अर्चा साहित्य कला अकादमी के चेयरमैन डॉ पंपा सेन विश्वास, सरोज प्रसाद, दीप्ती शिखा गुहा और अखिलेश कुमार ने लालपुर के सीटी पैलेस में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा. उन्होंने कहा कि यह **कार्यक्रम झारखंड में पहली बार हो रहा है.झारखंडी पर्यटन स्थल**

वहीं कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री संजय सेठ, रांची विश्ववि?द्यालय की कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, प्रोफेसर डॉ अमिताभ मुखर्जी, पूर्व सीएमडी एचईसी अभिजीत घोष, पूर्व अध्यक्ष एफ जेसीसीआई कुणाल आजमानी व बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष सि?द्धार्थ घोष औ? प्रदीर लाहिड़ी मुख्य अतिथि रहेंगे.

**ये मेंटर रहेंगे मौजूद**

लिली मुखर्जी, अपराजिता भ?ट्टाचार्य, कुमकुम बनजी, डॉ. पंपा सेन विश्वास, परोमिता चौधरी, अपस्पा चौधरी, रुमकी दास प्रसिद्ध रवींद्रसंगीत गुरु प्रणति लाहिड़ी शामिल हैं. कलाकारों का परिधान साड़ी और पजामा कुर्ता एक ही कलर का होगा. सभी कलाकारो को अंग वस्त्र, सर्टीफिकेट औ? मोमेंटम देकर सम्मानित किया जाएगा.

# विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी ने दाल भात केंद्र के संचालकों के साथ की बैठक



**रांची।** समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय में विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी मोनी कुमारी ने दाल भात केंद्र के संचालकों के साथ बैठक की. बैठक में मोनी कुमारी ने संचालकों को दाल भात केंद्र खोलने के समय, वहां दिए जाने वाले भोजन संबंधित समीक्षा की. मौके पर सभी संचालकों ने अपनी समस्या से विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी को अवगत करवाया, जिसपर मोनी ने उनके समस्या को समाधान करने की बात कही. बता दें कि रांची अनुभाजन के 12 दाल भात केंद्र संचालित हैं, जहां 5 रुपए में भोजन की व्यवस्था है.

# अमित कुमार अग्रवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर हाई कोर्ट में सुनवाई पूरी, आदेश सुरक्षित




**रांची।** सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध खरीद बिक्री मामले में आरोपी अमित कुमार अग्रवाल की ओर से अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को हुई. मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद हाई कोर्ट की खंडपीठ ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया है. प्रार्थी की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा एवं हाई कोर्ट के अधिवक्ता रोहित रंजन सिन्हा, अभिषेक अग्रवाल और अमृता सिन्हा ने पैरवी की. प्रार्थी की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि उनकी गिरफ्तारी 7 जून 2023 किस कारण हुई थी इसकी जानकारी लिखित रूप में ईडी ने उन्हें नहीं दी गई थी , इसलिए उनका डिटेंशन अवैध है इसलिए उन्हें मामले से रिहा किया जाए. बता दें कि कि मामले में ईडी द्वारा अमित कुमार अग्रवाल खिलाफ ईसीआईआर 1/2023 दर्ज किया है. इसमें अमित कुमार अग्रवाल, छवि रंजन सहित 10 आरोपियों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है. जमीन खरीद बिक्री मामले को लेकर बरियातू थाना में अमित अग्रवाल, छवि रंजन आदि के खिलाफ कांड संख्या 141 /2022 दर्ज किया गया है.

# झारखंड आंदोलनकारियों को बड़ा तोहफा, सीएम ने 30वीं संपुष्ट सूची को दी मंजूरी



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य की बागडोर संभालने के साथ एक्शन मोड में आ चुके हैं . उन्होंने गुरुवार को नई सरकार के मंत्रियों के शपथ ग्रहण के साथ झारखंड आंदोलनकारियों को बड़ा तोहफा दिया. मुख्यमंत्री ने झारखंड आंदोलनकारी चिह्नितिकरण आयोग द्वारा चिह्नित 299 आंदोलनकारियों की 30वीं संपुष्ट सूची को मंजूरी प्रदान कर दी है. इनमें 144 चिह्नित आंदोलनकारी या उनके आश्रित को 3500 रुपए, जबकि एक आंदोलनकारी को 7 हजार रुपए मासिक पेंशन मिलेगी. वहीं, 154 आंदोलनकारियों को प्रतीक चिह्न व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा. इन सभी को 20 अप्रैल 2021 की तिथि से सरकार द्वारा अनुमान्य सभी सुविधाएं दी जाएंगी.

# जेएसएससी-सीजीएल परिणाम पर भाजपा हमलावर, कहा - छात्रों के भविष्य के साथ क्रूर मजाक

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची।** जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा परिणाम को लेकर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है. भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने इसे छात्रों के भविष्य के साथ ह्लक्रूर मजाकह्व करार दिया है . कहा कि यह हेमंत सोरेन सरकार की उदासीनता और अहंकार को दशार्ता है. हमने उम्मीद की थी कि भारी जनादेश के साथ यह सरकार छात्रों और युवाओं के प्रति अधिक संवेदनशीलता दिखाएगी. लेकिन इसके बजाय, सरकार का रवैया अहंकारी और गैर-जिम्मेदाराना होता जा रहा है. सरकार ने निष्पक्ष जांच का वादा किया था, लेकिन बिना किसी उचित प्रक्रिया और जांच के परिणाम जारी करना इस सरकार की लापरवाही का परिचायक है.

**कई रोल नंबर पहले हो रहे थे वायरल**

साह ने सोशल मीडिया पर वायरल एक संदेश का जिक्र करते हुए कहा, ह्लपरिणाम से पहले एक वायरल संदेश में दो विशेष रोल नंबर का उल्लेख था और परिणामों में वही रोल नंबर दिखाई दिए हैं. भाजपा इस संदेश की सत्यता की पुष्टि नहीं करती, लेकिन जब लाखों छात्रों के भविष्य का सवाल है, तो इस संदेश समेत सभी संबंधित तथ्यों की गंभीरता से जांच होनी चाहिए.ह्व जब यह मामला न्यायालय में ले जाया गया है, तो न्यायालय के निर्णय का इंतजार किए बिना परिणाम जारी करना न केवल असंवैधानिक है, बल्कि छात्रों के अधिकारों का हनन भी है. यह भी स्पष्ट है कि परिणाम ऐसे समय में जारी किया गया, जब चुने हुए प्रतिनिधि मंत्रिमंडल विस्तार में व्यस्त थे. पार्टी इस मुद्दे को सदन में उठाएगी.

# हटिया चौक के पास ट्रक सड़क पर पलटा, कोई हताहत नहीं




**रांची।** राजधानी रांची के हटिया चौक के नजदीक सड़क पर एक ट्रक पलट गया है, जिसके कारण आवागमन प्रभावित हुआ है. हालांकि ट्रक के पलटने से किसी भी प्रकार की कोई हताहत की सूचना नहीं है. बताया जाता है कि ट्रक में सामान लदा हुआ है.

# रांची में 14 दिसंबर से युवा महोत्सव, 12 दिसंबर तक प्रतिभागी कर सकेंगे पंजीकरण

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची।** गुरुवार को विकास भवन स्थित जिला खेल पदाधिकारी के कार्यालय में रांची जिला और प्रमंडल स्तरीय युवा महोत्सव 2025 के लिए एक बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार सिंह ने की, जिसमें नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी रौशन कुमार, गौरव अग्रवाल, अनुभव चक्रवर्ती, कौशल किशोर, जिला खेल समन्वयक आशीष कुमार बनर्जी और जिला पर्यटन विशेषज्ञ रोशन कुमार भी उपस्थित थे. बैठक में झारखंड खेल एवं युवा कार्य विभाग द्वारा 14 दिसंबर से आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव की तैयारियों पर चर्चा की गई. बताया गया कि 14 दिसंबर को रांची में जिला स्तरीय और 16 दिसंबर को प्रमंडल स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन ऑड्रे हाउस में किया जाएगा. इस महोत्सव में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें सामूहिक लोकनृत्य, सामूहिक लोकगीत, एकल लोकनृत्य, एकल लोकगीत, चित्रकला, भाषण, विज्ञान मेला (एकल), कहानी लेखन, कविता लेखन, विज्ञान मेला (सामूहिक), फोटोग्राफी शामिल हैं. प्रतिभागियों को इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए 12 दिसंबर तक विकास भवन स्थित जिला खेल कार्यालय में पंजीकरण कराना होगा. प्रतियोगिता के विजेताओं को आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा और सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट भी प्रदान किए जाएंगे.

# संथाल समाज की अस्मिता के लिए मांझी और जाहर थान का संरक्षण आवश्यकः बाबूलाल मरांडी



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि संथाल समाज की अस्मिता और संस्कृति उनके पवित्र पूजा स्थल जाहर थान और मांझी थान से जुड़े हैं. मरांडी गुरुवार को अपने विधानसभा क्षेत्र में इन पूजा स्थलों पर शिलान्यास के बीद मीडिया से बातचीत में कहा कि आज अपने गांव कोदईबांक के मुहाने पर मांझी थान (संताल आदिवासी समाज के पूजा स्थल) के शिलान्यास का सौभाग्य प्राप्त हुआ. संथालों का दो ही पूजा स्थल होता है, एक जाहेर थान और दूसरा मांझी थान. ये हमारे संताल समाज की पवित्र पहचान है. अगर गांव से मांझी थान और जाहेर थान समाप्त हो जाएगा, तो संथाल जाति भी समाप्त हो जाएगी. हम तभी तक संथाल हैं, जब तक हम जाहेर थान-मरांग बुरू को पूजते हैं. जाहेर थान में मरांग बुरू की पूजा संथालों की पहचान है. ठीक वैसे ही, हम पिलचु हाड़म और पिलचु बूढ़ी के वंशज हैं और उनकी आराधना करते हैं. यही हमारी जड़ें, हमारी परंपरा और हमारे संथाल होने की सबसे बड़ी पहचान है.

# कांग्रेस में टूट का खतरा, 16 विधायकों में से कई नहीं पहुंचे शपथ ग्रहण समारोह में




**रांची।** झारखंड में मंत्रीमंडल विस्तार गुरूवार को हो गया. झामुमो से छह, कांग्रेस से चार और राजद से एक विधायक ने मंत्री पद की शपथ ली. इसके साथ ही झारखंड कांग्रेस पर टूट का खतरा मंडराने लगा है. बताया जाता है कि आने वाले दिनों में कांग्रेस को पार्टी के तौर पर झारखंड की सत्ता में अपनी भागेदारी गंवानी पड़ सकती है. टूट का अंदेशा निराधार नहीं है. इसके संदेश शपथ ग्रहण समारोह में भी दिखा. कांग्रेस के 16 विधायकों में से अधिकांश ने समारोह से दूरी बना ली. हालांकि अभी कोई कुछ भी खुल कर बोलने को तैयार नहीं है. इनमें अधिकांश विधायक रांची में मौजूद रहें, लेकिन राजभवन नहीं पहुंचे. सूत्रों के अनुसार मान-मनौव्वल का दौर जारी है. कांग्रेस विधायकों की नाराजगी की कई वजहें हैं, पर दो वजहें प्रमुख हैं. पहली वजह यह है कि सामान्य जाति से किसी भी विधायक को मंत्री नहीं बनाया गया है. वैसे देखा जाये तो पूरे मंत्रिमंडल में सामान्य जाति से कोई मंत्री नहीं है. दीपिका पांडेय सिंह को ओबीसी माना जा रहा है. दूसरी बड़ी वजह दूसरे दल से टूट करके कांग्रेस में आने वाले विधायक को तरजीह देना बताया जा रहा है और इस सबके लिए कांग्रेस से शीर्ष नेतृत्व को जिम्मेदार माना जा रहा है. राधा कृष्ण किशोर अलग-अलग समय में दल बदलते रहे हैं. वह वर्तमान सरकार में भी मंत्री बने हैं. मंत्री पद की शपथ लेने वाले इरफान अंसारी को लेकर कहा जा रहा है कि पिछली सरकार में उन्होंने सरकार को अस्थिर करने में किस तरह के काम किये थे, वह जग जाहिर है. पार्टी ने उनके खिलाफ कार्रवाई भी की थी.

# जिला समन्वय समिति की बैठक हुआ संपन्न

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज(उजाला)** ।जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई ।बैठक में भवन निर्माण विभाग, लघु सिंचाई विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, पथ प्रमंडल, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, विद्युत आपूर्ति विभाग, वन प्रमंडल, नगर परिषद, नगर पंचायत, जेएसएलपीएस, समाज कल्याण विभाग, कल्याण विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग, जल संसाधन, स्वास्थ्य विभाग समेत कई विभागों में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई ।योजना के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं को भी लेकर चर्चा की गई ।उपायुक्त ने विधि व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जिनमें उपायुक्त ने अंतर राज्यीय चेक नाकों पर गहन परिवहन जांच करने दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। परिवहन विभाग की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने परिवहन पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहां कि वह हर दूसरे- तीसरे दिन अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर गहनता पूर्वक वाहन जांच चलाने हेतु निर्देशित किया गया ।स्वास्थ्य विभाग के समीक्षा के क्रम में बताया गया कि जिला में दिनांक 08 दिसंबर से तीन दिनों तक पल्स पोलियों का अभियान चलाया जाएगा ।भूमि संरक्षण विभाग की समीक्षा के क्रम में प्रकुलेशन टैंक निर्माण हेतु जमीन चिन्हित करने हेतु अपर समाहर्ता को निर्देशित किया गया। जिला में प्रस्तावित एकलव्य महाविद्यालय एवं मेडिकल कॉलेज निर्माण हेतु जमीन चिन्हित कर हैंड ओवर करने हेतु निर्देशित किया गया ।उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि थाना एवं मलखानो मे लंबे समय तक पड़ी वाहनों की नीलामी कर दिया जाए एवं प्रत्येक सप्ताह शनिवार को थाना दिवस के रूप में मनाया जाए जिसमें संबंधित थाना प्रभारी, अंचलाधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर लंबित मामलों को ससमय सुलझाएंगे ।बैठक में उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए योजना का सफल क्रियान्वयन करने व कार्यों में आ रही बाधाओं को दूर करते हुए योजना का क्रियान्वयन एवं विकास के कार्यों को गति प्रदान करने की बात कहीं ।समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी विभागीय योजनाओं में प्रगति की समीक्षा करते हुए दिए गए लक्ष्यों के बारे में अब तक के कार्यों की जानकारी ली ।उन्होंने कृषि पदाधिकारी को धान अधिप्राप्ति योजना के अंतर्गत 20 हजार किसानों को निबंधन करने हेतु निर्देशित किया ।वहीं नगर परिषद को निर्देशित करते हुए शहर के शेडो एरिया में हाई मास्क लाईट लगाने को कहा गया जिससे रात के समय कोई अपराधिक घटनाएं ना हो ।भवन प्रमंडल के कार्यों कि समीक्षा कर सभी कार्यों को समय अनुकूल करने हेतु कहा गया वहीं भवन प्रमंडल को राधा नगर क्षेत्र में पुलिस बैरक का निर्माण हेतु प्रस्ताव समर्पित करने को कहा गया ।वन प्रमंडल विभाग की समीक्षा कर उपायुक्त ने तालझारी प्रखंड बीपीएचयू निमार्ण हेतु एन.ओ.सी. प्रदान करने से संबंधित लंबित मामलों का ससमय निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। समाज कल्याण विभाग के समीक्षा के क्रम में जिला में निमार्णाधीन 129 आंगनबाड़ी के कार्यों कि समीक्षा की एवं कार्य को ससमय पूर्ण करने को कहा गया ।बैठक में अधिग्रहण, अतिक्रमण वाद,भूमि विवाद, राजस्व, आपदा व उनके स्तर से किए जाने वाले कार्यों पर संबंधित पदाधिकारियों के समन्वय से कार्य त्वरित गति से पूर्ण करने का निर्देश दिया गया ।स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा उपायुक्त ने निर्देशित किया कि सभी स्वास्थ्य केन्द्रों का कायाकल्प एवं मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना का लाभ लाभार्थियों को देना सुनिश्चित करेंगे। सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ सभी सुयोग्य लाभुक तक अवश्य पहुंचे व सभी प्रखंडों में दिनांक 07 दिसंबर से 10 दिसंबर तक सभी प्रखंड में आयुष्मान कैंप लगाए जाएंगे जिसमें युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा ।बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह, वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग, जिला परियोजना निदेशक ITDA संजय कुमार दास,उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, अनुमंडल पदाधिकारी साहेबगंज अंगार नाथ स्वर्णकार, अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल कपिल कुमार, अपर समाहर्ता गौतम भगत, सिविल सर्जन प्रवीन कुमार संथालिया, जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी, जिला खनन पदाधिकारी कृष्ण कुमार किस्कू, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव , जिला सुचना एवं विज्ञान पदाधिकारी उमेश कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमार हर्ष, जिला सहकारिता पदाधिकारी महादेव मुर्मू, जिला खेल पदाधिकारी पंकज झा, सभी प्रखण्डों के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सभी अंचलाधिकारी, सभी थाना प्रभारी उपस्थित थे।

## महिला के साथ दुष्कर्म, मामला दर्ज




**कोडरमा।** कोडरमा थाना क्षेत्र के डुमरियाटांड़ जंगल में एक महिला के साथ दुष्कर्म का मामला गुरुवार को सामने आया है। पीड़िता ने कोडरमा थाना में दिए गए आवेदन में बताया कि वह आंगनबाड़ी केंद्र से अपने घर बोनाकली जंगल होते हुए वापस आ रही थी। इसी क्रम पिपराघाटी सोत के समीप पहले से घात लगाए डुमरियाटांड़ निवासी संदीप सिंह मुझे पकड़कर झाड़ियों में ले गया और दुष्कर्म किया। घटना के बाद पीड़िता को धमकी देते हुए कहा कि किसी को बताई तो जान से मार देंगे और वह कपड़ा भी लेकर फरार हो गया। आरोपित घटना को अंजाम देने के बाद महिला का कपड़ा भी लेकर फरार हो गया। घटना के बाद परिजनों के द्वारा पुलिस को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सुजीत कुमार मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। प्रभारी ने बताया कि आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। उसे जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

## संजय यादव को मंत्री बनाए जाने पर राजद नेता मुन्ना यादव ने दी बधाई



**साहिबगंज(उजाला)** ।गोड्डा राजद विधायक संजय प्रसाद यादव को झारखंड मंत्रिमंडल में शामिल किये जाने पर शहर के मछुआ सोसाइटी में राजद के प्रदेश महासचिव मुन्ना यादव के नेतृत्व में राजद कार्यकर्ताओ ने आपस में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियों का इजहार किया ।इस मौके पर झारखंड राजद प्रदेश सचिव मुन्ना यादव ने मीडिया से बातें करते इंडिया गठबंधन के नेताओं को बधाई दी ।साथ ही राहुल गांधी,हेमंत सोरेन,कल्पना सोरेन,राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव तेजस्वी यादव समेत महागठबंधन के सभी नेताओं को धन्यवाद दिया ।वही मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राजद नेता मुन्ना यादव ने कहा कि गोड्डा विधायक संजय यादव के जिम्मे जो भी विभाग सरकार निर्धारित करेगी ।श्री यादव झारखंड की जनता की सेवा शत प्रतिशत खरा उतरने का प्रयास करेंगे ।मौके पर राजद जिला महासचिव सोनू यादव,नीतीश यादव,आनंद सिंह,आदित्य सिंह, छोटू यादव,प्रीतम कुमार,नीतीश यादव,विकास चौबे,मुन्ना कुरैशी, अमन सिंह समेत दर्जनों आरजेडी महागठबंधन के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## 68वीं राष्ट्रीय विद्यालय अंडर 19 कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु जिले के 02 खिलाड़ी एवं 01 टीम मैनेजर रवाना

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**साहिबगंज(उजाला)** ।स्कूल फेडरेशन ऑफ इंडिया एवम हरियाणा सरकार द्वारा आगामी 07 से 11 दिसम्बर तक हरियाणा के भिवानी शहर में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय विद्यालय अंडर 19 कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु आरती कुमारी एवम रिया कुमारी (+2 उच्च विद्यालय,कोदरजन्ना) 27 से 05 दिसम्बर तक रांची में आयोजित विशेष कैंप के उपरान्त रांची से हरियाणा के लिए रवाना हो गए ।वहीं +2 उच्च विद्यालय कोदरजन्ना, साहेबगंज के शारीरिक शिक्षक बिरेंद्र कुमार झारखंड राज्य टीम के साथ मैनेजर का दायित्व का निर्वहन करने के लिए टीम के साथ हरियाणा रवाना हुए ।उपायुक्त श्री हेमंत सती, जिला खेल पदाधिकारी पंकज कुमार झा,जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गा नंद झा, जिला ओलम्पिक संघ के राजेश यादव, माधव चंद्र घोष, कल्याण श्रीवास्तव, संतोष उर्फ टिंकू, खेल विभाग के प्रशिक्षक योगेश यादव,अशोक साहनी,निमाई चौधरी,आदित्य कुमार, बमबम कुमार प्रभारी प्रधानाध्यापिका वंदना कुमारी,सोने लाल,आलोक कुमार,चंदन कुमार, प्रणव शर्मा, तोहिद आलम, महफूज सुभाषित, कुमार, संतोष कुमार,नवनीत कुमार सोनू ,अरुण कुमार दास,गौरव झा समेत जिले वासियों ने बेहतर प्रदर्शन हेतु जिले के दोनों खिलाडियों एवं मैनेजर को शुभ कामना दी।

## कुत्ते ने छ राहगीरों को काटकर बुरी तरह किया घायल

**राजमहल/साहिबगंज(उजाला)।** गुरुवार को राजमहल थाना क्षेत्र के निबंधन कार्यालय के पास एक कुत्ते ने छ राहगीरों को काटकर बुरी तरह घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार पूर्वी नारायणपुर के चार नंबर दियारा निवासी कन्हाई सरकार (56), पूर्वी नारायणपुर निवासी तीन नंबर कॉलोनी के अर्जुन मंडल (45), शहर के बर्मन कॉलोनी के गोड़ बर्मन (49), छोटू कुमार (18) गोदारा घाट निवासी रोहन घोष (18), मंगल हाट के (50) अपने अपने काम से वहां से गुजर रहे थे। इसी दौरान अलग-अलग समय में इन सभी को आवारा कुत्ते ने काटकर घायल कर दिया। सभी घायलों का इलाज अनुमंडल अस्पताल में किया गया।

## राष्ट्रीय सूचना अधिकार एवं अटैक ऑन करप्शन एसोसिएशन ऑफ इण्डिया का झारखंड प्रांतीय अध्यक्ष बना



**साहिबगंज(उजाला)** ।तालझारी प्रखंड के बड़ी भगियामारी सकरीगली निवासी रणधीर प्रसाद चौरसिया को राष्ट्रीय सूचना अधिकार (आजाद मिशन एसोसिएशन) एवम् अटैक ऑन करप्शन एसोसिएशन ऑफ इण्डिया का झारखंड प्रांतीय अध्यक्ष बनाया ।जिसकी जानकारी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा ने पत्र जारी कर कहा ।राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा ने कहा कि संगठन हमेशा राष्ट्र की बेहतरी एवम् उन्नति के हित में कार्य करता हैं तथा समस्या ग्रस्त व्यक्तियों की आवाज उठाता हैं,संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवम् अन्य पदाधिकारियों के निर्देश एवम् संगठन की नीतियों,कार्यक्रमों एवम् जरूरतमंदों की आवाज को जन-जन तक पहुँचाने, संगठन विस्तार एवम् प्रचार-प्रसार हेतु युद्ध स्तर पर कार्य कर रहा है ।उन्होंने रणधीर प्रसाद चौरसिया को सदस्यता अभियान चलाकर संगठन को गतिशील बनाने की दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया।

## नगर थाना क्षेत्र के कॉलेज रोड के समीप बम फटने से स्थानीय ग्रामीणों में दहशत का माहौल, जांच में जुटी पुलिस

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज(उजाला)** ।नगर थाना क्षेत्र के कॉलेज रोड के समीप स्थित अलीनगर में बुधवार की देर रात तेज आवाज के साथ बम फटने की सूचना पर दहशत फैल गई। ग्रामीणों के अनुसार अज्ञात लोगों ने बम फोड़ा जिससे तेज आवाज से लोग सहम गए ।वही घटना देर रात तकरीबन 12 बजे घटित है, जिससे वहां काफी देर तक भय और अफरातफरी माहौल रहा। मामले को लेकर मोहल्ले के आधा दर्जन से अधिक लोगों ने इसकी लिखित शिकायत नगर थाना में की है। मिली शिकायत के आधार पर पुलिस मामले की छानबीन में शुरू कर दी है। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार महतो की अगुवाई में पुलिस टीम घटनास्थल में पहुंचकर मामले की छानबीन की। मोहल्ले के मो. रजाक एवं मो. सफीउल्लाह ने बताया कि बीती रात तकरीबन 12 बजे घर की खिड़की पर तेज रोशनी के साथ एक जोरदार धमाका की आवाज सुनाई पड़ी। जिसे वेलोग काफी भयभीत हो गए। कुछ देर बाद उन लोगों ने हिम्मत जुटाकर जब वहां छानबीन किया तो पाया कि वहां कोई बम को फोड़ा गया था, हालांकि इस घटना में किसी प्रकार का जानमाल का नुकसान नहीं हुआ लेकिन इस घटना से मोहल्ले के लोग काफी भयभीत हैं। बताया कि दीपावली के दौरान भी कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा उन लोगों के घर की खिड़की पर रखकर एक बम को फोड़ा गया था, उस समय भी वेलोग काफी भयभीत हुए थे। इधर पुलिस के अनुसार मिली शिकायत पर मामले की छानबीन में शुरू कर दी गई है। मोहल्ले में लगे सीसीटीवी को ढूंढा जा रहा है, ताकि उसके सहारे वैसे असामाजिक तत्वों की खोज कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

## 5 जनवरी से टाउन हॉल पोखरिया में लगेगा शिल्प उत्सव मेला




**साहिबगंज(उजाला)** ।शहर के पोखरिया टाउन हाल मैदान में शिल्प उत्सव मेला 5 जनवरी से 24 जनवरी तक चलेगा ।जिसकी जानकारी महिला विकास सेवा केंद्र के बाजार संयोजक सुधीर शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा ।उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा समाज के गरीब महिलाओं, दलितों,पिछडे बर्ग के हस्तशिल्पियों तथा उद्यमियों को अपने उत्पाद को प्रदर्शित एवं बिक्री करने का मौका देती है ।उन्होंने बताया कि मेला में देश के विभिन्न राज्यों के शिल्पकार अपनी कला का प्रदर्शनी एवं लगभग 30 से 40 दुकान लगेंगे। जिसमें उन्हें नया बाजार मिलेगा एवं अपना जीवनयापन सही प्रकार से कर पायेंगे साथ ही इस पहल से बेरोजगारी की समस्या का निदान हो पायेगा ।इस बाजार में लगभग सभी शिल्पकार भारत वस्त्र मंत्रालय द्वारा रजिस्टर्ड है।

## कर्मचारी संघ के साहिबगंज शाखा के कार्यालय का हुआ शुभारंभ



**साहिबगंज(उजाला)** ।गुरुवार को झारखंड पुलिस चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी संघ के साहिबगंज शाखा के कार्यालय का शुभारंभ कार्यालय परिसर में हुआ। इसका उद्घाटन जिले के एसपी सह प्रभारी जैप कमांडेंट अमित कुमार सिंह नारियल फोड़ने के बाद फिता काटकर किया। इस दौरान कर्मचारी संघ के शाखा अध्यक्ष पंकज ठाकुर की अगुवाई में पूजा अर्चना भी की गई। दरअसल झारखंड पुलिस चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी संघ के सहायक की कार्यालय के निर्माण को लेकर तकरीबन 7 - 8 साल पूर्व इसकी आधारशिला तत्कालीन जप कमांडेंट हरिनारायण महली ने रखी थी। बाद में संघ के सदस्यों के सहयोग सेधीरे-धीरे इस कार्यालय का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया। इस मौके पर संघ के शाखा अध्यक्ष पंकज ठाकुर ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इस कार्यालय का शुभारंभ होने से कर्मचारियों का वर्षों का सपना पूरा हो चुका है। संघ के सदस्य अब यहां बैठकर अपनी समस्याओंसे संघ के बढ़िया पदाधिकारी को अवगत करा सकेंगे, ताकि उन समस्याओं को विवाह के बढ़िया पदाधिकारी के समक्ष रखा जा सके। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए यह सौभाग्य की बात है कि कार्यालय का उद्घाटन जिले एसएसपी सह प्रभारी जैप कमांडेंट के कर कमलों के द्वारा हुआ है। कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद जिले के एसपी सह जैप कमांडेंट अमित कुमार सिंह ने कहा कि यह कार्यालय विभाग के कर्मचारी के लिए एक महत्वपूर्ण स्थल है। यहां से संघ के पदाधिकारी जो भी समस्याओं को विभाग के बड़े पदाधिकारी के समक्ष रखेंगे उनके समाधान के लिए वे लोग उसे उचित फार्म पर रखकर उनकी समस्याओं का समाधान करवाने का पूरा पूरा प्रयास करेंगे। मौके पर बतौर अतिथि संघ के प्रदेश अध्यक्ष बलराम ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष कपिलेश्वर गोप और दिलीप गुप्ता, प्रदेश संगठन मंत्री विशाल चौधरी, प्रदेश संयोजक लक्ष्मण कुमार, प्रदेश संयुक्त मंत्री सुनील मालदी, शाखा मंत्री जीतन किस्कू, शाखा कोषाध्यक्ष विजय ठाकुर, संयुक्त मंत्री जयप्रकाश सुमन, संगठन मंत्री कृष्ण कुमार दोपायन, मुख्यालय प्रतिनिधि मनोज यादव समेत संघ के अन्य सदस्य भी मौजूद थे।

# बरहरवा आरपीएफ ने पाँच नाबालिक बच्चों को तस्करो के चंगुल से कराया मुक्त,एक गिरफ्तार

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**साहिबगंज(उजाला)।** बरहरवा आरपीएफ ने नाबालिग बच्चों को बहला फुसलाकर श्रम कार्य कराने वाले एक तस्कर हिरासत में लेते हुए पाँच नाबालिक बच्चों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराने में सफलता हासिल की है। इसकी जानकारी देते हुए आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बुधवार को मानव तस्करों के संबंध में सूचना मिली थी कि कुछ नाबालिग लड़कों को श्रम कार्य के लिए बहला-फुसलाकर ट्रेन से अन्य राज्यों में लाया जा रहा है। सूचना के आधार पर आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार के नेतृत्व में एएसआई जेके दुबे, एएसआई सुरेश पासवान, एचसी मजनू सोरेन टीम गठित कर बरहरवा स्टेशन पर बुधवार की रात सवा आठ बजे तलाशी एवं जांच की गई। तलाशी के दौरान 5 नाबालिग लड़कों को संदिग्ध तरीके से बरहरवा रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार के पास घूमते हुए पाया गया और एक अन्य व्यक्ति ने उनका मार्गदर्शन किया। आगे बताया कि उमर फारूक (15 वर्ष), मो मंजर आलम (15 वर्ष), गुलाम रसूल शेख (14 वर्ष), लाल मोहम्मद (14 वर्ष), हसन शेख (14 वर्ष) उपरोक्त सभी 05 नाबालिग लड़कों से पूछताछ करने पर बताया कि एक अन्य व्यक्ति उन लोगों को श्रम कार्य के लिए गुजरात ले जा रहा था। वहीं पुलिस ने मो नसरुद्दीन शेख को भी हिरासत में लिया और पूछताछ करने पर उसने 05 नाबालिग लड़कों की तस्करी के संबंध में अपना अपराध कबूल कर लिया। वहीं हिरासत में लिए गए सभी को थाना लाया गया। उपरोक्त मामले में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई तथा शिकायत के आधार पर जीआरपी बरहरवा ने धारा 137(2), 143(5) बीएनएस तथा 75/81 जेजे एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। तथा सभी 5 नाबालिग लड़कों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए आराधना मंडल, बाल संरक्षण मंथन साहिबगंज को सौंप दिया गया ।वहीं बरहरवा आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने कहा कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# छत्तरपुर सीओ ने सड़क सुरक्षा जागरूकता संदेश को लेकर शहर में अभियान चलाया

**यातायात उल्लघंन करने वालों को भविष्य में नियमों का पालन करने की हिदायत दी।**

**वाहन धीमा चलाएं अपना कीमती जीवन बचाएं**

**अरविंद अग्रवाल, झारखंड उजाला, ब्यूरो पलामू**




**छत्तरपुर (पलामू)।** वरीय अधिकारियों की पहल पर जिले में सड़क सुरक्षा जागरूकता संदेश अभियान चलाया जा रहा है. इसी कड़ी में सीओ उपेंद्र कुमार ने छत्तरपुर के शहर में छात्र छात्राओं और पंचायत के सभी मुखिया जनप्रतिनिधि, समाजसेवी के लोगों ने अंचल कार्यालय से लेकर सरईडीह रोड होते हुए जपला मोड़ तक हजारों लोग पहुंच सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया है. साथ ही यातायात उल्लघंन करने वालों को भविष्य में नियमों का पालन करने की हिदायत दी है.

**सुल्तानी घाटी वाले एरिया में सड़क दुर्घटनाओं के प्रति पुलिस को ज्यादा गंभीर होने पर बल दिया है: पुलिस अधीक्षक**

दरअसल पलामू उपायुक्त शशि रंजन और पुलिस अधीक्षक रिश्मा रमेशन के निर्देश पर छत्तरपुर सीओ ने सड़क सुरक्षा जागरूकता संदेश के तहत अभियान चला रही है. इस दौरान अभियान में अधिकारी व कर्मचारी यातायात नियमों के प्रति आम लोगों को जागरूक करने में लगे हैं. पदाधिकारी द्वारा स्कूलों में जाकर छात्र- छात्राओं और आम लोगों को यातायात के नियमों की जानकारी देकर उनका पालन करने की अपील कर रही है. पुलिस अधीक्षक रिश्मा रमेशन ने भी क्षेत्र के सुल्तानी घाटी वाले एरिया में सड़क दुर्घटनाओं के प्रति पुलिस को ज्यादा गंभीर होने पर बल दिया है। जिसको लेकर गुरुवार को इस सड़क सुरक्षा जागरूकता संदेश अभियान के नेतृत्व कर रहे सीओ उपेंद्र कुमार ने बताया कि वाहन चलाते समय सभी सुरक्षा मापदंडों व यातायात नियमों का हमेशा पालन करना चाहिए. सड़क दुर्घटना से प्रत्येक दिन कई लोगों की जानें जाती हैं. जिसमें अधिकांश घटनाएं चालक के यातायात नियमों का पालन नहीं करने के कारण होती हैं. इस दौरान मोटर वाहन अधिनियम के बारे में भी आवश्यक जानकारी दी गई. वाहन चलाने वाले लोगों से स्लोगन में ₹वाहन धीमा चलाएं अपना कीमती जीवन बचाएं₹ 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से वाहन न चलाने का भी आग्रह किया गया है. साथ ही शराब पीकर वाहन न चलाने, ओवर स्पीड वाहन न चलाने और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करने, दोपहिया वाहन में हेलमेट पहनने और रैश ड्राइविंग नहीं करने की बात कही गई है.इस संदेश अभियान में शामिल नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष प्रत्याशी और समाजसेवी अरविंद गुप्ता चुनमुन, मुखिया रविंद्र राम छात्र-छात्राओं और शहर के विभिन्न लोगों ने सड़क सुरक्षा जागरूकता संदेश को सफल बनाया।

## गरीबों को ठंड से बचाने के लिए भाजपा नेत्री ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल



**कुलबीर सिंह @झारखंड उजाला संवाददाता**

**सिंदरी /धनबाद।** शीतलहरी और सर्द हवाओं से कड़कती ठंड में खुले आसमान में सड़क किनारे सोने वाले वृद्ध,असहाय और गरीबों के बीच कंबल का वितरण किए गए। गुरुवार को सिंदरी साईं मंदिर के सामने प्रर्जन्य बी एड़ कॉलेज बलियापुर की तरफ से विधायक इंद्रजीत महतो की धर्मपत्नी सह भाजपा नेत्री श्रीमती तारा देवी द्वारा समाज सेवी कार्यक्रम के तहत जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में तारा देवी के साथ पर्जन्य बी एड़ कॉलेज की प्रिंसिपल डॉक्टर स्मृति नागी , कॉलेज के अध्यापक एवं छात्रों ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस दौरान तारा देवी ने कहा कि क्षेत्र के वैसे लोग जो लाचार,बेबस व गरीब होने के कारण कड़के की ठंड में किसी तरह अपना जीवन गुजर -बसर कर रहे हैं, उन्हें चिन्हित कर कंबल वितरण किए गए तथा उनके साथ आए बच्चों के बीच बिस्किट बांटें गए। साथ ही उन्होंने कहा कि कंबल वितरण कार्यक्रम में बी एड़ कॉलेज के बच्चों को लाकर उन्हें उनके सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी को समझाना था। बच्चों ने भी वितरण कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## पोषण भी, पढ़ाई भी₹ विषय पर बाल विकास परियोजना के कुल 100 आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**यासिर अराफात@ झारखण्ड उजाला ब्यूरो**




**पाकुड़ :** जिला समाज कल्याण शाखा, पाकुड़ के तत्वाधान में जिला सूचना भवन सभागार, पाकुड़ में ₹पोषण भी, पढ़ाई भी₹ विषय पर पाकुड़ एवं हिरणपुर बाल विकास परियोजना के कुल 100 आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभांरभ जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर किया गया।मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी बसंती ग्लाडियस बाड़ा द्वारा सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्रशिक्षण में तत्परता पूर्वक भाग लेने का निर्देश दिया गया ताकि वे अपने-अपने आंगनबाड़ी केन्द्रों में अपने अपने कार्य-दायित्व का निर्वहन अच्छे ढंग से कर सकें। साथ ही प्रशिक्षण कार्यक्रमों के उद्देश्यों, आयोजित किए जाने विभिन्न सत्रों, क्रियाकलापों के बारे में विस्तार से बताया गया। विदित हो कि NIPCCD द्वारा प्रशिक्षित किए मास्टर ट्रेनर के द्वारा यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 5 दिसम्बर, 2024 से प्रारंभ होकर दिनांक 02 जनवरी, 2025 तक आयोजित की जाएगी जिसमें जिलान्तर्गत सभी परियोजना के कुल 500 आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रत्येक बैच के लिए तीन दिवसीय स्तर पर निर्धारित है। प्रशिक्षण कार्य मास्टर ट्रेनर सुश्री टुसुमुनी मुर्मु, महिला पर्यवेक्षिका हिरणपुर परियोजना के द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल आयोजन में समाज कल्याण शाखा के सभी कर्मी एवं जिला बाल संरक्षण ईकाई के सभी पदाधिकारी/ कर्मी, मो० अनीस अंसारी, पीसीआई, मोना प्रेरणा सुरीन, पिरामल फाउंडेशन एवं अन्य का महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## डीसी ने कोल कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की, भूमि अधिग्रहण को लेकर जितने मामले लंबित पड़े है, उसका जल्द निपटारा करने का दिया निर्देश



**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़ :** समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त मनीष कुमार ने कोल कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में डब्लूपीडीसीएल व बीजीआर के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में उपायुक्त ने भूमि अधिग्रहण को लेकर चर्चा करते हुए कहा कि भूमि अधिग्रहण को लेकर जितने मामले लंबित पड़े है। उसका जल्द निपटरा करें। उपायुक्त द्वारा विभिन्न विभागों में लंबित अनापत्ति प्रमाण पत्र, भूमि हस्तांतरण एवं लीज बंदोबस्ती, ग्राम सभा, मुआवजा, नियोजन, विस्थापन समेत अन्य मामलों की समीक्षा कर संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मौके पर अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अजय सिंह बड़ाईक, कार्यपालक दंडाधिकारी विकास कुमार त्रिवेदी, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभूवन कुमार सिंह, अंचलाधिकारी अमड़ापाड़ा एवं कोल कम्पनी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## उपायुक्त के दिए गए निर्देश के आलोक में लिट्टीपाड़ा के जोरडीहा गांव मे स्वास्थ्य विभाग कैंप कर लोगों का कर रही है समुचित इलाज

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़ :** उपायुक्त मनीष कुमार के दिए गए निर्देश के आलोक में लिट्टीपाड़ा प्रखंड के जोरडीहा गांव में स्वास्थ्य विभाग कैंप कर ग्रामीणों को समुचित ईलाज कर रही है। जोरडीहा गांव में अलग-अलग टीम बनाकर स्वास्थ्य विभाग लोगों का स्वास्थ्य जांच कर रही है। किसी भी प्रकार के बीमारी का लक्षण पाए जाने पर उनका समुचित ईलाज कर रही है। साथ ही लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। लोगों का स्वास्थ्य जांच किया जा रहा है। किसी भी बीमारी का लक्षण पाए जाने पर उनका स्वास्थ्य विभाग द्वारा समुचित ईलाज किया जा रहा है। साथ ही 4 साल से कम उम्र के बच्चे को मलेरिया से प्रभावित पाए जाने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर उपचार किया जा रहा है। ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी होने नहीं दी जा रही है।साथ ही गांव के सभी लोगों का स्क्रीनिंग करते हुए मलेरिया के धनात्मक रोगी को मलेरिया रोधी दवा देकर उपचार किया जा रहा है। विभाग के द्वारा क्र₹ का छिड़काव एवं फॉगिंग किया जा रहा है। 24 घंटे मेडिकल टीम तत्परता के साथ मुस्तैद होकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लिट्टीपाड़ा में तैनात है। साथ ही जमे हुए जल में विभाग के द्वारा लार्वा कीटनाशी का छिड़काव किया गया। उपायुक्त मनीष कुमार ने ग्रामीण से नहीं घबराने की अपील की है। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग बीमारी से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। साथ ही ग्रामीणों को आसपास साफ सफाई रखने, रात में मच्छरदानी लगाकर सोने अपने अगल-बगल पानी का जमाव नहीं होने देंने को लेकर अपील की।

## दीपिका पांडेय सिंह फिर बनी स्वास्थ्य मंत्री, कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल



**गोड्डा:** जिले के महगामा विधानसभा से दूसरी बार परचम लहराने वाली विधायक दीपिका पांडेय सिंह फिर एक बार मंत्री बन गई है ।सूत्रों के मुताबिक दीपिका पांडेय सिंह को स्वास्थ्य मंत्री बनाया गया है ।वही दीपिका पांडेय ने अपने फेसबुक के माध्यम से सभी जनता को धन्यवाद व्यक्त किया है बता दे कि पहली बार महगामा विधानसभा में दो बार एक ही महिला विधायक दीपिका ने अपना परचम लहराते हुए मंत्री बनी है ।कुछ महीने पूर्व ही दीपिका ने कृषि पशुपालन विभाग के मंत्री बनी थी ।और फिर चुनाव में जीत के बाद स्वास्थ्य मंत्री बनाया गया है। इधर मंत्री बनते ही विपक्षी दल के कार्यकर्ता के बीच हड़कम मच गया है।

## प्रखंड व अंचल कार्यालय में सभी समस्याओं का समाधान होता है : रोशन लाल चौधरी



**केरेडारी/ हजारीबाग:** नवनिर्वाचित बड़कागांव भाजपा विधायक माननीय श्री रोशन लाल चौधरी ने पहली बार बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय पहुंचे जहां पदाधिकारी व कार्यकताओं ने फूल माला पहनाकर भव्य तरीके से स्वागत किया । प्रखंड कार्यालय में स्थित विधायक कार्यालय का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया ।इस अवसर पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि जनता की जो यहां समस्याएं आती है। आप उसका समाधान निश्चित रूप से करें , मैं हमेशा आपके प्रति हमारा सकारात्मक पहल रहेगा। हम आपके साथ मिलकर काम करेंगे ।

## विश्व मृदा स्वास्थ्य दिवस पर बेहतर कार्य करने वाले एटीएम, बीटीएम, प्रगतिशील किसान को उपायुक्त ने शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**




**पाकुड़ :** विश्व मृदा स्वास्थ्य दिवस पर आज संयुक्त कृषि भवन आत्मा सभागार में उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया ।उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि विश्व मृदा दिवस 2024 की थीम 'मिट्टी की देखभालः माप, निगरानी, प्रबंधन' रखा गया है। उपायुक्त ने कहा कि इसका उद्देश्य मिट्टी की विशेषताओं को समझने और खाद्य सुरक्षा के लिए स्थायी मृदा प्रबंधन है ।₹लोग ज्यादा से ज्यादा उत्पादन के लिए मिट्टी की क्वालिटी को लगातार खराब कर रहे हैं। ऐसे में लोग प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक हों, मिट्टी की गुणवत्ता को बनाए रखें ।₹ खेतों में उर्वरक का प्रयोग न करें, जैविक खाद का प्रयोग ही करें। इसके अलावा उपायुक्त ने कहा कि पीएम कुसुम योजना केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना है। कुसुम योजना में कम से कम एक हजार आवेदन लाना सुनिश्चित करें। धान अधिप्राप्ति को लेकर उपायुक्त ने कहा कि 15 दिसंबर से धान अधिप्राप्ति की शुरूआत होने वाली है। धान अधिप्राप्ति में अधिक से अधिक निबंधन कराने हेतु निर्देशित किया। पाकुड़ जिला को धान अधिप्राप्ति में नंबर वन बनाना है। इसके अलावा उपायुक्त ने पीएम कुसुम योजना में अधिक से अधिक किसानों को निबंधन कराने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि शिक्षा, कृषि मेरा टॉप प्रायरिटी में से एक है ।मौके पर विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी एवं एपीआरओ, एटीएम, बीटीएम एवं प्रगतिशील किसान समेत अन्य उपस्थित थे।

## वाहन नियमों की अवहेलना का दुष्परिणाम, 2 लाख 62 हजार 152 रूपए का जुर्माना कटा

**पाकुड़ :** उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के आदेशानुसार अनुमंडल पदाधिकारी, पाकुड़ एवं जिला परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में दिनांक 04-11-24 को रात्रि में पाकुड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत मालपहाड़ी, हिरणपुर, महेशपुर, कोटालपोखर सड़क मार्गो की ओर परिवहन होने वाले व्यावसायिक वाहन, जो नो एन्ट्री, ओवर लोड, बॉडी अल्टरेशन (अतिरिक्त रूप से जोड़े गए डाला एवं एंगल) एवं अन्य नियमों का उल्लंघन करते है ऐसे वाहनो का जांच अभियान चलाया गया जिसमें 77 वाहनों से जांच के क्रम मे कुल 31 वाहनों से नो एन्ट्री का उलंघन करने, वाहन का वैध कागजात नहीं होने तथा बॉडी अल्टीरेशन होने की स्थिति मे तथा मोटर वाहन अधिनियम की विभिन्न धाराओं का उल्लंघन करते हुए पकड़े गये। इन सभी वाहनों से जुमार्न की राशि के तौर पर 2 लाख 62 बासठ हजार 152 रूपए ऑनलाइन इ-पॉस मशीन से ऑनलाइन चालान निर्गत की गई। साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी एवं जिला परिवहन पदाधिकारी के द्वारा जिले के सभी वाहन स्वामी एवं चालकों से पुनः अपील किया गया कि जिला प्रशासन के द्वारा निर्धारित समयानुसार नो एन्ट्री, अवैध परिवहन, वाहन बॉडी अल्टरेशन ना करें। अन्यथा चक्रवृद्धि ब्याज के तौर पर अतिरिक्त दंड की राशि वसूलने के साथ आपके वाहन एवं वाहन स्वामी/ चालक के ऊपर जिला प्रशासन के आदेश की अवहेलना करने को लेकर एवं अन्य विधि संगत कठोर कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

## दिलीप सिंह ने कपकपाती ठंड में असहायों के बीच कंबल बांटकर मानवता की मिशाल पेश की



**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**

**सिंदरी/धनबाद।** सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़कर योगदान देनेवाले युवा संघर्ष मोर्चा के संस्थापक दिलीप सिंह इस कपकपाती ठंड में गरीब जरूरतमंदो का सहारा बने। हर वर्ष की भांति उन्होंने जरूरतमंदो के बीच कंबल वितरण की शुरूआत की ।ठंड में लाचार, असहाय व गरीबों को बचाने के उद्देश्य से बुधवार की आधी रात अपने संगठन के सदस्यों के साथ सड़कों पर निकल पड़े. जहाँ भी ठंड से ठिठुरते गरीब गुर्बा को देखा उन्हें कंबल देकर उन्हें ठंड से राहत पहुंचाई.धनबाद स्टेशन रोड में दर्जनों लोगों के बीच कंबल बांटे। ठंड में राहत देने के लिए कंबल वितरण कर रहे दिलीप सिंह के इस नेक कार्य की सरहाना करते हुए लोगों ने उन्हें माला पहनाकर उनका आदर सत्कार भी किया.स्थानीय लोगों ने कहा कि ठंड की रात में असहायों के बीच कंबल वितरण करना एक साहसिक कदम है। रात के अंधेरे में जब सारा जहां ठंड से अपने घरों में दुबके हों ऐसी परिस्थिति में असहायों की सुधि लेने की दिलीप सिंह ने बहार निकल गरीबों का दर्द समझ असहायों के बीच कंबल बांटे. दिलीप सिंह ने कहा कि निर्धारित रूपरेखा के तहत गरीब लोगों को मदद की जाती है।

# बीआईटी सिंदरी तैयार है आई ईईई अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन बिटकॉन-24 की मेजबानी के लिए

**कुलबीर सिंह@ झारखंड उजाला संवाददाता**




**सिंदरी/ धनबाद।** बीआईटी सिंदरी ने प्रतिष्ठित आई ईईई फ्लैगशिप अंतरराष्ट्रीय बीआईटी सम्मेलन (बिटकॉन-24) के आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। यह सम्मेलन 7 और 8 दिसंबर 2024 को आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन का विषय ह्लहरित ऊर्जा प्रौद्योगिकी में अगली पीढ़ी के अनुप्रयोगह्व है, जिसका उद्देश्य वैश्विक शोधकताओं, शिक्षाविदों और उद्योग के नेताओं को हरित ऊर्जा में नवीन विचारों और प्रगति का आदान-प्रदान करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। बीआईटी सिंदरी के निदेशक, प्रोफेसर (डॉ.) पंकज राय ने कहा, बिटकॉन-24 हमारे संस्थान की नवाचार और स्थिरता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। यह आयोजन वैश्विक चुनौतियों और उन्नत तकनीकी समाधानों पर चर्चा करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करेगा। डॉ. एमडी अबुल कलाम, विद्युत अभियांत्रिकी विभागाध्यक्ष और बिटकॉन-24 के सम्मेलन अध्यक्ष, ने विभाग के प्रयासों को उजागर किया। उन्होंने कहा, हम इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी को लेकर उत्साहित हैं। इसमें सारांश सत्र, तकनीकी प्रस्तुतियां और कार्यशालाएं शामिल होंगी। हमारी टीम ने इस महत्वपूर्ण आयोजन की सफलता सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत की है। सटीक योजना और तैयारी के साथ, बिटकॉन-24 हरित ऊर्जा उत्साही लोगों के लिए एक प्रमुख आयोजन बनने के लिए तैयार है। बीआईटी सिंदरी सभी विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और छात्रों को इस आयोजन में भाग लेने और आनंद लेने के लिए आमंत्रित करता है।

## एनएमएल पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के पीट कार्यालय में 67वें खान सुरक्षा सप्ताह का आज दूसरा दिन मनाया गया

**जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला ब्यूरो।**



**केरेडारी/हजारीबाग।** एनएमएल पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के पीट कार्यालय में 67वें खान सुरक्षा सप्ताह का आज दूसरा दिन मनाया गया। मुख्य अतिथि डायरेक्टर ऑफ माइंस सेफ़्टी सह निरीक्षक श्री आफताब अहमद, जीएम इंफ्रा श्री संजय कुमार दुबे समेत अन्य अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इससे पहले पीट कार्यालय पहुंचते ही अतिथियों का क्षेत्रीय गीत और नृत्य से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सुरक्षा संबंधित अधिकारियों और खान कर्मियों ने सुरक्षा के प्रति संकल्प लिया। मुख्य अतिथि श्री आफताब अहमद ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य खान से संबंधित सभी अधिकारियों और कर्मियों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। खान प्रबंधक श्री अरविंद कुमार सिंह ने कहा की इस सप्ताह के तहत सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना हमारा लक्ष्य है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके तहत लेखन प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, नाट्य कला प्रस्तुतियों का आयोजन किया जाता है। साथ ही सुरक्षा जागरूकता के लिए ऑडियो और वीडियो माध्यम से भी प्रचार किया जाता है। कार्यक्रम में श्री चंद्रशेखर माइन एजेंट, खान प्रबंधक श्री अरविंद सिंह समेत अन्य वरिष्ट अधिकारी और कर्मी मौजूद थे।इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निरीक्षक आफताब अहमद ने माइनिंग ऑपरेशन, प्लानिंग एंड सर्वे, मेडिकल संबंधित 15 स्टालों का अवलोकन किया।



# गीता में कहा गया है कि शुक्ल पक्ष में मरने वाला वापस लौट कर नहीं आता?

चारों वोदों का सार उपनिषद है और उपनिषदों का सार गीता है। गीता ही प्रमुख धर्मग्रंथ है। गीता में कहा गया है कि शुक्ल पक्ष में मृत्यु को प्राप्त व्यक्ति वापस नहीं लौटता और कृष्ण पक्ष में मृत्यु को प्राप्त व्यक्ति वापस लौट आता है अर्थात उसे फिर से जन्म लेना होता है। उल्लेखनीय है कि भीष्म ने अपना शरीर तब तक नहीं छोड़ा था जब तक की उत्तरायण का शुक्ल पक्ष नहीं आ गया था। लाखों लोग हैं जो शुक्ल पक्ष में मरते हैं और लाखों ऐसे लोग भी हैं जो कृष्ण पक्ष में मरते हैं तो क्या शुक्ल पक्ष में मरने वाले सभी लोगों को मोक्ष मिल जाता है? क्या वह वापस धरती पर नहीं लौटते हैं? दरअसल, गीता में यह बात उन लोगों के लिए कही गई है जो कि ध्यानी, योगी या अनन्य भक्त हैं। आम व्यक्ति को मरने के कुछ ही समय बाद दूसरा जन्म ले लेता है लेकिन जो पाप कर्मी है उसे दूसरा जन्म लेने में कठिनाई होती है। मतलब यह कि वह भूत, प्रेत या पिशाच योगी भोगने के बाद ही जन्म लेगा। यह भी हो सकता है कि वह मनुष्य योनी को छोड़कर निचले स्तर की योनी में चला जाए। मतलब यह कि उसका डिमोशन हो जाए। कृष्ण का शुक्ल और कृष्ण मार्ग का ज्ञान-

**यत्र काले त्वनावत्तिमावृत्तिं चैव योगिनः।**
**प्रयाता यान्ति तं कालं वक्ष्यामि भरतर्षभ।**

भावार्थ : हे अर्जुन! जिस काल में (यहाँ काल शब्द से मार्ग समझना चाहिए, क्योंकि आगे के श्लोकों में भगवान ने इसका नाम 'सृति', 'गति' ऐसा कहा है।) शरीर त्याग कर गए हुए योगीजन तो वापस न लौटने वाली गति को और जिस काल में गए हुए वापस लौटने वाली गति को ही प्राप्त होते हैं, उस काल को अर्थात दोनों मार्गों को कहूँगा।

**अग्निर्ज्योतिरहः शुक्लः षण्मासा उत्तरायणम।**
**तत्र प्रयाता गच्छन्ति ब्रह्म ब्रह्मविदो जनाः।**

भावार्थ : जिस मार्ग में ज्योतिर्मय अग्नि-अभिमानी देवता हैं, दिन का अभिमानी देवता है, शुक्ल पक्ष का अभिमानी देवता है और उत्तरायण के छः महीनों का अभिमानी देवता है, उस मार्ग में मरकर गए हुए ब्रह्मवेत्ता योगीजन उपयुक्त देवताओं द्वारा क्रम से ले जाए जाकर ब्रह्म को प्राप्त होते हैं।

**धूमो रात्रिस्तथा कृष्ण षण्मासा दक्षिणायनम।**
**तत्र चान्द्रमसं ज्योतिर्योगी प्राप्य निवर्तते।**

भावार्थ : जिस मार्ग में धूमाभिमानी देवता है, रात्रि अभिमानी देवता है तथा कृष्ण पक्ष का अभिमानी देवता है और दक्षिणायन के छः महीनों का अभिमानी देवता है, उस मार्ग में मरकर गया हुआ सकाम कर्म करने वाला योगी उपयुक्त देवताओं द्वारा क्रम से ले गया हुआ चंद्रमा की ज्योत को प्राप्त होकर स्वर्ग में अपने शुभ कर्मों का फल भोगकर वापस आता है।

**शुक्ल कृष्णे गती ह्येते जगतः शाश्वते मते।**
**एकया यात्यनावृत्ति मन्ययावर्तते पुनः।**

भावार्थ : क्योंकि जगत के ये दो प्रकार के- शुक्ल और कृष्ण अर्थात देवयान और पितृयान मार्ग सनातन माने गए हैं। इनमें एक द्वारा गया हुआ (अर्थात इसी अध्याय के श्लोक 24 के अनुसार अर्चिमार्ग से गया हुआ योगी।)- जिससे वापस नहीं लौटना पड़ता, उस परमगति को प्राप्त होता है और दूसरे के द्वारा गया हुआ (अर्थात इसी अध्याय के श्लोक 25 के अनुसार धूममार्ग से गया हुआ सकाम कर्मयोगी।) फिर वापस आता है अर्थात जन्म-मृत्यु को प्राप्त होता है।

## क्या है कृष्ण और शुक्ल पक्ष?

हिन्दू माह में तीस दिन होते हैं। तीस दिनों को चंद्र के घट-बढ़ के अनुसार 15-15 तिथियों में बांटा गया है। चंद्र जब बढ़ने लगता है तो उस काल को शुक्ल पक्ष और जब घटने लगता है तो उस काल को कृष्ण पक्ष कहते हैं। शुक्ल पक्ष की अंतिम तिथि पूर्णिमा और कृष्ण पक्ष की अंतिम तिथि अमावस्या होती है। शुक्ल पक्ष को देवताओं का दिन और कृष्ण पक्ष को पितरों का दिन कहते हैं। इसी तरह उत्तरायण को देवताओं का काल और दक्षिणायन को पितरों का काल कहते हैं।



# भगवान बुद्ध ने नहीं दिए थे इन प्रश्नों के उत्तर?

**कहते हैं कि लव-कुश की पीढ़ी में शाक्य, शाक्य से शुद्धोधन और शुद्धोधन से सिद्धार्थ का जन्म हुआ। यह सिद्धार्थ ही आगे चलकर गौतम बुद्ध ने नाम से प्रसिद्ध हुए। गौतम बुद्ध के दर्शन में अनीश्वरवाद, अनात्मवाद और क्षणिकवाद को महत्व दिया जाता है। उनका मानना था कि संबुद्ध होना ही सत्य है। इसके लिए ही उन्होंने आष्टांगिक मार्ग बताएं हैं।**

गौतम बुद्ध से उनके जीवन में लाखों प्रश्न पूछे गए लेकिन उनमें से 14 प्रश्नों के उन्होंने जवाब नहीं दिए। जब भगवान बुद्ध से जीव, जगत आदि के विषय में चौदह दार्शनिक प्रश्न किए जाते थे तो वे सदा मौन रह जाते थे। ये प्रसिद्ध चौदह प्रश्न निम्नांकित हैं-

1-4 क्या लोक शाश्वत है? अथवा नहीं? अथवा दोनों? अथवा दोनों नहीं?
5-8 क्या जगत नाशवान है? अथवा नहीं? अथवा दोनों? अथवा दोनों नहीं?
9-11. तथागत देह त्याग के बाद भी विद्यमान रहते हैं? अथवा नहीं? अथवा दोनों? अथवा दोनों नहीं?
11-14 क्या जीव और शरीर एक हैं? अथवा भिन्न?
14 अव्याकृत प्रश्न : बौद्ध धर्म में इन प्रश्नों को अव्याकृत कहा गया है। अव्याकृत का अर्थ है जो व्याकरण-सम्मत नहीं है।

## क्यों उत्तर नहीं दिया

उक्त प्रश्न पर बुद्ध मौन रह गए। इसका तात्पर्य यह नहीं कि वे इनका उत्तर नहीं जानते थे। उनका मौन केवल यही सूचित करता है कि यह व्याकरण-सम्मत नहीं थे। इनसे जीवन का किसी भी प्रकार से भला नहीं होता। उक्त प्रश्नों के पक्ष या विपक्ष में दोनों के ही प्रमाण या तर्क जुटाए जा सकते हैं। इन्हें किसी भी तरह से सत्य या असत्य सिद्ध किया जा सकता है। यह पारमार्थिक दृष्टि से व्यर्थ है।

# जानिए हिन्दू देवता पूषन देव को



पूषन एक वैदिक देवता है। पूषन वह देवता हैं जो विवाह के संचालन में मदद करते, सुरक्षित यात्रा प्रदान करते और उन दिलों में वास करते हैं जो पशुओं को भोजन खिलाते हैं। वह हमारे कर्मों के अनुसार वे फल देते हैं। वह आत्माओं को दूसरे संसार की यात्रा करने के लिए पथप्रदर्शन करते हैं। वह लोगों की मृत्यु के समय के दौरान अपनी सुंदर उपस्थिति दिखाकर उनके भय को दूर करते हैं। वह तीर्थ यात्रियों को चोरों और जानवरों से बचाते हैं और लोगों को दुश्मनों, दुर्घटनाओं और अप्राकृतिक मृत्यु से बचाकर लोगों को दिव्य पथ पर ले जाते हैं। वह देने वाले देवता भी हैं जो हमरे जीवन में धन, स्वास्थ और समृद्धि देते हैं। जब हम एक स्थान से दूसरे स्थान की यात्रा करते हैं, तो वह हमारे सामान की सुरक्षा भी करते हैं। वह हमारे दिमाग में बुरे विचारों को दूर करते हैं, काला जादू को दूर करते हैं और कई खतरनाक बीमारियों को ठीक करते हैं।

वह मुख्य रूप से सभी प्रकार की प्राकृतिक आपदाओं से लोगों को राहत देते हैं जो चक्रवात, बाढ़, भारी बारिश और सुनामी के कारण होती हैं। वह शांतिपूर्ण जीवन जीने के लिए, हमारे लिए सभी कार्य करते हैं। वह हमेशा उन भक्तों की देखभाल करते हैं जो किसी भी रूप में ईश्वर की पूजा करते हैं और चाहें दूसरे धर्म के लोग भी हो, लेकिन वे लोगों से केवल यही अपेक्षा रखते हैं कि वे भगवान की सच्ची भक्ति करें। यदि हमारे अंदर ईश्वर के लिए शुद्ध भक्ति है, तो वह हमारे पूर्व कर्मों के आधार पर हमरे जीवन में अच्छे काम करेंगे। वह हमारे बुरे कर्मों को कुछ हद तक कम करने और हमारे जीवन में अच्छे परिणाम देने की शक्ति भी रखते हैं लेकिन वह किसी व्यक्ति के पूरे भाग्य को नहीं बदल सकते हैं। उनका उल्लेख ऋग्वेद और प्राचीन पुराणों और धार्मिक ग्रंथों में भी मिलता है। वह यज्ञ में भाग भी लेते हैं। वह यज्ञ कर्ता और लोगों को आशीर्वाद देते हैं। वह विभिन्न बीमारियों जैसे खांसी, सर्दी, दमा, हृदय की समस्याओं और कई अन्य लंबे समय से चली आ रही बीमारियों से तेजी से राहत दिलाएंगे। वह लोगों को मानसिक विकार, मन में भ्रम, ऊर्जा की कमी, सुस्ती, आलस्य और मानसिक अस्थिरता से भी छुटकारा दिलाते हैं। विभिन्न होम का आयोजन करते समय उनका नाम कई बार दोहराया जाता है। उन्हें इंद्र, वरुण, अग्नि, वायु, सूर्य और चंद्र जैसे वैदिक देवताओं के समकक्ष माना जाता है। उसके पास अलौकिक शक्तियां हैं और आपकी पुकार सुनकर किसी भी क्षण किसी भी स्थान पर पहुंच जाएंगे। हम उसके नाम का बार-बार जाप कर सकते हैं, ताकि वह जीवन के हर पड़ाव में हमारे साथ हों। पुराणों में पूषन को 12 आदित्यों में से एक के रूप में वर्णित किया गया है और वे अदिति एवं कश्यप के पुत्र हैं। उनके भाई सूर्य, वरुण और इंद्र हैं। वह हमारे लिए एक अंगरक्षक के रूप में कार्य करते हैं और हमारे दैनिक जीवन में हमारी सभी इच्छाओं को पूरा करते हैं। यद्यपि वह अन्य देवताओं के समान नहीं जाने जाते हैं। वह वैदिक देवताओं में भी एक है और पृथ्वी पर लोगों की मदद करते हैं। वह भगवान इंद्र द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार अपने कर्तव्यों को करते हैं और उसके लिए एक सहायक मित्र के रूप में भी कार्य करते हैं। वह अपने कर्तव्यों का सही ढंग से निर्वहन करने के लिए वायु, वरुण, सूर्य और चंद्र जैसे अन्य देवताओं के साथ भी परस्पर बातचीत करते हैं। वह कई ऋषियों द्वारा पूजे जाते हैं, और वे ऋषि उनसे आशीर्वाद लेते हैं। वह ऋषियों को उनकी तपस्या को सही तरीके से करने में मदद करते हैं और तपस्या करते समय उनके कारण हुई भूल को दूर करते हैं। सामान्य तौर पर, हम कह सकते हैं कि वह पूरी दुनिया के लिए मित्रवत हैं। आइए हम उनकी महिमा का गुणगान करें और धन्य हों।

# श्रीकृष्ण का यह मंदिर मात्र 2 मिनट के लिए बंद होता है

केरल के कोट्टायम जिले में तिरुवेरपु या थिरुवरप्पु में भगवान श्रीकृष्ण का एक प्रसिद्ध और चमत्कारिक मंदिर है जिसे तिरुवरप्पु श्रीकृष्ण मंदिर कहते हैं। इस मंदिर के संबंध में कई तरह की किंवदंतियां जुड़ी हुई हैं। एक यह है कि जब भगवान श्रीकृष्ण ने कंस को मारा था तो उनको बहुत भूख लगने लगी थी। कहते हैं कि यहां की श्रीकृष्ण की मूर्तिं को भूख बर्दाश्त नहीं होती है। 1,500 साल पुराने इस मंदिर की दूसरी खासियत यह है कि यह मंदिर 24 घंटे में से मात्र 2 मिनट के लिए ही बंद होता है और वह समय है- सुबह 1158 बजे से 1200 बजे तक। मंदिर 2 मिनट से ज्यादा बंद नहीं रख सकते। इसके लिए पुजारी को एक कुल्हाड़ी दी जाती है, क्योंकि मंदिर खोलते वक्त यदि देर हो तो वह कुल्हाड़ी से ताला तोड़ दे। दरवाजा खोलने के लिए चाबी दी जाती है, लेकिन यदि चाबी कहीं फंस जाए तो तुरंत कुल्हाड़ी का उपयोग करें।

इसके पीछे मान्यता है कि यहां भगवान कृष्ण हमेशा भूखे रहते हैं और वे जरा भी देर के लिए भूख बर्दाश्त नहीं कर पाते हैं। इसीलिए यदि चाबी के साथ दरवाजा खोलने में कोई देरी होती है, तो पुजारी को कुल्हाड़ी से दरवाजा खोलने की अनुमति दी जाती है। यहां कम से कम 10 बार नैवेद्यम चढ़ाया जाता है। अभिषेकम समाप्त होने के बाद स्वामी (श्रीकृष्ण) का सिर पहले सूख जाता है। तब नैवेद्यम चढ़ाया जाता है और फिर केवल उसका शरीर सूख जाता है। कहते हैं कि भगवान श्रीकृष्ण के सोने का समय 1158 बजे से दोपहर 1200 बजे तक ही है। केवल 2 मिनट! भक्तों के लिए यह मंदिर सुबह के लगभग 2 बजे खुलता है।

यह मंदिर ग्रहण के समय भी बंद नहीं होता है। शंकराचार्य के समय एक बार इस मंदिर को ग्रहण के समय बंद कर दिया गया था। बाद में जब दरवाजा खोला गया तो उन्होंने पाया कि स्वामी की कमर की पट्टी नीचे खिसक गई है। उस समय आए आदिशंकराचार्य ने बताया कि ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि भगवान श्रीकृष्ण बहुत भूखे थे, तब से यह मंदिर ग्रहण काल के दौरान भी बंद नहीं किया जाता है। कहते हैं कि जो भी यहां का थोड़ा भी प्रसाद ग्रहण कर लेते हैं, उसे ऐसा लगता है कि पेट भर गया। यहां से प्रसादम का सेवन किए बिना किसी भी भक्त को जाने की अनुमति नहीं है। हर दिन 1157 बजे (मंदिर को बंद करने से पहले) पुजारी जोर से पुकारता है कि क्या कोई भी यहां है जिसने प्रसाद नहीं लिया हो?

ऐसा भी कहा जाता है कि जो भी व्यक्ति एक बार यहां का प्रसाद ग्रहण कर लेता है, वह फिर जीवन में कभी भी भूखे नहीं रहता है। मतलब यह कि उसके जीवन में भोजन प्राप्त करने में कोई समस्या नहीं होती है। यहां अप्रैल के महीने में 10 दिनों तक वार्षिक उत्सव मनाया जाता है। त्योहार का मुख्य आकर्षण यह है कि यहां युवा कुंआरी लड़कियां समारोहों के दौरान दीप जलाती हैं। इस मंदिर के बारे में एक कथा यह भी प्रचलित है कि महाभारत काल में जब पांडव जंगल में रहते थे तो श्रीकृष्ण ने उन्हें 4 हाथ वाली अपनी प्रतिमा दी थी। जब पांडव जंगल से जाने लगे तो चेरथलाई लोगों ने यह मूर्तिं उनसे ले ली। कुछ काल तक वे इसकी पूजा करते रहे लेकिन बाद में उन्होंने कुछ कारणों से इसे समुद्र में फेंक दिया। लंबे समय के बाद यह मूर्तिं केरल के एक महान ऋषि को मिली, जब वे नाव से यात्रा कर रहे थे। कहते हैं कि जब उनकी नाव डूब रही थी, तब इस मूर्तिं को लेकर कोई दिव्य पुरुष प्रकट हुआ और उसने यह मूर्तिं उन्हें दी थी। इस मूर्तिं को लाकर उन ऋषि ने उसे यहां स्थापित कर दिया। इस संबंध में और भी कहानियां प्रचलित हैं।



# मार्गशीर्ष माह में पूजें शंख को जानिए पूजन सामग्री की सूची विधि एवं मंत्र

धर्म शास्त्रों के अनुसार सुख-सौभाग्य में वृद्धि के लिए शंख को अपने घर में स्थापित करना चाहिए। माना जाता है कि अगहन (मार्गशीर्ष) के महीने में शंख पूजन का विशेष महत्व है। अगहन के महीने में किसी भी शंख को भगवान श्रीकृष्ण का पंचजन्य शंख मान कर उसका पूजन-अर्चन करने से मनुष्य की समस्त इच्छाएं पूरी होती हैं। विष्णु पुराण के अनुसार समुद्र मंथन के दौरान प्राप्त हुए 14 रत्नों में से ये एक रत्न है शंख। प्रतिदिन घर में शंख पूजन करने से जीवन में कभी भी रुपए-पैसे, धन की कमी महसूस नहीं होती। इसके अलावा दक्षिणावर्ती शंख को लक्ष्मी स्वरूप कहा जाता है। इसके बिना लक्ष्मी जी की आराधना पूरी नहीं मानी जाती है। अगहन मास में खास तौर पर लक्ष्मी पूजन करते समय दक्षिणावर्ती शंख की पूजा अवश्य करनी चाहिए।



## शंख पूजन सामग्री की सूची

*शंख *कुंमकुंम *चावल *जल का पात्र *कच्चा दूध
*एक स्वच्छ कपड़ा *एक तांबा या चांदी का पात्र (शंख रखने के लिए)
*सफेद पुष्प *इत्र *कपूर *केसर *अगरबत्ती
*दीया लगाने के लिए शुद्ध घी *भोग के लिए नैवेद्य *चांदी का वर्क आदि।

## कैसे करें पूजन

- प्रातः काल में स्नान कर स्वच्छ धुले हुए वस्त्र धारण करें।
- पटिए पर एक पात्र में शंख रखें।
- अब उसे कच्चे दूध और जल से स्नान कराएं।
- अब स्वच्छ कपड़े से उसे पोंछें और उस पर चांदी का वर्क लगाएं।
- तत्पश्चात घी का दीया और अगरबत्ती जला लीजिए।
- अब शंख पर दूध-केसर के मिश्रित घोल से श्री एकाक्षरी मंत्र लिखें तथा उसे चांदी अथवा तांबा के पात्र में स्थापित कर दें।
- अब उपरोक्त शंख पूजन के मंत्र का जप करते हुए कुंमकुंम, चावल तथा इत्र अर्पित करके सफेद पुष्प चढ़ाएं।
- नैवेद्य का भोग लगाकर पूजन संपन्न करें।
- अगहन मास में निम्न मंत्र से शंख पूजा करनी चाहिए -

*त्वं पुरा सागरोत्पन्न विष्णुना विधृतः करे।*
*निर्मितः सर्वदेवैश्च पाञ्चजन्य नमोस्तु ते।*
*तव नादेन जीमूता वित्रसन्ति सुरासुराः।*
*शशांकायुतदीप्ताभ पाञ्चजन्य नमोस्तुते।*

# दिल्ली सल्तनत पर बार-बार क्यों करते हैं किसान चढ़ाई?



सुमित कुमार सिंह, स्वतंत्र पत्रकार

दरअसल, अपनी विभिन्न मांगों को लेकर किसान संगठनों ने एक बार फिर दिल्ली पर चढ़ाई करने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि ऐसा करने से उन्हें बलपूर्वक बॉर्डरों पर ही रोका गया है। पर, हालात दिल्ली-एनसीआर के एक बार फिर बिगड़ते दिखाई पड़ने लगे हैं। अन्नदाताओं की समस्याओं का समाधान आखिर कब होगा? क्या उनकी मांगे भविष्य में कभी पूरी हो भी पाएंगी या नहीं? केंद्र में सरकार चाहे कांग्रेस की हो या भाजपा की, हर दौर में यही सब कुछ देखने को मिलता है। कमोबेस, सरकारों का रवैया सदैव एक जैसा ही रहता है। इसलिए एकाएक किसी सरकार को दोषी ठहराना किसी टिप्पणीकार के लिए बेईमानी सा होता है। किसान आंदोलनों से जो समस्याएं उपजती हैं, उसका खामियाजा सिर्फ और सिर्फ आमजन ही भुगतते हैं। समस्याएं किस कदर पनपती हैं इस ओर शायद किसी का भी ध्यान नहीं जाता। मरीज, छात्र, राहगीर, दैनिक कर्मी तो बेहाल होते ही हैं, रोजमर्रा के क्रियाकलाप भी रुक जाते हैं। दो दिसंबर को भी यही हुआ, जब किसान उत्तर प्रदेश के एक छोर से चले, तो सड़कों पर दौड़ने वाले तेज वाहनों के पहिए थम गए। क्या मरीज, क्या नौकरीपेशा, सभी के पैर अपने जगह रूक गए।

दरअसल, अपनी विभिन्न मांगों को लेकर किसान संगठनों ने एक बार फिर दिल्ली पर चढ़ाई करने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि ऐसा करने से उन्हें बलपूर्वक बॉर्डरों पर ही रोका गया है। पर, हालात दिल्ली-एनसीआर के एक बार फिर बिगड़ते दिखाई पड़ने लगे हैं। इस दफे भी किसानों के तेवर उग्र दिख रहे हैं। अन्नदाता लंबा आंदोलन करने के मूड़ में दिखाई पड़ते हैं। इतना तय है, अगर उनकी समस्याओं का समाधान समय रहते नहीं हुआ, तो हालात पिछले किसान आंदोलन जैसे बनने में वक्त नहीं लगेगा। किसान केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार को बीते एक महीने से अल्टीमेटम दे रहे थे कि उनकी मांगे मानी जाएं, उनसे बात करे कोई जिम्मेदार व्यक्ति, जिससे दोनों पक्ष बैठकर कोई हल निकाल सकें। लेकिन उनकी बातों को हुकूमती स्तर पर एक बार भी अनसुना और अनदेखा किया गया।



दिल्ली पहुंचने के लिए गौतमबुद्ध नगर से करीब 50,000 से अधिक किसान सोमवार सुबह यानी दो तारीख को नोएडा महामाया फ्लाईओवर के पास एकत्रित हुए, फिर उन्होंने दिल्ली कूच का प्लान किया, हालांकि तत्काल रूप से तो पुलिस ने उनकी योजना को विफल कर दिया है। लेकिन किसान बॉर्डर पर ही डटे हुए हैं, वह किसी भी सूरत में दिल्ली पहुंचना चाहते हैं। उनको लगता है संसद का शीत सत्र चालू है। पूरी हुकूमती मशीनरी इस समय एक साथ है, उनकी बातें आसानी से पहुंच सकती है। पर, ऐसा होता दिख नहीं रहा। केंद्र सरकार इतनी आसानी से सबकुछ मान लेगी, ऐसा भी दिखाई नहीं पड़ता। इसलिए किसान भी काफी उग्र हैं। अपने साथ लंबे आंदोलन को करने के लिए तामझाम लेकर पहुंच हैं। राशन, टैक्टर, मोटरसाइकिल, गैस सिलेंडर, तंबू आदि है उनके पास।

किसानों ने दिल्ली मार्च का प्लान अचानक से ही बनाया। पहले की प्री-प्लान नहीं थी। क्योंकि किसान अपनी विभिन्न मांगो को लेकर नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण पर पिछले कुछ दिनों से धरनागत थे। उनकी प्रमुख मांगे हैं, उन्हें जमीन के बदले 10 पर्सेंट निर्मित प्लॉट और 64 पर्सेंट बढ़ा हुआ जमीन का शेष मुआवजा दिया जाए। साथ ही जितने किसान जमीन छिन जाने से भूमिहीन हुए हैं, उनके परिवार के बच्चों को केंद्र सरकार और राज्य सरकार कोई न कोई रोजगार जैसी वैकल्पिक व्यवस्थाएं की जाएं, इसके अलावा एमएसपी गारंटी कानून लागू करें। फसलों की कीमतें डबर हों, खाद, बीज व कीटनाशक दवाईयों के रेट कम किए जाएं जैसी पुरानी मांगे भी उनकी बरकरार हैं। इस वक्त मंड़ियों में धान की खरीद में जो घटतौली हो रही है उसे तुरंत रोका जाए। ये मांगे ऐसी जिसे शायद ही सरकारें मांगे।

प्रतीत ऐसा होता है कि ये किसान मूवमेंट भी बडा रूप ले सकता है। अभी तक गनीमत ये समझी जाए, इस मोर्चे में सिर्फ दर्जन भर ही किसान संगठन शामिल हुए हैं। हालांकि बाहर से करीब सौ से ज्यादा किसान संगठनों का समर्थन प्राप्त है। मोर्चे को रोकने को अगर कोई जल्द विकल्प नहीं निकाला गया, तो अन्य किसान संगठन भी कूदने में देर नहीं करेंगे। हांलाकि सोमवार को किसान मोर्चे को देखते हुए नोएडा ट्रैफिक पुलिस और दिल्ली पुलिस की ओर से एडवाइजरी की गई जिसमें कालिंदी कुंज बॉर्डर, यमुना एक्सप्रेस-वे और डीएनडी बॉर्डर से बचने की लोगों को सलाह दी गई, क्योंकि इन जगहों पर मोर्चे का असर व्यापक रूप से देखने को मिला। लोग अनचाई परेशानी से जूझते दिखाई पड़े, स्कूली बच्चों भी जाम में फंसे रहे, एमबूलेंस भी नहीं निकल पाईं। नौकरीपेशा समय से अपने कार्यालयों में नहीं पहुंच पाए। ये हालात ऐसे ही बने रहेंगे, जब तक ये मूवमेंट चलता रहेगा।

किसान मूवमेंट शुरू होने के कुछ घंटों बाद ही राजनीति भी आरंभ हो गई। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने अपना समर्थन दे दिया। कांग्रेस ने कहा दिल्ली बॉर्डर पर बैरिकेडिंग, वाटर कैनन, दंगा नियंत्रण गाड़ियां और अमित शाह की पूरी पुलिस तैनात की गई। ऐसा प्रतीत होता है जैसे की उनको किसी आंतकवादी को रोकना या पकड़ना हो? किसान भूमि अधिग्रहण का उचित मुआवजा और फसल के सही दाम की मांग लेकर दिल्ली आकर सोती सरकार को जगाना चाहते हैं इसमें बुरा क्या है? वहीं, आम आदमी पार्टी की ओर से बयान आया जिसमें कहा गया कि राष्ट्र की राजधानी किसी की बपौती तो है नहीं? फिर किसान क्यों नहीं आ सकते? प्रधानमंत्री पर भी उन्होंने हमला किया। बोले, किसानों पर बर्बरता के नए आयाम रच रहे हैं प्रधानमंत्री। उनके दिल में अन्नदाताओं के लिए रत्ती भर सम्मान नहीं है। कांग्रेस का मानना है कि किसान अपनी जायज मांगों को लेकर दिल्ली आना चाहते हैं, उन्हें आने देना चाहिए, उनपर वाटर कैनन का प्रयोग करना गलत है। दरअसल, ऐसे मौकों पर विपक्ष का बिना सोचे समझे कूद पड़ना, ह्यआग में घी डालनेह्न का काम कर जाता है। जबकि, उन्हें केंद्र सरकार पर दबाव बनाकर विकल्प और समाधान की ओर ध्यानाकर्षण करवाना चाहिए। ताकि सरकार आंदोलनकारियों से बात करने पर विवश हो? पर, दुर्भाग्य ऐसा हो नहीं पाता और न ही विपक्ष ऐसा प्रयास करता है।

## आज का राशिफल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि,
नई दिल्ली ।

**मेष राशि :-** आज के मनोरंजन में बाहर की गतिविधियों और खेल-कूद को शामिल किया जाना चाहिए. आज आपको अपने भाई या बहन की मदद से धन लाभ होने की संभावना है. परिवार के लोगों के बीच पैसे को लेकर आज कहासुनी हो सकती है. पैसों के मामलों में आपको परिवार के सभी लोगों को स्पष्ट होने की सलाह देनी चाहिए. प्रेमी को आज आपकी कोई बात चुभ सकती है. वो आपसे रुठें इससे ही पहले ही अपनी गलती का अहसास कर लें और उन्हें मना लें.

**वृषभ राशि :-** अपने जीवन को चिर-स्थायी न मानें और जीवन के प्रति सजगता को अपनाएँ. आप खुद को नए रोमांचक हालात में पाएंगे- जो आपको आर्थिक फायदा पहुँचाएंगे. घर में मरम्मत का काम या सामाजिक मेल-मिलाप आपको व्यस्त रखेगा. आज के दिन रोमांस के नजरिए से कोई खास आशा नहीं की जा सकती है. आप महसूस करेंगे कि आपकी रचनात्मकता कहीं खो गयी है और फैसले करने में आपको खासी दिक़्कत का सामना करना पड़ेगा.

**मिथुन राशि :-** धार्मिक और आध्यात्मिक रुचि के काम करने के लिए अच्छा दिन है. होशियारी से निवेश करें. आपके बच्चे के पुरुस्कार वितरण समारोह का बुलावा आपके लिए खुशनुमा एहसास रहेगा. वह आपकी उम्मीदों पर खरा उतरेगा और आप उसके जरिए अपने सपने साकार होते हुए देखेंगे. जो लोग प्रेम के संगीत में डूबे हुए हैं, वही इसकी स्वर-लहरियों का आनन्द ले सकते हैं. आज के दिन आप भी उस संगीत को सुन सकेंगे, जो दुनिया के बाकी सभी गीतों को भुलवा देगा.

**कर्क राशि :-** आज आपका स्वास्थ्य दुरुस्त रहने की पूरी उम्मीद है. अपने अच्छे स्वास्थ्य के चलते आज आप अपने दोस्तों के साथ खेलने का प्लान बना सकते हैं. पैसे की अहमियत को आप अच्छे से जानते हैं इसलिए आज के दिन आपके द्वारा बचाया गया धन आपके बहुत काम आ सकता है और आप किसी बड़ी मुश्किल से निकल सकते हैं. अनचाहे मेहमानों से शाम को आपका घर भरा रह सकता है.

**सिंह राशि :-** आपकी सेहत ठीक रहेगी, लेकिन यात्रा आपके लिए थकाऊ और तनावपूर्ण साबित हो सकती है. आज सफलता का मंत्र यह है कि उन लोगों की सलाह पर पैसे लगाएँ, जो मौलिक सोच रखते हों और अनुभवी भी हों. परिवार में नए सदस्य के आने की खबर आपको रोमांचित कर देगी. समारोह आयोजित कर इस खुशी को सबके साथ बाटें. आज आपकी मुस्कान बेमानी है, हँसी में वो खनक नहीं है, दिल धड़कने में आनाकानी कर रहा है।

**कन्या राशि :-** आपमें से जो दफ़्तर में ओवरटाइम कर रहे थे और ऊर्जा की कमी से जूझ रहे थे, आज उन्हें फिर वैसी ही समस्याओं से दो-चार होना पड़ सकता है. आज के दिन आप ऊर्जा से लबरेज रहेंगे और मुमकिन है कि अचानक अनदेखा मुनाफा भी मिले. कोई ऐसा रिश्तेदार जो बहुत दूर रहता है, आज आपसे संपर्क कर सकता है. रोमांस आपके दिल-दिमाग पर छाया रहेगा, क्योंकि आज आपकी मुलाकात अपने प्रिय से होगी. जो लोग प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं।

**तुला राशि :-** आशावादी बनें और उजले पक्ष को देखें. आपका विश्वास और उम्मीद आपकी इच्छाओं व आशाओं के लिए नए दरवाजे खोलेंगी. धन की आवाजाही आज दिन भर होती रहेगी और दिन ढलने के बाद आप बचत करने में भी सक्षम हो पाएंगे. अपने परिवार की भलाई के लिए मेहनत करें. आपके कामों के पीछे प्यार और दूरदृष्टि की भावना होनी चाहिए, न कि लालच का जहर. आपको अपने प्रिय के साथ समय बिताने की जरूरत है, ताकि आप दोनों एक-दूसरे को अच्छी तरह से जान व समझ सकें.

**वृश्चिक राशि :-** असहजता आपकी मानसिक शांति में बाधा पैदा कर सकती है, लेकिन कोई दोस्त आपकी परेशानियों के समाधान में काफी मददगार साबित होगा. तनाव से बचने के लिए मधुर संगीत का सहारा लें. नया आर्थिक करार अंतिम रूप लेगा और धन आपकी तरफ आएगा. कल्पनाओं के पीछे न दौड़ें और यथार्थवादी बनें- कुछ वक़्त अपने दोस्तों के साथ गुजारें- क्योंकि यह आपके लिए काफी अच्छा साबित होगा. आपका काम दरकिनार हो सकता है- क्योंकि आप अपने प्रिय की बांहों में खुशी, आराम और उल्लास महसूस करेंगे.

**धनु राशि :-** अपनी सेहत के बारे में जरूरत से ज्यादा चिंता न करें. निश्चिंतता बीमारी की सबसे बड़ी दवा है. आपका सही रवैया गलत रवैये को हराने में कामयाब रहेगा. आज सफलता का मंत्र यह है कि उन लोगों की सलाह पर पैसे लगाएँ, जो मौलिक सोच रखते हों और अनुभवी भी हों. आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा, क्योंकि आपका जीवन-साथी आपको खुशी देने का हर प्रयास करेगा. खुशी के लिए नए संबंध की प्रतीक्षा करें. सेमिनार और गोष्ठियों में हिस्सा लेकर आज आप कई नए विचार पा सकते हैं.

**मकर राशि :-** आज खास दिन है, क्योंकि अच्छा स्वास्थ्य आपको कुछ असाधारण काम करने की क्षमता देगा. आज निवेश के जो नए अवसर आपकी ओर आएँ, उनपर विचार करें. लेकिन धन तभी लगाएँ जब आप उन योजनाओं का भली-भांति अध्ययन कर लें. दूर के रिश्तेदार से जिस संदेश की काफी समय से उम्मीद थी, वह अच्छी खबर पूरी परिवार को खुशियों से भर देगी. आज का दिन रोमांस से भरपूर होने की पूरी संभावना है.

**कुम्भ राशि :-** आपका बच्चों जैसा भोला स्वभाव फिर सतह पर आ जाएगा और आप शरारती मनोदशा में होंगे. जो लोग अब तक पैसे को बिना सोचे विचारे उड़ा रहे थे उन्हें आज पैसे की बहुत आवश्यकता पड़ सकती है और आज आपको समझ में आ सकता है कि पैसे की जीवन में क्या अहमियत है. किसी बुजुर्ग रिश्तेदार की निजी समस्याओं में मदद करके आप उनका आशीर्वाद पा सकते हैं. आज आपको अपने प्रिय का एक अलग ही अन्दाज देखने को मिल सकता है.

**मीन राशि :-** किसी दोस्त की ज्योतिषीय सलाह आपकी सेहत के लिए काफी उपयोगी रहेगी. तंग आर्थिक हालात के चलते कोई अहम काम बीच में अटक सकता है. अपने बच्चों के साथ एक दोस्ताना रिश्ता विकसित करें. पुरानी बातों को पीछे छोड़कर आगे आने वाले अच्छे वक़्त की ओर देखें. आपकी कोशिशें फलदायी रहेंगी. आसमान ज्यादा उजला नजर आएगा, फूलों में ज्यादा रंग दिखेंगे और आपके आस-पास सब कुछ चमक उठेगा - क्योंकि आप इश्क का सुरूर महसूस कर रहे हैं!

## यह चुनाव परिणाम नये भारत और सनातन भारत को मजबूती देने वाले हैं




गुभारत के राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के चुनाव परिणाम ने न केवल मतदाता के जागरूक होने का संकेत दिया है बल्कि भारत को भारतीय मूल्यों के अनुरूप विकसित होते देखने की उसकी मंशा को भी उजागर कर दिया है, इसलिये इन चुनावों में तुष्टीकरण, साम्प्रदायिकता, जातीयता के बजाय विकास एवं विकसित भारत के नाम वोट पड़े। मतदाताओं ने जो जनादेश दिया है उससे एक बार फिर सिद्ध हो गया है कि भारत में लोकतंत्र कायम है और इसकी जीवंतता के लिये मतदाता जागरूक है। मतदाता को ठगना या लुभाना अब नुकसान का सौदा है। इन चुनावों में मोदी लहर बरकरार रही, भले ही आप श्रेय चाहे ह्यलाड़ली बहनाह्न को दें, तीन तलाक को दें, तीन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था को दें, सनातन मूल्यों को दे। देश में पहली बार एक दल के नाम पर चुनाव हुए, नये भारत-सशक्त भारत के नाम पर चुनाव हुए, इन चुनावों में व्यक्ति गौण हो गए। ये चुनाव ज्यादा महत्वपूर्ण एवं उत्साह वाले इसलिये बने कि इन्हीं चुनावों को 2024 के लोकसभा चुनावों से जोड़कर देखा जा रहा था। उस लिहाज से निस्संदेह तीनों राज्यों में बीजेपी को मिली प्रचंड एवं स्पष्ट ऐतिहासिक जीत बहुत बड़ी है और बहुत कुछ बयां कर रही है।

अगले लोकसभा चुनाव से चार माह पहले हुए इन विधानसभा चुनावों को सत्ता का सेमीफाइनल माना जा रहा था। उसी नजरिये से देखें तो यह सेमीफाइनल मुकाबला लगभग एकतरफा नजर आता है। उत्तर भारत के तीनों राज्यों में भाजपा ने जबर्दस्त जीत हासिल की है, जबकि दक्षिण भारत के एक और राज्य में कांग्रेस सत्ता पाने में सफल रही है। लेकिन वहां भी भाजपा का एक सीट से 8 तक पहुंचना भाजपा के लिये शुभता का संकेत है। आज भी किसी दल के नेता में यह क्षमता नहीं है कि देश की बजाय पार्टी के ध्वज तले आगे बढ़ सके, वे ही दल एवं नेता प्रभावी हैं जो देश के अस्तित्व एवं अस्मिता को नये शिखर देने के संकल्पबद्ध हैं, न कि षड़यंत्रपूर्वक किन्हीं अल्पसंख्यकों को एक दल-विशेष को वोट देने को उकसा रहे हैं। जनता ने परिवारवादी सोच को नकार दिया, भ्रष्टाचार के खिलाफ जमीन पर सच देखने को मतदाता आतुर है, राष्ट्र को तोड़ने की साजिशों पर भी मतदाता सतर्क एवं सावधान हुआ है। अगले लोकसभा चुनावों में अधिक समय बाकी नहीं है। जनता की आंखें सरकारों के कामकाज पर टिकी हुई रहेंगी। कई प्रकार की अपेक्षाएं बाट जोह रही हैं। लघु जनादेश ही बड़े जनादेश का आधार बनता है। इसलिये इस बार का जनादेश विशेष है, जनता के मन में क्या है, उसकी अभिव्यक्ति है। पिछले सरकारों के दौर में सत्ता-संघर्ष के चलते जाति-धर्म और सम्प्रदायों के नाम पर देश पीछे जा रहा था, विकास अवरुद्ध था, निवेश ठहरा हुआ था, रोजगार खो गया था, देश के भीतर एवं सीमाओं पर आतंकवाद को पनपाया जा रहा था, हिंसा एवं आतंकवादी घटनाओं से देश की आत्मा लहूलुहान थी। कोई नए भारत का, औद्योगिक भारत का सपना नहीं देख रहा था। राष्ट्रवाद की चर्चा करना पाप जैसा लगता था। इन हालातों को बदलने के लिये मोदी-संकल्पों ने फिजां ही बदल दी। दलों से ऊपर उठकर देशहित, राष्ट्रीयता, विकास एवं आमजन सर्वोपरि हो गया है, इसकी सार्थक निष्पत्तियां एवं स्वर लहरियां इन चुनावों परिणामों में सुनी जा सकती है।

दरअसल, तीन राज्यों में हार से कांग्रेस की राजनीतिक चुनौतियां कई गुना बढ़ गई हैं। यह हार अपने आप में बड़ा सदमा है, कांग्रेस की सत्ताकांक्षा एवं उससे जुड़ी परिवारवादी सोच, बड़बोलापन, मुक्त रेवड़ियों का सहारा, मोदी विरोध के नाम पर घटिया शब्दावली का प्रयोग, ऐसे कारणों की समीक्षा कांग्रेस को करनी ही पड़ेगी। भाजपा की जीत का श्रेय मोदी को जाता है, पर कांग्रेस की हार की जिम्मेदारी कौन लेगा? अब आसन्न चुनौती अगले लोकसभा चुनाव और विपक्षी गठबंधन ह्यइंडियाह्न के आंतरिक समीकरण होंगे। नया विपक्षी गठबंधन बनने के चंद महीने में हुए इन विधानसभा चुनावों में एकजुटता के बजाय अंतर्विरोधों का ही संदेश गया और बहुत कर्कश स्वर में गया। इन चुनाव परिणामों से न केवल कांग्रेस बल्कि समूचे विपक्ष के नेताओं को सीखना होगा, सबक लेना होगा। लोकलुभावन योजनाएं एवं मुफ्त-संस्कृति काम नहीं आयेगी। महत्वाकांक्षा एवं सबसे पुरानी पार्टी होने के अहंकार से बाहर आना होगा। बुनियादी स्तर पर संगठन और आम जनता के बीच जाकर विश्वास जीतना होगा, नीति एवं नियत को बदलना होगा। भारत की राजनीति एक नये बदलाव की ओर अग्रसर है, उस बदलाव के बिन्दुओं को स्वीकारना होगा।

## सोशल मीडिया की फीस

ट्विटर पर आधिकारिक मालिकाना अधिकार हासिल करने के बाद एलन मस्क अपने कदमों से लगातार सुर्खियां बटोर रहे हैं। प्रबंधन के शीर्ष क्रम को फारिग करने और भारी संख्या में कर्मचारियों की छंटनी के बाद अब उन्होंने इस सोशल मीडिया मंच के ह्ययूजर्सह्न को सत्यापित पहचान देने वाले ह्यब्लू टिकह्न के एवज में उनसे प्रतिमाह आठ डॉलर वसूलने का एलान किया है। जाहिर है, इस पर दुनिया भर में बहस खड़ी हो गई है, लेकिन मस्क ने भी साफ कर दिया है कि चाहे उनकी जितनी आलोचना की जाए, वह अपना यह कदम वापस नहीं लेने वाले। सोशल मीडिया का कारोबार मूलतः विज्ञापनों पर टिका है और इनसे होने वाली कमाई कितनी बड़ी है, इसका अंदाज इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले साल ट्विटर ने विज्ञापनों से करीब 4.5 अरब डॉलर की कमाई की, जो उसकी कुल आय का 89 प्रतिशत था। यह एक लोकप्रिय मंच है और दुनिया भर में इसके करीब 45 करोड़ यूजर्स हैं, जिनमें सर्वाधिक अमेरिकी हैं।

अमेरिका में तो ट्विटर इतना प्रभावशाली माध्यम बन चुका है कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने तमाम बड़े नीतिगत फैसलों का एलान इस पर ही किया करते थे। अब तो दुनिया भर के तमाम शासनाध्यक्ष इसका इस्तेमाल प्रामाणिक मीडिया के रूप में करने लगे हैं। जाहिर है, एलन मस्क ने 44 अरब डॉलर लगाकर यदि ट्विटर को खरीदा है, तो वह इससे मुनाफा बटोरने की भी कोशिश करेंगे, लेकिन इसके लिए उन्हें कुछ अन्य रास्ते तलाशने चाहिए थे, क्योंकि खुद उन्होंने इसे मुक्त अभिव्यक्ति का प्रामाणिक मंच बनाने की बात कही थी। अब सत्यापन पर शुल्क आयद करके वह चिड़िया को आजाद नहीं कर रहे, बल्कि उसे पूंजी वालों की कैद में दे रहे हैं। दुनिया के तमाम खित्तों से समय-समय पर यह आरोप लगते रहे हैं कि सोशल मीडिया के विभिन्न मंच अलग-अलग देशों में सरकार व सत्ताधारियों के दबाव में न केवल विपक्ष की आवाज दबा रहे हैं, बल्कि लोकतांत्रिक प्रकिया में भी गैर-वाजिब हस्तक्षेप कर रहे हैं। ऐसे में, ब्लू टिक के बदले शुल्क वसूलने से ट्विटर पर गैर-बराबरी बढ़ेगी, जो सोशल मीडिया की मूल विशेषता के विपरीत है। फिर क्या गारंटी कि बड़े लोगों या संगठनों के नाम पर सत्यापित अकाउंट बनाकर मासूम लोगों को ठगना आसान नहीं हो जाएगा? खुद एलन मस्क के अकाउंट के क्लोन की घटना इसकी एक बानगी है।

निस्संदेह, सोशल मीडिया के जरिये अनेक यूजर्स, खासकर यू-ट्यूब व इंस्टाग्राम से सेलिब्रिटी यूजर्स अच्छी-खासी कमाई कर रहे हैं, पर उसकी कीमत आम यूजर्स को क्यों चुकानी चाहिए? ट्विटर ब्लू टिक के बदले जितना शुल्क मासिक रूप से बटोरना चाहता है, भारत की एक विशाल आबादी के पास तो अपने बच्चों की स्कूल फीस के लिए भी उतने पैसे नहीं होते। यह ठीक है कि विभिन्न देशों में अलग-अलग फीस रखने की बात कही जा रही है, तब भी उसके औचित्य पर सवाल उठेंगे। सोशल मीडिया के मंचों द्वारा फीस वसूलने की सूरत में यह अपेक्षा भी की जाएगी कि उनकी जवाबदेही के सख्त मापदंड हों। सोशल मीडिया से जुड़ी ज्यादातर कंपनियां पश्चिमी देशों से संचालित होती हैं और उनका रवैया अमेरिका-यूरोप में कुछ और होता है व विकासशील देशों की शिकायतों के प्रति कुछ और। ऐसे में, भारत जैसे विशाल यूजर्स आबादी वाले देश के ग्राहकों के हितों के संरक्षण के लिए सरकार को आगे आना चाहिए।

## भागीदारी का तंत्र

उत्तराखंड में सरकारी नौकरियों में राज्य की मूल निवासी महिलाओं के लिए आरक्षण पिछले कुछ समय से बहस का मुद्दा बना हुआ था। खासकर जब उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने राज्य की मूल निवासी महिलाओं को तीस फीसद आरक्षण दिए जाने के एक शासनादेश पर रोक लगा दी थी तब इस विशेष अधिकार को लेकर बहस खड़ी हुई थी। उच्च न्यायालय के उस फैसले में बाहरी राज्यों के अभ्यर्थियों की आपत्ति को एक तरह से स्वीकार्यता मिली थी कि कोई भी राज्य सरकार जन्म और स्थायी निवास के आधार पर आरक्षण नहीं दे सकती। हालांकि इस फैसले के खिलाफ उत्तराखंड सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में अपील की थी कि स्थानीयता के आधार पर राज्य की महिलाओं को आरक्षण दिया जाना सही है। मगर अब सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के उस फैसले पर रोक लगा कर एक तरह से उत्तराखंड सरकार के पक्ष को सही ठहराया है। जाहिर है, अब एक बार फिर राज्य के अलग-अलग महकमों में वहां की मूल निवासी महिलाओं को तीस फीसद आरक्षण मिल सकेगा। मगर इसके साथ ही उत्तराखंड से बाहर की अभ्यर्थियों के लिए वहां अवसरों का दायरा छोटा होगा। दरअसल, देश भर में अलग-अलग राज्यों में स्थानीय निवासियों के लिए नौकरियों में कुछ खास हिस्सा आरक्षित किए जाने का मसला अब एक बहस की शक्ल ले रहा है। मुख्य दलील यह है कि देश में अगर राज्यों में स्थानीयता को आरक्षण का आधार बनाया जाता है तो यह संविधान में दर्ज प्रावधानों का उल्लंघन है। इसलिए किसी भी राज्य सरकार को नौकरियों में आरक्षित श्रेणी तय करने के लिए जन्म और स्थायी निवास को आधार नहीं बनाना चाहिए।

इस तर्क के संदर्भ में देखें तो उत्तराखंड में मूल निवासी की पहचान वाली महिलाओं को आरक्षण दिए जाने का मामला है। लेकिन कुछ अन्य राज्यों में स्थानीय या स्थायी निवास के आधार पर नौकरियों में अवसर आरक्षित करने को लेकर पहल हुई, कहीं लागू किया गया तो कहीं इस पर बहस हुई। पिछले कुछ सालों से यह देखा गया है कि राज्यों की नौकरियों में स्थानीय आबादी के लिए सीटें आरक्षित करने की कोशिश ने जोर पकड़ा है। हालांकि राष्ट्रीय संदर्भों में इसे लेकर अक्सर सवाल भी उठते रहे हैं कि एक देश का नागरिक होने के नाते किसी व्यक्ति के लिए उनके मूल राज्य से बाहर के राज्यों में अवसरों को सीमित नहीं किया जाना चाहिए। अब उत्तराखंड में स्थानीय महिलाओं को तीस फीसद आरक्षण दिए जाने के मसले पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद संभव है कि स्थानीय आबादी के लिए नौकरियों में अवसर आरक्षित करने को लेकर एक नया आधार मिले। जाहिर है, सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड में महिलाओं को तीस फीसद आरक्षण देने के मामले में मूल निवासी होने के आधार को सही माना है, तो यह अन्य राज्यों के लिए भी नजीर बन सकता है। हालांकि यह देखने की बात होगी कि सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला क्या स्थानीयता के आधार पर दिए जाने वाले आरक्षण से बाहरी राज्यों के अभ्यर्थियों के अवसरों को भी प्रभावित करेगा। इस व्यवस्था के समर्थन और विपक्ष में कई तरह की दलीलें रही हैं। स्थानीय प्रतिभाओं के विकास से लेकर उन्हें अवसर देकर राज्य के हित में उनकी क्षमताओं का इस्तेमाल करने पर एक आम राय बनती रही है। इसी का विस्तार उत्तराखंड में महिलाओं को दिए जाने वाले विशेष आरक्षण के रूप में आया, जिसमें तंत्र में महिला भागीदारी बढ़ने की संभावना भी देखी जा सकती है।



## संक्षिप्त खबर

### टीएमबीयू के खिलाड़ियों के लिए खुशखबरी, विवि में आठ साल बाद होगी वार्षिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता



भागलपुर : टीएमबीयू के खिलाड़ियों के लिए खुशखबरी है। विवि में आठ साल बाद वार्षिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 14, 15 व 16 दिसंबर को किया जायेगा। इसे लेकर विवि स्टेडियम में तैयारी शुरू करने का निर्देश काउंसिल को दिया गया है। गुरुवार को कुलपति प्रो जवाहर लाल की अध्यक्षता में विवि स्पोर्ट्स काउंसिल की बैठक हुई। इसमें खेल (रस्त्रङ्ग१३२) से जुड़े आधा दर्जन से अधिक एजेंडा पर करीब तीन घंटे तक गहन मंथन किया गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विवि खेल कैलेंडर में फुटबॉल, बॉल बैडमिंटन, बॉक्सिंग एवं योग को शामिल किया जायेगा। बताया जा रहा है कि बैठक के दौरान खेल से संबंधित सामग्री की खरीदारी के लिए टेंडर की प्रक्रिया नहीं होने पर कुलपति ने अधिकारी को फटकार लगायी और दो दिन में इसे पूरा करने का निर्देश दिया।

**प्रतियोगिता का होगा भव्य आयोजन :** उधर, विवि के खेल सचिव डॉ संजय जायसवाल ने कहा कि कुलपति के निर्देश पर प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जायेगा। इसे लेकर खेल विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। इसके साथ ही सभी कॉलेजों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रण भेजा जा रहा है। बैठक में डीएसडब्ल्यू प्रो बिजेंद्र कुमार, रजिस्ट्रार प्रो रामाशीष पूर्वे, डॉ पवन कुमार सिन्हा, डॉ निरंजन प्रसाद यादव, कॉलेज इंस्पेक्टर प्रो संजय कुमार झा आदि मौजूद थे।

**प्रतियोगिता में सभी कॉलेजों को अनिवार्य रूप से भाग लेने का निर्देश :** कुलपति ने कहा कि सभी अंगीभूत, संबद्ध कॉलेज व बीएड कॉलेज प्रतियोगिता में भागीदारी सुनिश्चित करें। इसके साथ ही सभी कॉलेज अपने-अपने झंडा व बैनर के साथ आये। मौके से कॉलेज इंस्पेक्टर को आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिया है। साथ ही सभी कॉलेजों की सहभागिता कराने का निर्देश दिया।

**खेल गांव के लिए 15 एकड़ जमीन का प्रस्ताव सिंडिकेट की बैठक में रखा जायेगा :** एजेंडा में शामिल खेल गांव के लिए विवि प्रशासन ने 15 एकड़ जमीन उपलब्ध कराने के लिए पत्र लिखा है। इसे लेकर कुलपति ने कहा कि इस प्रस्ताव को सिंडिकेट की बैठक में रखा जायेगा। यहां से अनुमति मिलने पर राजभवन को प्रस्ताव भेजा जायेगा। वहां से सहमति मिलने के बाद आगे की प्रक्रिया की जायेगी।


**इंडोर स्टेडियम के संचालन को लेकर बनेगी कमेटी :** खेलो इंडिया योजना से विवि कैंपस में बना मल्टी पर्पस इंडोर स्टेडियम के रखरखाव के लिए कमेटी बनने पर भी सहमति प्रदान की गयी। कमेटी संचालन के लिए रूपरेखा तैयार करेगी। इसके बाद से इंडोर स्टेडियम का संचालन किया जायेगा। तबतक इंडोर स्टेडियम में जाने पर पाबंदी रहेगा।

### भागलपुर के सैंडिस कंपाउंड स्टेडियम में क्रिकेट का रोमांचक मुकाबला, गेंदबाजों ने टीम को दिलायी जीत

भागलपुर : सैंडिस कंपाउंड स्टेडियम में आयोजित भागलपुर क्रिकेट लीग सीजन थ्री के तहत गुरुवार को दो मैच खेला गया। गेंदबाजों की बदौलत दोनों टीम विजयी रही। पहले मैच में बटेश्वर पलटन ने विक्रमशिला वॉरियर पांच विकेट से हरा दिया। दूसरे मुकाबले में तिलकामांझी फाइटर ने त्रिलोकीनाथ टाइगर्स को 22 रनों से पराजित कर दिया। सुबह के सत्र में खेले गये पहले मैच में विक्रमशिला वॉरियर्स के कप्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम ने 19 ।3 ओवर में सभी विकेट खोकर 108 रनों का स्कोर खड़ा किया। बल्लेबाजी में मंगल महरूर ने 25 रन व रवि झा ने 27 रनों का योगदान दिया। बटेश्वर पलटन की ओर से गेंदबाजी में विवेक कुमार ने तीन, अंकुश ने दो व समरकांत ने दो विकेट चटकाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बटेश्वर पलटन की टीम ने 16 ।3 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर जीत के लिए आवश्यक रन जुटा लिया। बल्लेबाजी में हर्षवर्धन ने 40 व हर्षवर्धन सिंह ने 27 रनों का योगदान दिया। विक्रमशिला वॉरियर्स ओर से गेंदबाजी में रोशन ने दो विकेट चटकाया। घातक गेंदबाजी के लिए बटेश्वर पलटन के विवेक कुमार को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। दोपहर के सत्र में खेले गये दूसरे मुकाबले में तिलकामांझी फाइटर के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम ने 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 155 रनों का स्कोर खड़ा किया। बल्लेबाजी में पीयूष कुमार ने 72, सचिन कुमार ने 22 व आर्यन सिंह ने 17 रनों का योगदान दिया। त्रिलोकीनाथ टाइगर्स की ओर से गेंदबाजी में शशि शेखर ने दो व अभिषेक ने दो विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी त्रिलोकीनाथ टैगोर की टीम ने 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 133 रन ही बना सकी। बल्लेबाजी में त्रिलोकीनाथ टाइगर्स की ओर से कुणाल पीयूष राज ने नाबाद 50 रन व बासुकीनाथ मिश्रा ने 32 रनों का योगदान दिया। तिलकामांझी फाइटर की ओर से गेंदबाजी में सचिन कुमार ने चार, सचिन राय ने एक व गोविंदा ने एक विकेट चटकाया। सचिन को शानदार गेंदबाजी करने के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

**अगले राउंड का मैच सोमवार से होगा :** टूनार्मेंट का अगला मैच सोमवार को खेला जायेगा। सुबह के सत्र में विक्रमशिला वॉरियर्स व त्रिलोकीनाथ टाइगर्स के बीच मुकाबला होगा। जबकि दोपहर में दूसरे मैच में अंग सुपर किंग व बटेश्वर पलटन के बीच मैच खेला जायेगा।

### मायागंज अस्पताल में नहीं थम रही थी चोरी की घटनाएं, हटाया गया सुपरवाइजर



भागलपुर : जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कार्यरत सुरक्षा एजेंसी समंता ने अपने सुपरवाइजर चंचल कुमार शुक्ला को हटा दिया है। मामले पर अस्पताल प्रबंधक सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि गुरुवार शाम को सूचना मिली कि एजेंसी ने अपने सुपरवाइजर को हटा दिया है। नये सुपरवाइजर कौन बने हैं, इसकी लिखित जानकारी अब तक नहीं दी गयी है। अस्पताल प्रबंधक ने बताया कि हेल्थ प्रबंधकों के साथ विवाद के बाद अधीक्षक से सुपरवाइजर को हटाने की लिखित शिकायत की गयी थी। गुरुवार को भी एक रिमाइंडर लेटर भेजा गया है।

**क्या है मामला :** पांच दिन पहले मायागंज अस्पताल के एचडीयू वार्ड से एजेंसी के एक सुरक्षाकर्मी द्वारा मरीज का मोबाइल चोरी किया गया। इसका सीसीटीवी फुटेज भी साक्ष्य के रूप में उपलब्ध है। इस संबंध में जब एक हेल्थ प्रबंधक ने सुरक्षा एजेंसी के सुपरवाइजर चंचल कुमार शुक्ला से पुछताछ की, तो उन्होंने अपना गलती स्वीकार नहीं की। इसके बजाय अस्पताल प्रबंधकों को ही जिम्मेदार ठहराने लगे। इसके बाद अधीक्षक को पत्र लिखकर मामले की जानकारी दी गयी। पत्र में कहा गया कि अस्पताल में चोरी की घटनाएं थम नहीं रही है। एजेंसी द्वारा एक ही सुरक्षा गार्ड से दो व तीन पालियों में ड्यूटी करवाया जाता है। इस कारण सुरक्षाकर्मी ड्यूटी पर सोते रहते हैं। सुरक्षा एजेंसी से पहले कई बार ड्यूटी रोस्टर की मांग की गयी है। आज तक यह नहीं दिया गया। इस कारण अस्पताल का सुरक्षा व्यवस्था चरमरा गयी है।

**अस्पताल अधीक्षक से मिलने के बाद हटाया गया सुपरवाइजर :** जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कार्यरत सुरक्षा एजेंसी समंता ने अपने सुपरवाइजर को हटाने की बात अस्पताल अधीक्षक डॉ केके सिन्हा को कही। एजेंसी के पदाधिकारी अधीक्षक से मिलने गये थे। जिसके बाद यह कार्यवाई की गई है।

# बिहार के सुपौल जिले में बवाल; पुलिस और स्थानीय लोगों में हिंसक झड़प, आधा दर्जन से अधिक जवान घायल

**एजेंसी**



**त्रिवेणीगंज (सुपौल) :** जिले के त्रिवेणीगंज में गुरुवार को पुलिस और स्थानीय लोगों के बीच हिंसक झड़प में जमकर पथराव हुआ। इस दौरान करीब आधे घंटे तक शहर का दुर्गा मंदिर चौक रणक्षेत्र बना रहा। पथराव में जदिया थानाध्यक्ष राजीव कुमार, सब इंस्पेक्टर उमेश कुमार पासवान, महिला सिपाही सोनी कुमारी, त्रिवेणीगंज थाना में कार्यरत मुंशी अजय कुमार और महिला सिपाही पुतुल कुमारी घायल हो गईं। इनका उपचार अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया। कई अन्य जवान भी मामूली रूप से चोटिल हुए हैं।

पुलिस ने लाठीचार्ज कर उपद्रवियों को खदेड़ दिया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विपिन कुमार ने बताया कि दो महिला और तीन पुरुषों सहित कुल पांच उपद्रवियों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने दो बोरी ईंट-पत्थर के टुकडे भी जब्त किए हैं। उपद्रवियों को चिह्नित कर कार्रवाई की जा रही है। स्थिति नियंत्रण में है।

**आखिर अचानक क्या हुआ?**

गुरुवार की सुबह 10.40 बजे के करीब पैदल और घोड़े पर सवार होकर पहुंचे 150 से अधिक लोगों ने त्रिवेणीगंज थाना गेट को घेर लिया और पुलिस प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी करने लगे। ये लोग किसी विवाद को लेकर नाराज थे और पुलिस पर दबाव बनाने आए थे। विवाद क्या था, यह स्पष्ट नहीं हो सका है।

एसपी कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को समझा-बुझाकर थाने के गेट से हटा दिया था। इसके बाद त्रिवेणीगंज मुख्य पार्षद के पति बिजेंद्र यादव के नेतृत्व में बाजार स्थित दुर्गा मंदिर के पास प्रदर्शनकारियों ने त्रिवेणीगंज-जदिया मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। इसी दौरान जदिया के थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ त्रिवेणीगंज आ रहे थे। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने उन पर ईंट-पत्थर से हमला कर दिया।

**प्रत्यक्षदर्शियों ने क्या बताया?**

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जब जदिया थानाध्यक्ष राजीव कुमार चोटिल हो गए तो उन्होंने सुरक्षा के मद्देनजर उपद्रवियों पर पिस्तौल तान दिया। स्थिति जब और गंभीर हो गई तो पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज करते हुए उन्हें खदेड़ दिया। थाने गेट पर 150 से अधिक लोग कहां से आए और कहां गए, फिलहाल पुलिस इसकी जांच कर रही है। प्रदर्शन कर रहे सभी लोग लाठी-डंडे से लैस थे।

पुलिस का कहना है कुछ जनप्रतिनिधियों की थाने में फिलहाल दलाली नहीं चल रही है। इससे वैसे लोग बेचैन हैं। उन्होंने साजिश के तहत थाने पर हमला किया। वहीं, इस घटना को जमीन विवाद से भी जोड़कर देखा जा रहा है, जिसका उद्देश्य पुलिस पर दबाव बनाना था।

## बीपीएससी 70वीं प्रारंभिक परीक्षा का शेड्यूल जारी

### 2034 पदों पर होनी है नियुक्ति

**एजेंसी**

**पटना :** बिहार लोक सेवा आयोग ने गुरुवार को एकीकृत 70वीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है। सचिव सत्यप्रकाश शर्मा ने बताया कि परीक्षा 13 दिसंबर को दोपहर 12:00 से 2:00 बजे तक राज्य के अधिसंख्य जिलों में बनाए गए केंद्रों पर एकल पाली में होगी। प्रवेश पत्र शुक्रवार से अभ्यर्थी यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग कर डैशबोर्ड से डाउनलोड करेंगे।

एक ही पाली में परीक्षा आयोजित की जा रही है। पूर्व की तरह इस बार भी रिजल्ट तैयार किया जाएगा। नॉर्मलाइजेश को लेकर कुछ असमाजिक तत्व अफवाह फैला रहे हैं। नॉर्मलाइजेश से रिजल्ट तैयार नहीं होगा। परीक्षा में शामिल होने के लिए चार लाख 83 हजार अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी किया गया है।

**परीक्षा केंद्र की जानकारी 10 दिसंबर को उपलब्ध कराई जाएगी:** आयोग ने विज्ञप्ति जारी कर स्पष्ट किया है कि शुक्रवार को डैशबोर्ड पर डाउनलोड एडमिट कार्ड बटन क्लिक करने पर ई-प्रवेश पत्र उपलब्ध होगा। इसमें आवंटित परीक्षा केंद्र कोड के रूप में दर्ज होगा, जिसमें केंद्र कोड एवं जिला का नाम अंकित रहेगा। परीक्षा केंद्र कोड डैशबोर्ड पर 10 दिसंबर से उपलब्ध कराई जाएगी।

सभी अभ्यर्थी ई-प्रवेश कार्ड का एक अतिरिक्त प्रति अपने साथ परीक्षा केंद्र पर अनिवार्य रूप से लाएंगे। उसे परीक्षा अवधि में वीक्षक के समझ हस्ताक्षर कर देना है। आयोग ने अभ्यर्थियों को सलाह दिया है कि परीक्षा से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए बीपीएससी की वेबसाइट के संपर्क में रहे।

**एक घंटा पहले बंद हो जाएगा प्रवेश :** सचिव सत्यप्रकाश शर्मा ने बताया कि परीक्षा दोपहर 12:00 बजे से प्रारंभ होगी। इसके एक घंटा पहले सुबह 11:00 बजे तक ही अभ्यर्थियों को ई-प्रवेश पत्र आदि जांच के बाद केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगी। किसी भी स्थिति में सुबह 11:00 बजे के बाद अभ्यर्थी को केंद्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। सुबह 9:30 बजे से अभ्यर्थी आवंटित केंद्र में प्रवेश कर सकेंगे। प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प होंगे। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक तिहाई अंक कम कर दिया जाएगा।

आयोग ने स्पष्ट किया है कि 13 दिसंबर की परीक्षा के लिए प्रश्न पत्रों के कई सेट बनाए गए हैं। इनमें किसी एक सेट से सभी केंद्रों पर परीक्षा होगी। किस सेट से परीक्षा होगी। इसका निर्णय परीक्षा प्रारंभ होने से कुछ देर पहले किया जाएगा। प्रश्न पत्र का बाक्स अभ्यर्थियों के सामने उनके कक्ष में खुलेगा। प्रश्न पत्र के बॉक्स को चिपकाने वाला कलर सीट से कई स्तर पर सील किया जाएगा। बॉक्स के चारों ओर कलर सीट लपेटा जाएगा। लाक भी कई स्तर से सील होंगे। छेड़छाड़ की स्थिति में इसे पूर्व की तरह नहीं किया जा सकेंगे।

## संजीव हंस केस में नया मोड़, काली कमाई को सफेद करने वालों पर ईडी की नजर

**एजेंसी**



**पटना :** आईएएस संजीव हंस पर प्रवर्तन निदेशालय का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। मंगलवार को हंस व अन्य के खिलाफ दिल्ली, गुड़गांव, जयपुर, नागपुर में ईडी की छापामारी में जहां 60 करोड़ के शेयर में निवेश और रियल इस्टेट में 18 करोड़ के निवेश के प्रमाण मिले, वहीं केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी को कई ऐसे लोगों के सुराग भी मिले हैं जो संजीव हंस की काली कमाई को सफेद करने में हंस के मददगार थे। सुराग मिलने के बाद ईडी ऐसे तत्वों के खिलाफ सबूत जुटाने में जुट गई है। ईडी पटना जोनल कार्यालय की टीम ने मंगलवार को आईएएस संजीव हंस और अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली, गुड़गांव, कोलकाता, जयपुर, नागपुर में 13 स्थानों पर एक साथ छापा मारा था। जिनके यहां यह कार्रवाई की गई वे सभी हंस के सहयोगी बताए जाते हैं। छापामारी के दौरान जांच एजेंसी को यह जानकारी मिली कि विभिन्न सरकारी पदों पर रहते हुए और अपनी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के दौरान हंस ने भ्रष्टाचार से करोड़ों की आय अर्जित की थी। संजीव हंस के मददगारों में पूर्व विधायक गुलाब यादव और अन्य कई नामी लोगों के नाम बताए जा रहे हैं।

## बिहार से यूपी, झारखंड, बंगाल ओडिशा के लिए चलेंगी 4967 बसें

### 323 अंतरराज्यीय रूट किए गए चिह्नित

**एजेंसी**

**पटना :** बिहार से जल्द ही उत्तरप्रदेश, झारखंड, बंगाल, छत्तीसगढ़ और ओडिशा के प्रमुख शहरों तक बसों से जाना आसान हो जाएगा। बिहार से पड़ोसी राज्यों के लिए जल्द ही 300 से अधिक रूटों पर करीब पांच हजार नई बसें चलाए जाने की योजना है। परिवहन विभाग ने इन अंतरराज्यीय मार्गों पर परमिट के लिए आवेदन आमंत्रित किया है। परमिट प्राप्त करने के इच्छुक वाहन स्वामी संबंधित रिक्त मार्गों के लिए 30 जनवरी 2025 तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि परिवहन विभाग ने यात्रियों के सुगम और सुलभ आवागमन को ध्यान में रखते हुए अंतरराज्यीय मार्गों पर बस परिचालन के लिए परमिट की प्रक्रिया को आसान किया गया है। राज्य के वाहन मालिक परमिट लेकर अधिकृत मार्गों पर बस सेवा प्रारंभ कर सकते हैं।

परिवहन विभाग के अनुसार राज्य में बसों के परिचालन के लिए 5522 अंतर्क्षेत्रीय और 323 अंतरराज्यीय मार्ग अधिसूचित हैं। अभी पड़ोसी राज्यों के विभिन्न रुटों पर परमिट के लिए कुल 4967 रिक्तियां हैं। इसके लिए विभिन्न रूटों का राज्यवार रिक्ति निकाली जा रही है।

**झारखंड के लिए सबसे अधिक बसें**

| राज्य | रिक्ति |
|---|---|
| बिहार-झारखंड | 4692 |
| बिहार-बंगाल | 120 |
| बिहार-उत्तर प्रदेश | 80 |
| बिहार-छत्तीसगढ़ | 70 |
| बिहार-ओडिशा | 03 |

**यह अंतरराज्यीय मार्ग किए गए चिह्नित**

बिहार-झारखंड के बीच 200 मार्ग
बिहार-प बंगाल के बीच 45 मार्ग
बिहार-छत्तीसगढ़ के बीच 28 मार्ग
बिहार-यूपी के बीच 34 मार्ग
बिहार-ओडिशा के बीच 16 मार्ग

**राज्य परिवहन आयुक्त ने दी जानकारी :** राज्य परिवहन आयुक्त नवीन कुमार ने बताया कि राज्यवार परमिट की रिक्ति से जुड़ी जानकारी परिवहन विभाग की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। राज्य परिवहन प्राधिकरण एवं क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण की नियमित बैठकों में परमिट स्वीकृत किए जा रहे हैं। इससे यात्रियों का आवागमन तो आसान होगा ही, परिवहन क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी मिलेंगे।

## नीतीश ने जमीन मालिकों और सर्वेकर्मियों को दी बड़ी राहत, अब खत्म हुआ ये सिरदर्द

**एजेंसी**



**पटना :** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने भूमि सर्वेक्षण में 'कैथी लिपि' में लिखे गए दस्तावेजों के पढ़ने में आने वाली समस्या का निदान कर दिया है। गुरुवार को विभागीय मंत्री डॉ दिलीप कुमार जायसवाल कैथी लिपि से संबंधित एक पुस्तिका का लोकार्पण किया। दावा किया कि इससे कैथी लिपि में लिखे एक सर्वे खतियान एवं पुराने दस्तावेजों को पढ़ने में सुविधा होगी।

कैथी लिपि में लिखे रहने के कारण विशेष सर्वेक्षण प्रक्रिया में आम रैयतों के साथ-साथ सर्वे कर्मियों को भी दिक्कत हो रही थी। यह पुस्तिका विभागीय वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। इसके लिए बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के शोध छात्र प्रीतम कुमार की सेवाएं ली गईं।

### मंत्री ने क्या बताया?

डॉ जायसवाल ने कहा कि कैथी में लिखित दस्तावेजों को हिंदी लिपि में रूपांतरित करने के लिए लोग निजी व्यक्तियों या पुराने सरकारी कर्मियों का सहारा लेते थे। इसके लिए उनसे कभी-कभी अनावश्यक राशि की वसूली भी की जाती थी। अधिकांश लोगों ने इस संबंध में विभाग और क्षेत्रीय कार्यालयों में अपनी समस्याएं रखी थीं। इसी के आलोक में विभाग ने इस पुस्तिका के प्रकाशन का निर्णय लिया।

लोकार्पण समारोह में विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह, सचिव जय सिंह, भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशक जे प्रियदर्शिनी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम :** पश्चिम चंपारण, दरभंगा, समस्तीपुर, सीवान, सारण, मुंगेर एवं जमुई के बंदोबस्त कार्यालयों में पदस्थापित विशेष सर्वेक्षण कर्मियों को कैथी में लिखे दस्तावेजों को पढ़ने का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। विभाग द्वारा राज्य के अन्य सभी जिलों में भी प्रशिक्षण का कार्यक्रम तैयार कर लिया गया है। विभाग द्वारा उठाए गए इस कदम से राज्य के सभी वैसे रैयत लाभान्वित होंगे जिनके पास भू- स्वामित्व से संबंधित पुराने दस्तावेज कैथी लिपि में लिखे हुए हैं और उसके आधार पर ही उनकी भूमि के स्वामित्व का निर्धारण वर्तमान सर्वे की प्रक्रिया में किया जाना है।

**भूमि सर्वेक्षण के कारण गांवों का नक्शा खरीदने में बढ़ी लोगों की दिलचस्पी :** भूमि सर्वेक्षण के कारण जमीन से जुड़े दस्तावेजों में आम लोगों की बढ़ी रूचि का प्रभाव सोनपुर मेला में भी नजर आ रहा है। यहां लगे राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के स्टाल पर बड़ी संख्या में लोग नक्शा खरीद रहे हैं। राजस्व नक्शों की बिक्री के लिए स्टाल नंबर दो पर दो काउंटर बनाए गए हैं। इससे भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को पौने ग्यारह लाख रुपये की आय हुई है।

विभाग के प्रवक्ता के अनुसार, दोनों काउंटर पर सीएस, आरएस, चकबंदी एवं म्युनिसिपल सर्वे नक्शा उपलब्ध है। इनकी संख्या एक लाख 36 हजार के करीब है। इन नक्शों को 150 रुपये प्रति शीट का भुगतान करके प्राप्त किया जा सकता है। भुगतान नकद किया जाता है। छोटे गांव का नक्शा एक शीट में जबकि बड़े गांव का नक्शा एक से अधिक शीट में मिलता है।

प्रवक्ता ने बताया कि मेला घूमने आनेवाला कोई भी रैयत 150 रुपये प्रति शीट के हिसाब से भुगतान करके अपने गांव का नक्शा हासिल कर सकता है। इससे पूर्व 10 रुपये की पर्ची पर अपना विवरण देना होता है। इसमें खाता, खेसरा, गांव का नाम, राजस्व थाना नंबर, अंचल और जिला का नाम भरना पड़ता है। इस पूरी प्रक्रिया में हरेक आवेदक को औसत 10 मिनट का समय लग रहा है। मंगलवार तक 2842 लोगों द्वारा 7177 शीट्स के लिए आवेदन दिया है।

## भागलपुर से किऊल तक अचानक यात्रियों के बीच क्यों मचा हड़कंप?

**एजेंसी**

### अधिकारियों ने 485 यात्रियों को दबोचा



**जमालपुर (मुंगेर):** ईस्टर्न रेलवे के प्रिंसीपल चीफ कामर्शियल मैनेजर उदय शंकर झा ने अपनी टीम के साथ गुरुवार भागलपुर-जमालपुर-किऊल रेल खंड स्टेशन पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया। अभियान में 485 बेटिकट यात्री धराए। इनसे लगभग 2 लाख 14 हजार 640 रुपये जुमार्ना वसूला गया। भागलपुर से किऊल के बीच विभिन्न स्टेशनों व ट्रेनों में स्पेशल ड्राइव के तहत सघन टिकट चेकिंग अभियान चलाया।

जमालपुर, बरियारपुर, सुल्तानगंज, नाथनगर, अकबरनगर, अभयपुर स्टेशनों पर आरपीएफ एवं टीटीई टीम के साथ पहुंचे और स्टेशन की प्रवेश व निकासी द्वार को सीलकर टिकट चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग अभियान से दिनभर बेटिकट यात्रियों में हड़कंप का माहौल देखा गया। चीफ कामर्शियल मैनेजर ने एक दर्जन एक्सप्रेस व पैसेंजर ट्रेनों की एसी से लेकर जनरल कोच में सफर कर रहे बेटिकट यात्रियों को पकड़ा और जुमार्ना किया। मौके पर मालदा मंडल के सीनियर डीसीएम एस. भट्टाचार्या, स्टेशन प्रबंधक संजय कुमार, सीएमई संजीव कुमार गुप्ता, सीआईटी अमर कुमार, आइओडब्लू शशि, आरपीएफ इंस्पेक्टर मुकेश सेफ्ट, एपीआरओ प्रणय कुमार, सीएचआई पंकज कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

**बनमनखी और सरसी स्टेशन के बीच कुशहा गांव में हाल्ट बनाने की उठी मांग :** समस्तीपुर रेल प्रमंडल अंतर्गत पूर्णियां-सहरसा रेल खंड के बनमनखी जंक्शन और सरसी स्टेशन के मध्य में कुशहा या जीयनगंज के समीप एक नया रेलवे हाल्ट बनाने की मांग स्थानीय लोग दशकों पूर्व से कर रहे हैं। स्थानीय मणी भूषण प्रसाद, अधिवक्ता वेदानंद यादव, पूर्व जिला परिषद विपिन यादव उर्फ डबलू, तारा चंद्र यादव, बैजनाथ बासकी, शिवनंदन हांसदा, धर्मेन्द्र बहरदार आदि ने बताया कि हमलोगों का ये मांग काफी पूराना व चिरपरिचित है।

स्थानीय लोगों का मानना है कि कुशहा गांव या जीयनगंज के समीप अगर रेलवे हाल्ट का निर्माण हो जाता है तो इलाके के करीब 20-25 हजार आबादी सीधे रेल मार्ग से जुड़ जाएंगे और इस पिछड़े इलाके के कई गांवों का विकास संभव हो सकेगा।

उक्त हाल्ट हो जाने से ट्रेन का ठहराव होगा, जिससे किसानों के उत्पाद को भी बेहतर बाजार मिल सकेगा। स्थानीय लोगों ने बताया कि उक्त रेलवे हाल्ट का निर्माण होने से महिला, मरीज, गरीब, मजदूर, व्यापारी के अलावा स्कूल-कॉलेज जाने-आने वाले छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी। यहां तक कि इलाके के अतिप्राचीन स्थल सिद्धिदात्री कुशहा काली मंदिर पूजा-अर्चना करने वाले श्रद्धालुओं को भी सीधा लाभ पहुंचेगा और रेल कनेक्टिविटी की सुविधा मिलेगी। रेलवे को भी राजस्व में बढ़ोतरी होगी। जबकि बनमनखी और सरसी स्टेशन की दूरी करीब 10 किमी है। वहीं बनमनखी और जानकीनगर स्टेशन की दूरी भी करीब 10 किमी है। बनमनखी और जानकीनगर के मध्य में एक हरपट्टी हाल्ट बहुत पूर्व से है।

ठीक उसी तरह बनमनखी और सरसी के मध्य में एक नया हाल्ट का निर्माण जनहित में लाभप्रद होगा। जिससे पिछड़े इलाके के लोग भी विकास की एक ओर कड़ी से जुड़ जाएंगे।

# देश के सबसे बड़े बैंक में निष्क्रिय खातों पर नजर

## - लोग सरकारी पैसे लेने के लिए खाता खोलते है, पैसे निकालकर खाता भूल जाते हैं'

**नई दिल्ली ।**

देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई के चेयरमैन सीएस शेट्टी ने एक बड़ा बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि कई खाताधारक जिन्होंने सरकारी कार्यक्रमों के तहत वित्तीय मदद हासिल करने के लिए खाते खोले हैं, वे एक सीमित संख्या में लेनदेन ही करते हैं। इसके बाद उनके खाते निष्क्रिय हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे खातों के लिए बैंक नए नियमों के लागू होने की स्थिति में है। इसके अलावा एसबीआई ने सप्ताहांत में निष्क्रिय खातों के खिलाफ एक विशेष अभियान भी घोषित किया है। लेकिन निष्क्रिय खातों की सटीक संख्या के बारे में जानकारी नहीं है।

चेयरमैन ने आरबीआई को इस मुद्दे पर कार्रवाई करने के लिए प्रेरित करने के लिए प्रस्तावित किए गए नियमों पर सहमति जताई है। इससे पहले एसबीआई ने भारतीय रिजर्व बैंक से गैर-वित्तीय लेनदेन को सक्रिय करने के लिए नियमों में बदलाव करने की मांग की थी। इसके अलावा खाते की चालू राशि की जांच जैसे गैर-वित्तीय लेनदेन पर भी ध्यान देने की मांग की गई थी।




# नए निर्यात अवसर: ट्रंप की निर्यात नीति और भारत

## - भारत को इस अवसर का लाभ उठाने के लिए खुद को तैयार करना चाहिए

**नई दिल्ली ।**

नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी बीवीआर सुब्रमण्यम ने बताया कि अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चीन और अन्य व्यापारिक साझेदारों पर लगाए गए उच्च सीमा शुल्क की घोषणा भारत के लिए नए निर्यात अवसरों को खोल सकती है। उनका मानना है कि ये कदम भारत के लिए सकारात्मक संकेत हो सकते हैं और भारत को इस अवसर का लाभ उठाने के लिए खुद को तैयार करना चाहिए। ट्रंप ने हाल ही में मेक्सिको और कनाडा से आयात पर 25 प्रतिशत सीमा शुल्क और चीन से आयात पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने की घोषणा की थी। सुब्रमण्यम के अनुसार ये कदम भारत के व्यापार में महत्वपूर्ण परिवर्तन ला सकते हैं और भारत के लिए बहुत बड़े अवसरों का द्वार खोल सकते हैं। इस समय, भारत अमेरिका के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक है और पिछले वर्ष भारत ने अमेरिका को 77.51 अरब डॉलर के मूल्य में माल भेजा था। इस संदर्भ में नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने भी व्यापार घाटे के मुद्दे पर सकारात्मक दृष्टिकोण व्यक्त किया। उनका कहना है कि व्यापार केवल निर्यात के बारे में ही नहीं होता, बल्कि आयात भी उसी महत्वपूर्ण है। इस महत्वपूर्ण समय पर भारत को अपने व्यापार सम्बंधों में मजबूती बनाए रखने के लिए सक्रिय रूप से कदम उठाने की आवश्यकता है। व्यापारिक दृष्टि से भी, यह अवसर भारत के गतिशील और आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था के लिए एक सुनहरा अवसर हो सकता है।




# एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस के 1.6 करोड़ ग्राहकों का डेटा लीक

## लीक हुए डेटा में सेंसिटिव ग्राहक जानकारी हैं, ग्राहक अलर्ट रहें

**नई दिल्ली ।**

साइबर सिक्योरिटी ऑर्गेनाइजेशन साइबरपीस की रिसर्च विंग ने कहा कि एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस के 1.6 करोड़ ग्राहकों का डेटा डार्क वेब फोरम पर 2,00,000 यूएसडीटी (टेथर क्रिप्टोकरेंसी) में बिक रहा है। साइबरपीस का कहना है` कि लीक हुए डेटा में सेंसिटिव ग्राहक जानकारी हैं, जिसमें पॉलिसी नंबर, नाम, मोबाइल नंबर, डेट ऑफ बर्थ, ईमेल एड्रेस, एड्रेस, हेल्थ स्टेटस आदि शामिल हैं। पॉलिसी नंबर और पर्नल डिटेल्स लीक होने के कारण साइबरपीस ने लोगों से कहा है कि वे अलर्ट रहें। पिछले महीने के आखिर में एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस ने कहा कि डेटा लीक के कुछ मामले सामने आए हैं और वे इस उल्लंघन के संभावित असर का आकलन कर रहे हैं। एचडीएफसी लाइफ ने एक रेगुलेटरी फाइलिंग में कहा कि हमें एक अज्ञात सोर्स से सूचना हासिल हुई है, जिसने हमारे ग्राहकों के कुछ डेटा फील्ड को हमारे साथ शेयर किया है। संभावित असर का आकलन करने के लिए इसकी आगे की जांच जारी है। साइबरपीस के मुताबिक 1.6 करोड़ ग्राहकों के डेटा को 100,000 रिकॉर्ड से शुरू करके छोटी मात्रा में बेचा जा रहा है। साइबर सिक्योरिटी ऑर्गेनाइजेशन ने कहा` कि इस उल्लंघन के लिए जिम्मेदार साइबर क्रिमिनल की पहचान अज्ञात है। साइबरपीस की जांच से पता चलता है कि हैकर्स ने पहले ही इंटरेस्टेड पार्टीज को डेटा का बड़ा हिस्सा बेच दिया है, जिससे इसके दुरुपयोग को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा हो रही हैं। अक्टूबर में भी स्टार हेल्थ को लेकर कुछ ऐसी ही रिपोर्ट्स सामने आई थीं, जिसमें बताया गया था कि स्टार हेल्थ के ग्राहकों का डेटा बिक्री के लिए उपलब्ध था। हैकर्स ने कथित तौर पर स्टार हेल्थ के 3.1 करोड़ से ज्यादा ग्राहकों से संबंधित पूरे 7.24 टीबी डेटा को 150,000 डॉलर में एक वेबसाइट पर बिक्री के लिए डाल दिया था।




# ऑडी इंडिया के नए साल में बदल जाएंगे सभी माडल्स के दाम



**नई दिल्ली ।**

ऑडी इंडिया ने अपने सभी मॉडलों की कीमतें बढ़ाने का निर्णय लिया है, जो 1 जनवरी 2025 से लागू होंगी। ऑडी इंडिया ने सोमवार को घोषणा की कि उनके सभी वाहन जनवरी 2025 से तीन प्रतिशत तक महंगे हो जाएंगे। ऑडी इंडिया भारत में ए4, ए6, क्यू3, क्यू5 और क्यू7 जैसे प्रीमियम मॉडल्स बेचती है।

कंपनी ने कहा कि बढ़ी हुई लागत, मुद्रास्फीति के दबाव और परिचालन खर्चों को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया जा रहा है। ऑडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लों ने कहा, ÷कीमतों में यह संशोधन कंपनी और डीलर भागीदारों के लिए स्थायी वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए जरूरी है। हम ग्राहकों पर इसका असर कम से कम डालने की कोशिश करेंगे।÷बीएमडब्ल्यू इंडिया ने भी अपने सभी मॉडलों की कीमतें तीन प्रतिशत तक बढ़ाने का ऐलान किया है। नई दरें 1 जनवरी 2025 से प्रभावी होंगी। कंपनी ने कहा कि यह वृद्धि बाजार की मौजूदा परिस्थितियों और लागत बढ़ने के कारण आवश्यक है। मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने भी अपने वाहनों की कीमतों में 3 प्रतिशत तक की वृद्धि का ऐलान किया है। कंपनी ने बताया कि भारत में उनके लोकप्रिय मॉडल्स की कीमतों में लाखों रुपये तक का इजाफा होगा। अगर आप किसी लग्जरी कार को खरीदने की योजना बना रहे हैं, तो दिसंबर ही आपके लिए सबसे बेहतर मौका है। 1 जनवरी के बाद इन सभी ब्रांड्स की कारें महंगी हो जाएंगी।

कीमतों में यह बढ़ोतरी ऑटो सेक्टर में लागत और परिचालन खर्चों को संभालने के लिए अनिवार्य मानी जा रही है। नया साल लग्जरी कार खरीदने वालों की जेब पर भारी पड़ सकता है। बता दें कि दिसंबर का महीना खत्म होते ही नए साल की शुरुआत के साथ कई ऑटो कंपनियां अपने वाहनों की कीमतों में इजाफा करने की तैयारी कर रही हैं। पहले ही मर्सिडीज और बीएमडब्ल्यू जैसी लग्जरी कार निर्माता कंपनियां कीमत बढ़ाने की घोषणा कर चुकी हैं। अब इस फेहरिस्त में ऑडी इंडिया का नाम भी जुड़ गया है।

# दूरसंचार विभाग की पीएलआई के विस्तार की योजना

## - विभाग की आगामी बजट के अंतर मंत्रालय परामर्श में पीएलआई का विस्तार प्रमुख मांग होगी

**नई दिल्ली ।** दूरसंचार विभाग ने कहा है कि वह उत्पादों से जुड़ी उत्पादन से प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) के विस्तार को बढ़ावा देने पर विचार कर रहा है। पीएलआई के विस्तार का मकसद दूरसंचार उपकरणों व नेटवर्क उत्पादों का घरेलू स्तर पर अधिक उत्पादन और 4जी व 5जी के गीयर के निर्यात की मांग को तेजी से पूरा करना है। अधिकारियों ने बताया कि विभाग की आगामी बजट के अंतर मंत्रालय परामर्श में पीएलआई का विस्तार प्रमुख मांग होगी। अधिकारियों ने कहा कि नए निवेश को आकर्षित करने के लिए इस योजना को बेहतर किया गया है। सिंतबर के अंत तक 42 पीएलआई लाभार्थी प्रतिबद्ध किए गए 4,115 करोड़ रुपये में से 3,925 करोड़ रुपये का निवेश कर चुके हैं। इस निवेश से 44,000 लोगों को नौके रियां मिलने के का कहा गया था लेकिन 24,980 नौकरियों का ही सृजन हो सका है। अधिकारियों के अनुसार विभाग का लक्ष्य संशोधित योजना के बूते अधिक नौकरियों की संख्या को हासिल करना है। दूरसंचार विभाग के अनुसार भारत पीएलआई योजना के तहत 60 प्रतिशत आयात प्रतिस्थापना का लक्ष्य हासिल कर चुका है। इससे भारत सिंगल ऑप्टिकल फाइबर का इस्तेमाल कर पाइंट से मल्टीपाइंट नेटवर्क, ग्राहक परिसर उपकरण (सीपीई) और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) में इस्तेमाल होने वाले एंटीना, गीगाबिट पैसिव ऑप्टिकल नेटवर्क गीयर में करीब-करीब आत्मनिर्भरता प्राप्त कर चुका है। हालांकि 2024 तक 4जी और 5जी के सभी उपकरणों का निर्यात के लक्ष्य को हासिल करना बाकी है। अधिकारी का कहना है` कि ऑप्टिकल उपकरणों, स्विच और राउटर्स के निर्यात की मांग वैश्विक स्तर पर बढ़ रही है। लिहाजा 5जी तकनीक का उपयोग करने वाले प्रमुख देशों की मांग पूरा करने के लिए अधिक मदद की जरूरत है। भारत की नीति में निवेश आकर्षित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। भारत की दूरसंचार तकनीक में निवेश करने के लिए कीनिया, मॉरीशस, पापुआ न्यू गिनी सहित कई देशों ने रुचि दिखाई है। इस योजना की शुरुआत 2021 में की गई थी और इसमें पांच साल के लिए 12,195 करोड़ रुपये का आबंटन किया गया था।

# विशाल मेगा मार्ट का आईपीओ 11 दिसंबर को खुलेगा

## आईपीओ के दस्तावेजों के अनुसार इसमें कोई नया निर्गम शामिल नहीं

**नई दिल्ली ।** भारत के सुपरमार्केट सेगमेंट की अग्रणी कंपनी विशाल मेगा मार्ट ने घोषित किया है कि वह 8,000 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) का आयोजन 11 दिसंबर को करेगी। यह आईपीओ 13 दिसंबर तक खुला रहेगा और बड़े निवेशक 10 दिसंबर को बोली लगा सकेंगे। आईपीओ के दस्तावेजों के अनुसार इसमें कोई नया निर्गम शामिल नहीं है और इसे पूरी तरह से प्रवर्तक समयत सर्विसेज एलएलपी के द्वारा शेयरों की बिक्री पेशकश की जा रही है। विशाल मेगा मार्ट की वर्तमान मालिकी में समयत सर्विसेज एलएलपी की 96.55 प्रतिशत हिस्सेदारी है। विशाल मेगा मार्ट के संयोजकों ने बताया कि साल 2024 तक उनके पास भारत में 626 सक्रिय स्टोर होंगे, जिनमें उनकी एक मोबाइल ऐप और वेबसाइट भी शामिल होगी। विशाल मेगा मार्ट के इस आईपीओ का अवलोकन वित्तीय बाजार में बड़े ही उत्साह से किया जा रहा है और उम्मीद है कि यह अच्छे सम्पत्ति चयन का माध्यम बन सकता है।



# बिटकॉइन के भाव ने पार किया 100,000 डॉलर का स्तर

## - पिछले महीने चुनावों के बाद से बिटकॉइन की मांग और मूल्य दोनों में हो रही बढ़ोतरी

**न्यूयॉर्क ।** दुनिया की सबसे प्रमुख क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन, ने 100,000 अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर दिखाया है। इस भारी उछाल के पीछे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नामितीकरण के संदेश हो सकते हैं। ट्रंप ने हाल ही में पॉल एटकिंस को प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग (एसईसी) के नए अध्यक्ष नामित किया था। इस चयन से क्रिप्टोकरेंसी के प्रति उनके सावधान रुख का संकेत मिला और बिटकॉइन के भाव में तेजी आई। ट्रंप ने अटकिंस को उनके एक पूर्वाधिकारी गेर्ज डब्ल्यू बुश के राष्ट्रपति काल के दौरान एसईसी के आयुक्त नामित किया था। पिछले महीने के चुनावों के बाद से बिटकॉइन की मांग और मूल्य दोनों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। इस उच्चतम स्तर पर पहुंचने के बाद बिटकॉइन ने नई मील स्तंभ का निशाना साबित किया है और सभी दिशाएं इसके अगले कदम की ओर इशारा कर रही हैं।

# सिग्नेचर ग्लोबल का बड़ा कदम: नोएडा और ग्रेटर नोएडा में नई उत्थान योजना

## - कंपनी ने चालू वित्त वर्ष के लिए 10,000 करोड़ की बिक्री बुकिंग का अनुमान लगाया

**नई दिल्ली ।**

रियल एस्टेट उद्योग में एक बड़ी खबर सामने आई है। भारत की चुनौतीपूर्ण बाजार में अपनी अपूर्व क्षमताओं के साथ पहचान बनाने वाली कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल, नोएडा और ग्रेटर नोएडा में प्रवेश करने की तैयारी में है। कंपनी के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने बताया कि सिग्नेचर ग्लोबल ने यह निर्णय लिया है कि वे नोएडा, ग्रेटर नोएडा, और यमुना एक्सप्रेसवे में जमीन के तलाश करेंगे। उन्होंने इस योजना को गुरुग्राम के बाजार से परे जमीन में अपने कारोबार का विस्तार करने की योजना बताई। अे धिकारी ने हाल ही में एक उद्घाटन समारोह में कहा कि हमारा लक्ष्य इस वर्ष बिक्री बुकिंग में 25 प्रतिशत की वृद्धि करना है। हम आशा करते हैं कि हम नोएडा में अपनी पहली कदम रखेंगे और उससे उत्थानी को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा` कि हमने चालू वित्त वर्ष के लिए 10,000 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग का अनुमान लगाया है। हमने इस वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में 5,900 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग हासिल कर ली है।' पहले छह महीनों में मजबूत प्रदर्शन को देखते हुए हमें अपने वार्षिक लक्ष्य से अधिक हासिल करने की पूरी उम्मीद है।' सिग्नेचर ग्लोबल की बिक्री बुकिंग वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-सितंबर अवधि में तीन गुना होकर 5,900 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वर्ष 2023-24 की इसी अवधि में 1,860 करोड़ रुपये थी। इस समाचार ने रियल एस्टेट बाजार में एक नया उत्साह भर दिया है और सिग्नेचर ग्लोबल की नैतिकता और उद्दीपन की दिशा में प्रस्थान किया है। यह कदम उम्मीदवार है कि उद्यमियों को और भी सफलता की ओर ले जाएगा।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद, सेंसेक्स 809 अंक उछला

## निफ्टी 24,708 पर बंद

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को भारी बढ़त के साथ बंद हुआ। बाजार में ये बढ़त दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आई है। आज कारोबार के दौरान आईटी कंपनियों के शेयरों में उछाल आया। इस दौरान बेंचमार्क इंडेक्स, सेंसेक्स और निफ्टी करीब 1 फीसदी बढ़ा। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स आज 809.53 अंक या 1.00 फीसदी की शानदार बढ़त लेकर 81,765.86 अंक पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 240.95 अंक तकरीबन 0.98 फीसदी बढ़कर 24,708.40 पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 27 शेयर बढ़त पर बंद हुए। टीसीएस, इंफोसिस, टाइटन, भारती एयरटेल और बजाज फाइनैंस सेंसेक्स के टॉप-5 गेनर्स रहे। इसके अलावा, आईसीआईसीआई बैंक, टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचसीएल टेक, एचयूएल, पावर ग्रिड, एमएंडएम, कोटक बैंक, बजाज फिनसर्व, रिलायंस, टाटा स्टील, एलएंडटी, एक्सिस बैंक, एसबीआईद्ध, टाटा मोटर्स, सन फार्मा, अदाणी पोर्ट्स, मारुति, जेएसडब्ल्यू स्टील, नेस्ले इंडिया, एचडीएफसी बैंक और आईटसी के शेयर भी लाभ में रहे।

वहीं दूसरी ओर सेंसेक्स के 30 शेयरों में केवल 3 शेयर ही गिरावट पर बंद हुए। एनटीपीसी में 0.98, एशियन पेंट्स में 0.30 और इंडसइंड बैंक में 0.10 फीसदी की गिरावट दर्ज की गयी। आज निफ्टी के 41 शेयर बढ़त लेकर बंद हुए। केवल 9 शेयरों में गिरावट आई। आईटी शेयरों ने बाजार में सबसे ज्यादा उछाल रहा। निफ्टी आईटी इंडेक्स 1.95 फीसदी की बढ़त पर बंद हुआ, जिसमें टीसीएस, इंफोसिस और एलटीआईमाइंडट्री सबसे आगे रहे। ये इंडेक्स इंट्राडे ट्रेड के दौरान 45,027.95 के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। निफ्टी पीएसयू बैंक और रियल्टी इंडेक्स को छोड़कर, अन्य सेक्टोरल इंडेक्स भी बढ़त पर बंद हुए। व्यापक बाजारों की बात करें तो निफ्टी मिडकैप100 और निफ्टी स्मॉलकैप100 इंडेक्स 0.57 फीसदी और 0.83 फीसदी बढ़त के साथ बंद हुए। वहीं गत कारोबारी सत्र में बाजार में हल्की बढ़त थी। इससे पहले आज सुबह सेंसेक्स और निफ्टी की हल्की बढ़त के साथ शुरुआत हुई। यह बढ़त अमेरिकी बाजारों में मजबूती को देखते हुए आई है। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 129.52 अंक बढ़कर 81,085.85 पर खुला, जबकि निफ्टी 50 29.70 अंक ऊपर चढ़कर 24,497 पर पहुंच गया




# वनप्लस अगले तीन साल में भारत में करेगी 6,000 करोड़ का निवेश

## - वनप्लस ने प्रोजेक्ट स्टारलाईट की शुरुआत करने का निर्णय लिया

**नई दिल्ली ।** वनप्लस चीन की एक प्रमुख स्मार्टफोन निर्माता कंपनी ने भारत में व्यापार में बड़ी निवेश योजना की घोषणा की है। कंपनी की इस योजना के अनुसार अगले तीन सालों में वनप्लस भारतीय बाजार में 6,000 करोड़ रुपये तक निवेश करेगी। वनप्लस ने प्रोजेक्ट स्टारलाईट की शुरुआत करने का निर्णय लिया है, जिसमें कंपनी भारत में उत्पाद नवाचार को बढ़ावा देने और सेवाओं में सुधार करने के लिए 2,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। प्रोजेक्ट स्टारलाईट निवेश की मुख्य धाराओं में अधिक टिकाऊ उपकरण बनाने, ग्राहक सेवा में उत्कृष्टता बढ़ाने और भारत-विशिष्ट विशेषताओं को विकसित करने का उद्देश्य है। वनप्लस के भारत में एक प्रमुख अे धिकारी ने इस निवेश की उच्च प्राधान्यता को दर्शाते हुए कहा कि भारत उनके लिए प्रमुख बाजार है और वे भारतीय समुदाय का साथ और समर्थन प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह निवेश कंपनी के ब्रांड के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है और उत्पादों और सेवाओं में नवाचार लाने में मदद करेगा। वनप्लस की यह बड़ी निवेश भारतीय स्मार्टफोन बाजार में एक नया मुकाम स्थापित कर सकती है और वनप्लस को भारत में एक मान्य ब्रांड बनाने में मदद कर सकती है।



# भारतीय एडटेक सेक्टर में सुधार के संकेत

## - साल 2024 में अभी तक 68 सौदों में 60.88 करोड़ डॉलर की रकम जुट चुकी है

**नई दिल्ली ।**

वित्तीय वर्ष 23-24 में भारतीय एडटेक क्षेत्र में आंकड़ों में एक निरंतर सुधार का संकेत मिल रहा है। एक नई रिपोर्ट के अनुसार मार्केट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म ट्रैक्सन ने पिछले वर्ष की तुलना में एडटेक सेक्टर में रकम जुटाने में 153 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। इस सुधार के परिणामस्वरूप साल 2024 में अभी तक 68 सौदों में 60.88 करोड़ डॉलर की रकम जुट चुकी है। इसके पूर्व वित्त वर्ष में 106 सौदों में सिर्फ 24.09 करोड़ डॉलर ही जुटाई गई थी। इस सुधार का मुख्य कारण है निवेशकों की रुचि जोर देने में। उन्हें वहां निवेश करने के लिए कंपनियों की खोज हो रही है जो अच्छे प्रदर्शन और दमदार संभावनाओं के साथ निकासी कर रही हैं। फिजिक्स वाला ने भी अपने मूल्यांकन में दोगुना कायम किया है। इसे 21 करोड़ डॉलर की राशि जुटा कर अब 2.8 अरब डॉलर का मूल्यांकन मिला है। एकौरेडटिक्स की तरफ से भी एक बड़ा उत्साह नजर आ रहा है। उन्होंने टीपीजी के द राइज फंड में 15 करोड़ डॉलर की रकम जुटाई और अब उनका मूल्यांकन 3.2 अरब डॉलर हो गया है। हालांकि इस सुधार के साथ कुछ कंपनियों का संघर्ष भी जारी है। वित्त वर्ष 23 में वेदांतु का घाटा 46 प्रतिशत तक कम हो गया है, जबकि अनएकेडमी का राजस्व 5 प्रतिशत घटकर रह गया है। इसके बावजूद, कुशल कारोबारों की कंपनियां जैसे फिजिक्स वाला, एरुडिटस और अपग्रेड बाजार के अग्रणी बन रही हैं। एडटेक सेक्टर में यह सुधार निवेशकों के लिए एक अच्छी खबर है और उन्हें कंपनियों में निवेश के लिए और भी उत्सुक कर रहा है। इस विकास के साथ, कुशल एडटेक कारोबारों के उभरने का समय आ गया है और नए संभावित क्षेत्रों में निवेश का दौर शुरू हो चुका है।




# प्रिस्टीन वैल्यू लॉजिस्टिक्स ने अंतरिक्ष समूह के साथ किया समझौता

## कंपनी भिवंडी में 165,000 वर्ग फुट क्षेत्र भूमि का अधिग्रहण करेगी

**मुंबई ।** लॉजिस्टिक्स कंपनी प्रिस्टीन वैल्यू लॉजिस्टिक्स ने भिवंडी में अपने सुविधाओं को बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कंपनी ने 165,000 वर्ग फुट के गोदाम क्षेत्र का अधिग्रहण किया है और दीर्घकालिक पट्टा समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस कदम से कंपनी अपनी गोदाम क्षमता को बढ़ाकर बेहतर लॉजिस्टिक्स सेवाएं प्रदान करने में सक्षम होगी। प्रिस्टीन लॉजिस्टिक्स के एक व रिष्ठ अ धिकारी ने इस संदर्भ में बताया कि यह विस्तार की रणनीति समूह के समग्र दृष्टिकोण के साथ मेल खाती है। उन्होंने बताया कि ग्रहणन क्षेत्र का निर्माण ध्यान में रखकर किया गया है ताकि ग्राहकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने की सामर्थ्य मिल सके। वर्तमान में कंपनी के पास भिवंडी में 11,00,000 वर्ग फुट का भंडारण स्थान है, जिसमें प्रतिदिन 35,000 से अधिक डिब्बे संभाले जा सकते हैं। यह स्थान कंपनी को अपने ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने में मदद करेगा और उन्हें अपनी व्यापक लॉजिस्टिक्स सेवाएं और आपूर्ति श्रृंखला में सुधार करने का मौका देगा।

# हुंदै एक जनवरी से अपने वाहनों की कीमत 25,000 तक बढ़ाएगी

## - मूल्य वृद्धि सभी मॉडलों पर लागू होगी

**नई दिल्ली ।** हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड ने गुरुवार को घोषणा की कि वह अपने विभिन्न मॉडल वाहनों की कीमतों में एक जनवरी 2025 से 25,000 रुपये तक की वृद्धि करेगी। कंपनी ने बताया कि कच्चे माल की लागत में वृद्धि, प्रतिकूल विनिमय दर और लॉजिस्टिक्स लागत में वृद्धि के कारण मूल्य वृद्धि आवश्यक हो गई है। इस निर्णय के साथ कंपनी ने यह सुनिश्चित किया कि मूल्य वृद्धि सभी मॉडलों पर लागू होगी और इसकी सीमा 25000 रुपये तक होगी। कंपनी के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने यह निर्णय कहा कि एक मूल्य समायोजन के जरिये वहन करना अनिवार्य हो गया है, क्योंकि कंपनी ने हमेशा ग्राहकों पर कम प्रभाव डालने का प्रयास किया है। वर्तमान में एचएमआईएल की विभिन्न वाहन श्रृंखला की कीमत 5.92 से 46.05 लाख रुपये के बीच है। उन्होंने बताया कि यह मूल्य वृद्धि 2025 के सभी मॉडलों पर प्रभावित होगी।

# पुरुष जूनियर एशिया कप: भारत ने पाकिस्तान को 5-3 से हराकर जीता खिताब




**मस्कट, (एजेंसी)।** अराएजीत सिंह हुंदल के चार गोलों की बदौलत भारत ने बुधवार को पुरुष जूनियर एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान को 5-3 से हराकर अपना खिताब बरकरार रखा। इसी के साथ भारत पांचवीं बार यह टूर्नामेंट जीतने वाली पहली टीम बन गई हैं। आज यहां ओमान के मस्कट खेले गये फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान के लिए हन्नान शाहिद ने मैच के तीसरे मिनट में गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके एक मिनट बाद भारत के अराएजीत सिंह हुंदल ने पेनल्टी कार्नर की मदद से चौथे मिनट में गोल कर स्कोर को 1-1 से बराबर कर दिया।

इसके बाद भारत के अराएजीत सिंह हुंदल ने एक बार फिर कमाल करते हुए दूसरे क्वार्टर में 18वें मिनट में फिर से पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर भारत को बढ़त दिला दी। इसके बाद दिलराज सिंह ने 19वें मिनट में गोलकर भारत की बढ़त 3-1 कर दी। पकिस्तान के लिए सुफिया खान ने 30वें और 39वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के जरिए गोल कर स्कोर 3-3 से बराबर कर दिया। तीसरा क्वार्टर समाप्त होने के बाद दोनों टीमों का स्कोर तीन-तीन से बराबर रहा। चौथे क्वार्टर मे अराएजीत सिंह हुंदल ने 47वें मिनट में मैदानी गोल और उसके बाद 54वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के जरिए गोलकर स्कोर को 5-3 कर भारत की जीत सुनिश्चत कर दी। भारतीय ने लगातार दूसरी बार पुरुष जूनियर एशिया कप का खिताब जीता है। भारत ने 2023 में भी टूर्नामेंट का चैंपियन रहा था। इससे पहले भारत ने 2015 और 2008 और 2004 में भी यह खिताब जीता था। उल्लेखनीय है कि भारत ने मंगलवार को सेमीफाइनल में मलेशिया को 3-1 से हराकर टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया था।

# गोवा ने लगाई जीत की हैट्रिक, हैदराबाद एफसी के खिलाफ बटोरे पूरे तीन अंक



**हैदराबाद (एजेंसी)।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 में हैदराबाद एफसी का अपने घरेलू मैदान जीएमसी बालायोगी एथलेटिक स्टेडियम में हारने का सिलसिला जारी है। मेजबान टीम को अपने घर पर खेले चौथे मैच में भी हार मिली, जब एफसी गोवा ने बुधवार रात आईएसएल 2024-25 में जीत की हैट्रिक पूरी करते हुए मुकाबला 2-0 से अपने नाम किया।

एफसी गोवा की जीत में राइट विंगर उदांता सिंह ने 33वें और स्पेनिश अटैकिंग मिडफील्डर इकर गुआरोटक्सेना ने 44वें मिनट में गोल किए। स्पेनिश अटैकिंग मिडफील्डर इकर गुआरोटक्सेना को दूसरा गोल करने और मिडफील्ड में दमदार खेल दिखाने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। एफसी गोवा 10 मैचों में पांच जीत, तीन ड्रा और दो हार से 18 अंक लेकर तालिका में छठे से तीसरे स्थान पर आ गई है।

वहीं, अपनी टीम की लगातार तीसरी हार से हैदराबाद एफसी के हेड कोच थांगबोई सिंग्टो जरूर निराश होंगे। हैदराबाद एफसी 10 मैचों में दो जीत, एक ड्रा और सात हार से सात अंक लेकर तालिका में 11वें स्थान पर बनी हुई है। यह आईएसएल में दोनों टीमों के बीच 11वां मुकाबला था और आज एफसी गोवा ने छठी बार जीत हासिल की है जबकि हैदराबाद ने तीन मैच जीते हैं। दो मैच ड्रा रहे हैं।

मैच का पहला गोल 33वें मिनट में आया, जब राइट विंगर उदांता सिंह ने एफसी गोवा को शुरुआती बढ़त दिलाते हुए स्कोर 1-0 कर दिया। 44वें मिनट में स्पेनिश अटैकिंग मिडफील्डर इकर गुआरोटक्सेना ने गोल करके एफसी गोवा की बढ़त को दोगुना करते हुए स्कोर 2-0 कर दिया।

पहले हाफ में दबदबा एफसी गोवा का रहा क्योंकि राइट विंगर उदांता सिंह और स्पेनिश अटैकिंग मिडफील्डर इकर गुआरोटक्सेना के गोल की बदौलत बढ़त बनाई और उसे बरकरार रखा। लिहाजा, एफसी गोवा 2-0 की बढ़त के साथ हाफ टाइम ब्रेक पर गई। गेंद पर ज्यादा नियंत्रण एफसी गोवा का 62 फीसदी रहा। गोवा ने छह प्रयास किए और दो शॉट टारगेट पर रखे, जिन पर गोल आए। वहीं, गेंद पर 38 फीसदी कब्जा रखने वाली हैदराबाद एफसी की ओर से आठ प्रयास किए गए, जिनमें से तीन शॉट टारगेट पर भी रहे लेकिन गोल नहीं आया।

# केएल राहुल और जायसवाल पारी की शुरुआत करेंगे, रोहित शर्मा इस क्रम पर करेंगे बल्लेबाजी



**एडिलेड (एजेंसी)।** भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने आज कहा कि शुक्रवार से एडिलेड में शुरु होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पारी की शुरुआत और वह मध्यक्रम में बल्लेबाजी करने उतरेंगे। मैच से पहले गुरुवार को रोहित ने कहा, 'वह पारी की शुरुआत नहीं करेंगे। उन्होंने कहा मैं मध्यक्रम में बल्लेबाजी करूंगा।'

मध्य क्रम में अपनी बल्लेबाजी को लेकर रोहित ने कहा, 'यह एक अभ्यास मैच था। इसी कारण से हमने अधिक कुछ सोचे बिना, अपना खेल आगे बढ़ाना चाह रहे थे। पहले से ही एक दिन बारिश के कारण धुल चुका था। हम चाह रहे थे कि हमें थोड़ा गेम टाइम मिले। हम मैच के डिटेल के बारे में अधिक कुछ नहीं सोच रहे थे। हमने गुलाबी गेंद के साथ अधिक नहीं खेला है तो हम चाह रहे थे कि हमें इस गेंद के साथ खेलने का अवसर मिले।'

रोहित ने राहुल की अनुकूलन क्षमता की प्रशंसा करते हुए कहा, 'राहुल ने दबाव में शानदार प्रदर्शन किया। उनकी पारी ने हमें वह स्थिरता दी जिसकी हमें जरूरत थी।' जायसवाल के प्रदर्शन पर रोहित ने कहा, 'जायसवाल की पारी ने उनकी उम्र से कहीं अधिक परिपक्वता दिखाई। राहुल के साथ उनकी साझेदारी टर्निंग पॉइंट थी।'

भारतीय कप्तान ने कहा, 'पर्थ जैसी पिच पर 500 रन बनाना बहुत बड़ी बात है। बाहर से यह देखकर मुझे बहुत अच्छा लगा और इसमें कोई बदलाव करने की भी जरूरत नहीं है। व्यक्तिगत तौर पर यह मेरे लिए आसान नहीं था लेकिन टीम के लिहाज से यह तर्कसंगत भी था। गुलाबी गेंद खेल में एक नया आयाम जोड़ती है। हम अपनी योजनाओं को क्रियान्वित करने और पर्थ से मिली लय को जारी रखने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।'

# भारत और पाकिस्तान ने अंडर-19 एशिया कप का सेमीफाइनल में किया प्रवेश




**शारजाह (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान ने बुधवार को अपने-अपने ग्रुप मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज करते हुए अंडर-19 एशिया कप का सेमीफाइनल में जगह बना ली है। इससे पहले युद्धजीत गुहा (तीन विकेट), चेतन शर्मा और हार्दिक राज(दो-दो विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद वैभव सूर्यवंशी (नाबाद (76) और आयुष म्हात्रे (67) की आतिशी बल्लेबाजी के दम पर भारत ने बुधवार को अंडर-19 एशिया कप के 12वें मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) 10 विकेट से शिकस्त देकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

138 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे की भारतीय सलामी जोड़ी ने तूफानी अंदाज बल्लेबाजी करते हुए महज 16.1 ओवर में बिना कोई विकेट खोए 143 रन पर बनाकर 10 विकेट से मुकाबला जीत लिया। वैभव सूर्यवंशी ने 46 गेंदों में तीन चौके और छह छक्के लगाते हुए (नाबाद (76) रनों की पारी खेली। आयुष म्हात्रे ने 51 गेंदों में चार चौके और चार छक्के लगाते हुए (नबाद 67) रन बनाये।

इससे पहले आज यहां यूएई ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी यूएई की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 17 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। आर्यन सक्सेना (नौ) और यायीन राय (शून्य) पर आउट हुये। इसके बाद 15वें ओवर में हार्दिक राज ने इथन डिसूजा (17) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। अक्षत राय (26), मोहम्मद रयान (35) और उद्दीश सुरी (16) रन पर आउट हुये। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे यूएई के सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके और यूएई की पूरी टीम 44 ओवर में 137 रन पर सिमट गई। भारत की ओर से युद्धजीत गुहा ने तीन विकेट लिये। चेतन शर्मा और हार्दिक राज को दो-दो विकेट मिले। केपी कार्तिकेय और आयुष म्हात्रे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

वहीं दिन के दूसरे मुकाबले में मोहम्मद रियाजुल्लाह (नाबाद 66), शाहजेब खान (45) और फहम-उल-हक (34) की शानदार पारियों के बाद मोहम्मद हुजैफा (पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने बुधवार को अंडर-19 एशिया कप के 11वें एकदिवसीय मुकाबले में जापान को 180 से करारी शिकस्त देते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। 244 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जापान की टीम को मोहम्मद हुजैफा आठ रन देकर (पांच विकेट), मोहम्मद अहमद , अहमद हुसैन ने (दो-दो) विकेट तथा फहम-उल-हक ने एक विकेट के कहर का सामना करना पड़ा। जापान की ओर से निहार परमार ने सर्वाधिक (25) रनों की पारी खेली। जापान के 10 खिलाड़ी दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। पाकिस्तानी गेंदबाजों ने 28.3 ओवर में जापान को 68 रन पर ढ़ेर कर मुकाबला 180 रनों से जीत लिया।

इससे पहले आज यहां पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और जापानी गेंदबाजों ने शुरुआत में पाकिस्तान के किसी भी बल्लेबाज को अधिक देर तक पिच पर नहीं टिकने दिया। कप्तान साद बेग (तीन), हारून अरशद (नौ), फरहान यूसफ (10) और फहम-उल-हक (34) और तैय्यब आरिफ (20) रन बनाकर आउट हुये। 25वें ओवर में 100 रन के स्कोर तक अपने पांच विकेट गवां कर पाकिस्तान की टीम संकट में फंस गई थी। ऐसे संकट के समय शाहजेब खान मोहम्मद रियाजुल्लाह ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच 82 रनों की साझेदारी हुई। छठे विकेट के रूप में शाहजेब खान (45) का विकेट गिरा। मोहम्मद रियाजुल्लाह (66) और अहमद हुसैन (30) रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान ने निर्धारित 50 ओवरों में छह विकेट पर 243 रन बनाये। जापान की ओर से निहार परमार ने दो विकेट लिये। के वाई लेक ,के वॉल,चार्ल्स हिंजे,और तिमुती मूरे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। शुक्रवार को सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला श्रीलंका से होगा। और इसी दिन दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान की टीम बंगलादेश से भिड़ेगी।

# बजरंग ने किया किसानों का समर्थन



सोनीपत । ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान बजरंग पुनिया ने कहा है कि वह हमेशा किसानों के साथ रहेंगे। किसानों के दिल्ली कूच की घोषणा को लेकर बजरंग ने ये बात कही। उन्होंने कहा कि वह किसानों के साथ कल भी थे, और आगे भी रहेंगे। साथ ही कहा, 'यह दुख की बात है कि जब हमारे किसान भाई आंदोलन कर रहे थे, तब उनकी शहादत भी हुई और अब भी आंदोलन जारी है पर उनकी समस्या हल नहीं हुई। किसानों को शांतिपूर्वक अपनी मांगें रखने का अधिकार है पर उन्हें रोका जा रहा है। उन्होंने कहा, 'हमारे उपराष्ट्रपति ने भी यह सवाल उठाया कि अगर सरकार ने लिखित में किसाने से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) देने का वादा किया था, तो अब तक किसानों को वह क्यों नहीं दिया गया? उनके इस बयान का हम स्वागत करते हैं क्योंकि वह किसानों की आवाज उठाने के लिए आगे आए हैं। किसानों की मुख्य मांग है कि उन्हें अपनी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य मिले जिससे वे अपनी जिंदगी ठीक से चला सकें। यह कोई बड़ी मांग नहीं है; हर व्यक्ति को उसकी मेहनत के अनुसार मूल्य मिलना चाहिए।' इसलिए चाहे वह शंभू बॉर्डर पर आंदोलन हो या किसी और जगह, मेरा समर्थन किसानों के साथ है।' उन्होंने कहा, 'खिलाड़ियों ने जो आंदोलन किया था, वह उनके अधिकारों के लिए था, और राजनीति से परे था।

# विराट को फिर कप्तान बना सकती है आरसीबी : अश्विन



मुम्बई । दिग्गज स्पिनर आर अश्विन ने कहा है कि विराट कोहली को एक बार फिर से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) अपना कप्तान बना सकती है। आरसीबी ने 2025 सत्र के लिए नीलामी के बाद अपनी नई टीम बना ली है पर इस टीम का अगला कप्तान कौन होगा वह अभी साफ नहीं हुआ है। विराट के अलावा इस टीम में क्रुणाल पंड्या और भुवनेश्वर कुमार ही दो ऐसे खिलाड़ी है जिन्हें कप्तानी का दावेदार माना जा रहा है। अश्विन का मानना है कि विराट आईपीएल सत्र सीजन के लिए कप्तानी संभाला सकते हैं। कोहली ने साल 2022 में टीम की कप्तानी छोड़ दी थी पर 2023 में फॉफ डुप्लेसिस के चोटिल होने के बाद कुछ मैचों में उन्होंने टीम की कप्तानी करनी पड़ी थी। आरसीबी की ओर से फिलहाल कप्तान को लेकर कुछ नहीं कहा जा रहा है पर अश्विन को लगता है कि ये पहले से तय है। उन्होंने कहा कि कोहली ही कप्तान की भूमिका में नजर आएंगे क्योंकि आरसीबी ने नीलामी के तहत किसी ऐसे खिलाड़ी को नहीं खरीदा जो कप्तान बन सके। अश्विन ने ये भी कहा कि आरसीबी के लिए ये नीलामी अच्छी रही क्योंकि उन्होंने अपनी टीम को संतुलित किया और सही खिलाड़ियों का चयन किया है। अश्विन ने कहा कि आरसीबी ने आरटीएम का ज्यादा इस्तेमाल किए बना ही अपने पहले 12-14 खिलाड़ियों को समझदारी से खरीदा। उन्होंने कहा कि मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि उनकी नीलामी बेहतरीन रही। उन्होंने संतुलन बनाए रखा और इंतजार करते हुए जरुरत के अनुसार खिलाड़ी खरीदे।

# ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने भारत को पांच विकेट से हराया




**ब्रिसबेन (एजेंसी)।** मेगन शूट (पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद जॉर्जिया वॉल (नाबाद 46) और फीबी लिचफील्ड (35) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने पहले एकदिवसीय मुकाबले में भारतीय टीम को पांच विकेट से हरा दिया है।

100 रनों के छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की जॉर्जिया वॉल और फीबी लिचफील्ड की सलामी जोड़ी ने अपनी टीम को अच्छी शुरुआत दिलाते हुए पहले विकेट के लिय 48 रन जोड़े। सातवें ओवर में रेणुका सिंह ने फीबी लिचफील्ड (35) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद नौवें ओवर में रेणुका ने एलिस पेरी (एक), बेथ मूनी (एक) को आउट कर भारत को वापसी की उम्मीद जताई। ऐनाबेल सदरलैंड (6) और एश्ली गार्डनर (आठ) को प्रिया मिश्रा ने आउट किया। ऑस्ट्रेलिया ने 16.2 ओवर में पांच विकेट पर 102 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया। मेगन शॅट को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया।

भारत की ओर से रेणुका सिंह ने तीन विकेट लिये। प्रिया मिश्रा ने दो बल्लेबाजों को आउट किया।

इससे पहले आज यहां भारतीय महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही और उसने महज 19 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। स्मृति मंधाना (आठ) और प्रिया पुनिया (तीन) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद हरलीन देओल और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पारी को संभलाने का प्रयास किया। 12वें ओवर में एश्ली गार्डनर ने हरलीन देओन (19) रन को आउट कर भारत को तीसरा झटका दिया। इसके बाद सदरलैंड ने कप्तान हरमनप्रीत कौर (17) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। जेमिमाह रॉड्रिग्स (23) और ऋचा घोष (14) रन बनाकर आउट हुई। शेष कोई भी बल्लेबाज ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे नहीं टिक सका। सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। भारत की पूरी टीम 34.2ओवर में 100 के स्कोर पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मेगन शूट ने पांच विकेट लिये। किम गार्थ, एश्ली गार्डनर,ऐनाबेल सदरलैंड और अलाना किंग ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# पृथ्वी को मिला पीटरसन और वॉटसन का साथ



लंदन । खराब दौर से गुजर रहे बल्लेबाज पृथ्वी शॉ को अब दो दिग्गज क्रिकेटरों का समर्थन मिला है। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन ने पृथ्वी का बचाव करते हुए उसे एक असाधारण प्रतिभा बताया है। पृथ्वी पिछले काफी समय ये भारतीय टीम से बाहर हैं। इस दौरान उनका प्रदर्शन घरेलू क्रिकेट में भी खराब रहा जिस कारण उन्हें आईपीएल नीलामी में भी कोई खरीददार नहीं मिला। इसके बाद से ही पृथ्वी को आलोचनाओं का शिकार होना पड़ा था पर और अब उन्हें पीटरसन और औस्ट्रेलिया के शेन वॉटसन से समर्थन मिला है। इस युवा को आईपीएल में कोई खरीददार नहीं मिलने का कारण फिटनेस और अनुशासनहीनता को माना जा रहा है पीटरसन ने पृथ्वी से कहा है कि उन्हें अपनी ऊर्जा फिट होने में लगानी चाहिए और अगर उन्हें एक बार फिर सफल होना है तो सोशल मीडिया से दूर रहना होगा। पृथ्वी ने किशोरावस्था में पदार्पण करते हुए टेस्ट शतक बनाया था पर अब 25 साल की उम्र में वह असफल खिलाड़ी नजर आ रहे हैं जिसे कोई नहीं लेना चाहता है। आईपीएल में उनकी अपनी टीम दिल्ली कैपिटल्स ने भी उन्हें 75 लाख रुपए के आधार मूल्य पर भी खरीदने बोली नहीं लगायी। इसका कारण पूर्व क्रिकेटरों के अनुसार मैदान के बाहर की उनकी नकारात्मक छवि है। पीटरसन ने 'सोशल मीडिया में लिखा कि खेल में वापसी की कुछ बेहतरीन कहानियां हैं। अगर पृथ्वी के आस पास अच्छे लोग हैं जो उनकी सफलता की परवाह करते हैं तो वे उन्हें सोशल मीडिया से दूर रहने और पूरी तरह से फिट होने के लिए ट्रेनिंग करने को कहेंगे। यह उसे सही रास्ते पर वापस ले आएगा जहां पिछली सफलता वापस हासिल की जा सकती है। वह बहुत प्रतिभाशाली हैं। हाल में इस क्रिकेटर को अधिक वजन के कारण ही मुंबई रणजी टीम से बाहर कर दिया गया था। उनकी सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट में वापसी हुई पर वहां भी अब तक विफल रहे हैं।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट में भी जीत का सिलसिला बनाये रखने उतरेगी भारतीय टीम




**एडिलेड (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम शुक्रवार से यहां मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में जीत के इरादे से उतरेगी। ये मैच दिन-रात का है और इसलिए गुलाबी गेंद से खेला जाएगा। इस मैच से कप्तान रोहित शर्मा औ शुभमन गिल टीम में वापसी करेंगे। रोहित दूसरे बच्चे के जन्म के कारण पर्थ में खेले गये पहले टेस्ट में शामिल नहीं थे जबकि शुभमन चोटिल होने के कारण बाहर थे। भारतीय टीम ने पर्थ में हुए पहले टेस्ट में 295 रनों से बड़ी जीत दर्ज की है जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। ऐसे में वह दूसरे टेस्ट में भी जीत के साथ ही सीरीज में अपनी बढ़त को और आगे ले जाना चाहेगी। पहले टेस्ट में के एल राहुल ने यशस्वी जायसवाल के साथ पारी की शुरुआत करते हुए शानदार साझेदारी बनायी थी। इसी के बाद से ही सवाल उठ रहे थे कि कप्तान रोहित की वापसी के बाद वह पारी की शुरुआत करेंगे या राहुल और यशस्वी को ही ये जिम्मेदारी देंगे। इस का जवाब रोहित ने दिया है और कहा है कि राहुल और यशस्वी ही पारी शुरु करेंगे और वह मध्यक्रम में जरुरत के अनुसार उतरेंगे। वहीं शुभमन किया जगह पर उतरेंगे ये भी देखना होगा।

भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के अपने पिछले दौर में एडिलेड में खेले गए दिन रात्रि टेस्ट क्रिकेट मैच में अपनी पहली पारी में 36 रन पर आउट हो गया थी लेकिन इसके बाद उसने अच्छी वापसी करके श्रृंखला जीती थी। इस बार भारतीय टीम पहले मैच में जीत से उत्साह से उत्साहित है, इसलिए वह गुलाबी गेंद वाले इस मैच में बढ़े हुए मनोबल से उतरेगी।

दिन-रात्रि टेस्ट मैच हालांकि भारतीय बल्लेबाजों के सामने अलग तरह की चुनौती पेश करेगा। गुलाबी गेंद से अतिरिक्त सीम मूवमेंट मिलता है और भारतीय बल्लेबाजों को इससे पार पाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा। ऑस्ट्रेलिया का दिन रात्रि टेस्ट मैच में रिकॉर्ड अच्छा रहा है। उसने अभी तक घरेलू धरती पर जो 12 दिन रात्रि टेस्ट मैच खेले हैं उनमें से उसे केवल एक मैच में हार का सामना करना पड़ा लेकिन पहले टेस्ट मैच में करारी शिकस्त झेलने के कारण इस बार उसकी टीम पर दबाव रहेगा। रोहित मध्यक्रम में कहीं भी उतरें वह बड़ा स्कोर बनाने के लिए बेताब होंगे क्योंकि न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया में भी उनका रिकॉर्ड अच्छा नहीं है और वह इसमें सुधार करना चाहेंगे। रोहित और शुभमन अंतिम एकादश में देवदत्त पडिक्कल और ध्रुव जुरेल की जगह लेंगे।

# ऑस्ट्रेलियाई टीम में आक्रामकता की कमी : वॉन



सिडनी । इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा कि पहले टेस्ट में हार का कारण ऑस्ट्रेलियाई टीम में आक्रामकता की कमी होना रहा। वॉन ने कहा कि भारतीय टीम के खिलाफ बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के इस मैच में उन्हें कभी भी ऑस्ट्रेलियाई टीम में आक्रामकता नहीं दिखी थी। उनकी बल्लेबाजी में पहले वाली चमक नहीं थी। अब ऑस्ट्रेलियाई टीम एडिलेड ओवल में 6 दिसंबर को होने वाले दिन–रात के दूसरे मैच में बेहतर प्रदर्शन के इरादे से उतरेगी। पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी क्रम पूरी तरह से असफल रहा। स्टीव स्मिथ और मार्नस लाबुशेन जैसे बल्लेबाज भी रन नहीं बना पाये केवल ट्रेविस हेड ही कुछ हद तक भारतीय गेंदबाजों का सामना कर पाये। वहीं दूसरी ओर भारतीय टीम की ओर से यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली ने शतकीय पारियों खेली। जिसके कारण मेजबान टीम को विशाल लक्ष्य मिला। इसका पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मानसिक और शारीरिक रूप से थक गये। वॉन ने कहा कि भातरीय टीम एक बार आत्मविश्वास महसूस करने के बाद बेहद खतरनाक हो जाती है और यह पर्थ में दिखाई दिया क्योंकि उनकी बॉडी लैंग्वेज और खेलने का तरीका आक्रामक था। वॉन ने कहा, भारतीय टीम एक बहुत ही खतरनाक टीम है, खासकर जब उन्हें आत्मविश्वास मिलना शुरू होता है और मुझे लगता है कि हमने पर्थ में यह देखा था। उनके पास वह ऊर्जा और वह आक्रामक स्वभाव है, और यही एक चीज है जिसने मुझे पर्थ में हौरान कर दिया। मुझे पता है कि भारत शीर्ष पर था, लेकिन भारत एक अधिक आक्रामक टीम की तरह लग रहा था। वहीं ऑस्ट्रेलिया एक ऐसी टीम की तरह लग रहा था जो बस खेल रही थी। उन्होंने कहा, मैंने कोई आक्रामकता नहीं देखी। यशस्वी के खिलाफ बाउंसर थ्योरी नहीं देखी। मैंने मैदान पर किसी तरह का टकराव नहीं देखा। वॉन ने कहा कि शायद ऑस्ट्रेलियाई टीम को रिटायर्ड बल्लेबाज डेविड वार्नर की कमी खली जिन्होंने अपनी बल्लेबाजी और मैदान पर टकराव, स्लेजिंग और मजाक के माध्यम से बहुत ऊर्जा और आक्रामकता दिखाई।

# बुमराह , जेनसन और राउफ आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड के लिए चयनित



**नई दिल्ली (एजेंसी)** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, दक्षिण अफ्रीका के मार्को जेनसन और पाकिस्तान के हारिस राउफ को खेल के अलग-अलग प्रारूपों में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए नवंबर माह के प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड के लिए चयनित किया है।

बुमराह को पर्थ में पहले बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आठ विकेट लेने के लिए नामांकित किया गया है।

बुमराह ने इस मैच में पहली पारी में तीन जबकि दूसरी पारी में पांच विकेट के साथ ही कुल आठ विकेट लिए।

वहीं जेनसन ने टी20 और टेस्ट में अपनी टीम को सफलताएं दिलायी हैं। सेंचुरियन में विकेट लेने के अलावा, जेनसन ने सिर्फ 17 गेंदों पर 54 रनों की तूफानी पारी भी खेली। टेस्ट में जेनसन ने श्रीलंका के खिलाफ 11 विकेट लिए। जिसमें पहली पारी में 7-13 विकेट शामिल थे।

इसके अलावा राउफ ने पाकिस्तान के लिए छह एकदिवसीय और तीन टी20 मैच खेलते हुए अपने बेहतरीन फॉर्म में वापसी की। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया दौरे की शुरुआत मेलबर्न में तीन विकेट लेकर की और सीरीज में बराबरी के लिए अहम पांच विकेट लेकर एक नया रिकॉर्ड बनाया। पर्थ में सीरीज के निर्णायक मैच में राउफ ने दो और विकेट लिए और सीरीज में शीर्ष 10 विकेट लेकर पांच की इकॉनमी रेट से पाकिस्तान को 2-1 से सीरीज जीतने में मदद की। राउफ ने इसके बाद की टी20 सीरीज में भी अपना फॉर्म जारी रखा और दूसरे मैच में चार विकेट सहित पांच विकेट लिए। इसके अलावा जिम्बाब्वे के खिलाफ एकदिवसीय में भी तीन विकेट लिए।

गुजरात के पोरबंदर में तैनात किया गया है

उन्नत निगरानी और टोही उपकरण लगे हैं

उड़ान क्षमता 24 से 48 घंटे तक है

36 घंटे तक चलने की क्षमता है

भारत की बढ़ी समुद्री ताकत

# अडाणी डिफेंस ने भारतीय नौसेना को दूसरा 'दृष्टि-10' ड्रोन किया डिलीवर, सेना के शिपिंग लाइनों की करेगा निगरानी

*दृष्टि 10 भारतीय नौसेना को विशाल समुद्री क्षेत्रों पर निगरानी करने की बेजोड़ क्षमताएं प्रदान करता है। पहला दृष्टि-10 स्टारलाइनर भारतीय नौसेना को इस साल जनवरी में दिया गया था। इसके अलावा, भारतीय सेना को जून में इसकी आपूर्ति की गई थी। दृष्टि 10 ने भारतीय नौसेना और भारतीय सेना द्वारा पोरबंदर और भटिंडा में अपने उड़ान संचालन के जरिये महत्वपूर्ण मील के पत्थर हासिल किए हैं।*

नई दिल्ली

गौतम अडाणी की अगुवाई वाले समूह की डिफेंस कंपनी अडाणी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नालॉजीस लिमिटेड ने भारतीय नौसेना को बुधवार को दृष्टि-10 ड्रोन का दूसरा यूनिट डिलीवर कर दिया। यह एक स्टारलाइनर निगरानी ड्रोन है। इस ड्रोन के मिलने से भारत की समुद्री सेना की शिपिंग लाइनों की निगरानी करने और समुद्री डकैती के जोखिम को कम करने की क्षमता में बढ़ोतरी हो गई है।

इस वर्ष की शुरुआत में भारतीय नौसेना को पहला दृष्टि-10 सौंपे जाने के बाद दूसरे मानवरहित हवाई वाहन (यूएवी) को नौसेना के समुद्री अभियानों में शामिल करने की प्रक्रिया गुजरात के पोरबंदर में शुरू की गई।



### 450 किलोग्राम पेलोड क्षमता

*यह इजराइल के ड्रोन हर्मीस 900 मध्यम ऊंचाई वाले लंबे समय तक उड़ान भरने वाले यूएवी का एक संस्करण है। इसे अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस द्वारा हैदराबाद स्थित संयंत्र में बनाया गया है। दृष्टि 10 स्टारलाइनर ड्रोन एक उन्नत खुफिया, निगरानी तथा टोही उपकरण है, जिसमें 36 घंटे चलने और 450 किलोग्राम पेलोड की क्षमता है। दृष्टि 10 एक फोर्स मल्टीप्लायर है जो भारतीय नौसेना को विशाल समुद्री क्षेत्रों की निगरानी करने की क्षमता प्रदान करता है।*

### पश्चिमी सीमा पर तैनाती

*भारतीय सेना ने ऐसे दो ड्रोन का ऑर्डर दिया है। इनमें से पहले ड्रोन को सेना ने पंजाब में अपने भटिंडा बेस पर तैनात किया है, जहां से वह पाकिस्तान के साथ पूरी पश्चिमी सीमा पर नजर रखता है। दृष्टि 10 ने भारतीय नौसेना और भारतीय सेना द्वारा पोरबंदर और भटिंडा में अपने उड़ान संचालन के जरिये महत्वपूर्ण मील के पत्थर हासिल किए हैं।*

### सभी मौसम में काम करेगा

*यूएवी प्रणाली की उड़ान योग्यता के लिए नाटो के एसटीएएनएजी 4671 (मानकीकृत समझौता 4671) प्रमाणीकरण के साथ, यह एकमात्र सभी मौसमों में काम करने वाला सैन्य उपकरण है, जिसे पृथक और असंबद्ध दोनों प्रकार के हवाई क्षेत्र में उड़ान भरने की अनुमति है। यह दीर्घकालिक, सतत बहु-पेलोड, पूर्ण स्वायत्त क्षमताएं और सैटकॉम-आधारित परिचालन उपलब्ध कराता है।*

### तीन साल से कम समय में तैयार

दृष्टि 10 स्टारलाइनर भारत के रक्षा भविष्य के लिए एक बड़े दृष्टिकोण को दर्शाता है। तीन साल से भी कम समय में, अडाणी डिफेंस ने वह हासिल कर लिया है, जो पारंपरिक रूप से उद्योग में पांच से छह साल लगते हैं। दृष्टि 10 भारतीय नौसेना को विशाल समुद्री क्षेत्रों पर निगरानी करने की बेजोड़ क्षमताएं प्रदान करता है।

### 30,000 फीट की ऊंचाई पर उड़ेगा

दृष्टि 10 ड्रोन एक प्रकार का मानव रहित हवाई वाहन है जो 10,000 से 30,000 फीट की ऊंचाई पर उड़ सकता है। इसकी उड़ान क्षमता 24 से 48 घंटे तक हो सकती है। अडानी डिफेंस ने पहले भी भारतीय सेना को दृष्टि-10 स्टारलाइनर दिया था।

## खबर संक्षेप

### स्पेस में खेती कर रही हैं सुनीता विलियम्स



**वॉशिंगटन।** नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स 8 महीने के स्पेस मिशन पर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर हैं। वह अंतरिक्ष में विलियम्स माइक्रोग्रैविटी में सब्जियां उगाने का एक महत्वपूर्ण कृषि अनुसंधान कर रही हैं जिससे अंतरिक्ष में खेती की महत्वपूर्ण चुनौतियों का समाधान हो सकता है। इस प्रयोग को प्लांट हैबिटेट-07 नाम दिया गया है। स्टडी में इस बात पर पता लगाया जा रहा है कि जीरो-ग्रेविटी के वातावरण में पानी के अलग-अलग स्तर पौधों की वृद्धि पर क्या असर डालते हैं।

### आज शाम होगी इसरो प्रोबा-3 मिशन की लॉन्चिंग

**श्रीहरिकोटा।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा



बुधवार को लॉन्च होने वाला पीएसएलवी- सी59 रॉकेट प्रोबा-3 मिशन तकनीकी खराबी के कारण स्थगित कर दिया गया है। मिशन को अब गुरुवार के लिए पुनर्निर्धारित किया गया है। इसरो गुरुवार शाम 16:12 बजे श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से मिशन को लॉन्च करेगा। प्रोबा-3 यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी का मिशन है जो सूर्य के कोरोना का अध्ययन करेगा। 'प्रोबा-3' मिशन सूर्य के परिमंडल की सबसे बाहरी और सबसे गर्म परत का अध्ययन करेगा।

भारत और चीन के रिश्तों को लेकर विदेश मंत्री ने राज्यसभा में दिया बयान

# तनाव कम करने पर होगी अगली चर्चा, शांति और स्थिरता द्विपक्षीय संबंधों के लिए महत्वपूर्ण

नई दिल्ली

*विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा है कि आने वाले दिनों में, हम सीमा क्षेत्रों में अपनी गतिविधियों के प्रभावी प्रबंधन के साथ-साथ तनाव कम करने पर भी चर्चा करेंगे। जिसमें वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैनिकों की तैनाती और उनके साथ अन्य लोगों की तैनाती का मुद्दा भी होगा।*

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने बुधवार को राज्यसभा में भारत-चीन के संबंधों पर बयान दिया। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता चीन के साथ द्विपक्षीय संबंधों के विकास के लिए अपेक्षित और महत्वपूर्ण है तथा दोनों पक्ष आने वाले दिनों में इन क्षेत्रों में गतिविधियों के प्रभावी प्रबंधन और तनाव कम करने पर चर्चा करेंगे। जयशंकर ने 'चीन के साथ भारत के संबंधों में हाल के घटनाक्रम' पर एक बयान देते हुए यह भी कहा कि पूर्वी लद्दाख में चरणबद्ध प्रक्रिया के तहत सैनिकों की वापसी का काम संपन्न हो गया है।

जो अभी देपसांग और डेमचोक में पूरी तरह संपन्न होना है। जयशंकर ने कहा कि चरणबद्ध तरीके से सैनिकों की वापसी का कार्य पूरा होने के साथ, अब हमें उम्मीद है कि शेष मुद्दों के संबंध में चर्चा शुरू होगी जिन्हें हमने एजेंडे में रखा था। उन्होंने कहा कि सैन्य वापसी के बाद अब हमें अपने राष्ट्रीय सुरक्षा हितों को सर्वोपरि रखते हुए, अपने द्विपक्षीय संबंधों के अन्य पहलुओं पर विचार करने का अवसर मिला है। आने वाले दिनों में, हम सीमा क्षेत्रों में अपनी गतिविधियों के प्रभावी प्रबंधन के साथ-साथ तनाव कम करने पर भी चर्चा करेंगे। जिसमें वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैनिकों की तैनाती और उनके साथ अन्य लोगों की तैनाती का मुद्दा भी होगा। उन्होंने कहा कि चीन के साथ एलएसी पर कुछ हिस्से को लेकर असहमति है जिसे दूर करने के लिए भारत और चीन समय-समय पर बातचीत करते हैं।

- दोनों देशों को अतीत में हुए समझौते का पालन करना होगा
- एलएसी के कुछ हिस्से पर अभी भी असहमति बरकरार



### गलवान में भारत ने प्रभावी ढंग से जवाब दिया

भारत-चीन संबंधों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और गलवान घाटी की झड़प के बारे में विदेश मंत्री ने कहा कि जून 2020 में हुई झड़प की घटना का भारत-चीन के रिश्तों पर असर पड़ा जो असामान्य रहे, जब चीन की कार्रवाइयों की वजह से सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बाधित हुई। उन्होंने कहा कि यह 45 वर्षों में पहली बार सीमा पर सैनिकों की जान जाने का मसला नहीं था, बल्कि इसके चलते एलएसी के दोनों तरफ भारी मात्रा में हथियारों की तैनाती हुई थी। जयशंकर ने कहा कि इस बीच तमाम चुनौतियों के बावजूद, हमारे सैन्य बलों ने कोविड काल, रसद की चुनौतियों और भीषण ठंड का सामना करते हुए गलवान घटनाक्रम में समुचित प्रतिक्रिया दी। वे तेजी से और प्रभावी ढंग से जवाबी तैनाती करने में सक्षम थे।

### सैनिकों की वापसी का काम पूरा

*जयशंकर ने कहा कि चरण-दर-चरण प्रक्रिया के माध्यम से पूर्वी लद्दाख में सैनिकों की वापसी का काम संपन्न हो गया है, जो अभी देपसांग और डेमचोक में पूरी तरह संपन्न होना है। जयशंकर ने यह भी कहा कि दोनों देशों के संबंध एलएसी की मर्यादा का सख्ती से सम्मान करने और समझौतों का पालन करने पर निर्भर होंगे। उन्होंने कहा कि हमारे संबंध कई क्षेत्रों में आगे बढ़े हैं, लेकिन हाल की घटनाओं से स्पष्ट रूप से रिश्ते नकारात्मक रूप से प्रभावित भी हुए हैं। हम स्पष्ट हैं कि सीमा क्षेत्रों में शांति और सौहार्द बनाए रखना हमारे संबंधों के विकास के लिए एक शर्त है।*

### तीन सिद्धांतों का पालन हो

जयशंकर ने कहा कि भारत इस बात को लेकर बहुत स्पष्ट था कि सभी परिस्थितियों में तीन प्रमुख सिद्धांतों का पालन किया जाना चाहिए। दोनों पक्षों को वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) का सख्ती से सम्मान और पालन करना चाहिए, किसी भी पक्ष को यथास्थिति बदलने का एकतरफा प्रयास नहीं करना चाहिए और अतीत में हुए समझौतों का और समझ का पूरी तरह से पालन किया जाना चाहिए।

### पीएम मोदी-चीनी राष्ट्रपति की मुलाकात का जिक्र किया

*चीन के साथ आगे के रिश्तों पर जयशंकर ने कहा कि मुद्दों के समाधान तथा संबंधों के विकास के लिए सीमा पर शांति जरूरी है। उन्होंने अपनी और चीनी समकक्षों की मुलाकातों को लेकर राज्यसभा को जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने बताया कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात के दौरान दोनों देशों के संबंध सामान्य करने पर बातचीत हुई थी।*

### विपक्ष की सवाल पूछने की मांग, सभापति ने नकारी

जयशंकर का बयान पूरा होने के बाद, कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी सदस्यों ने स्पष्टीकरण पूछने की अनुमति मांगी। हालांकि, सभापति जगदीप धनखड़ ने इन मांगों को अस्वीकार कर दिया। इस पर आपत्ति जताते हुए विपक्षी सदस्यों ने राज्यसभा से वॉकआउट कर दिया।





फिलिस्तीन को मिला भारत का साथ

# यूएन में इजराइल के खिलाफ किया वोट, 157 देशों ने भी किया समर्थन

न्यूयॉर्क

भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएन) के प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। इसमें पूर्वी येरुशलम समेत 1967 से कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्र से इजराइल की वापसी का आह्वान किया गया था। साथ ही पश्चिम एशिया में व्यापक, न्यायसंगत और स्थायी शांति पाने के आह्वान को दोहराया गया। सेनेगल द्वारा पेश फिलिस्तीन के प्रश्न का शांतिपूर्ण समाधान का मसौदा प्रस्ताव मंगलवार को 193 सदस्यीय महासभा में भारी बहुमत से अपनाया गया।

भारत उन 157 देशों में शामिल था, जिन्होंने इसके पक्ष में मतदान किया। वहीं, अर्जेंटीना, हंगरी, इजराइल, माइक्रोनेशिया, नाउरू, पलाऊ, पापुआ न्यू गिनी और अमेरिका ने इसके खिलाफ मतदान किया।


### इजराइल अपने दायित्वों का करे पालन

प्रस्ताव के माध्यम से महासभा ने अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार 1967 से पहले की सीमाओं के आधार पर मान्यता प्राप्त सीमाओं के भीतर शांति व सुरक्षा के साथ रहने वाले इजराइल और फिलिस्तीन के दो राज्य समाधान पर अपने समर्थन की पुष्टि की। प्रस्ताव में यह भी मांग की गई है कि कि इजराइल अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपने दायित्वों का सख्ती से पालन करे। इजराइल के दायित्वों का उल्लेख 19 जुलाई 2024 के अंतरराष्ट्रीय न्यायालय की सलाहकार राय में है। इसमें कहा गया था कि इजराइल कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्र में अपनी गैरकानूनी उपस्थिति को जल्द से जल्द समाप्त करे। सभी नई बस्तियों को तुरंत रोके और कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्र से सभी बसने वालों को निकाले।

### गोलन हाइट्स से कब्जा छोड़े

प्रस्ताव में कहा कि गाजा पट्टी 1967 में कब्जे वाले फिलिस्तीन का एक अभिन्न अंग है। प्रस्ताव में सैन्य हमलों, विनाश और आतंकी गतिविधियों समेत हिंसा के सभी कृत्यों के साथ-साथ उकसावे और उत्तेजना को तत्काल और पूर्ण रूप से समाप्त करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। भारत ने महासभा में एक और प्रस्ताव के पक्ष में भी मतदान किया है। इस प्रस्ताव में गोलन हाइट्स से इजराइल को कब्जा छोड़ने को कहा गया है। इस प्रस्ताव को 97 मतों के साथ पारित किया गया। 64 देशों ने मतदान से परहेज किया और 8 ने खिलाफ में मतदान किया।

# 7 दिसंबर तक ओडिशा दौरे पर राष्ट्रपति मुर्मू



### भगवान जगन्नाथ को नमन

*पुरी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ मंदिर में जाकर पूजा अर्चना की। इस दौरान उनके साथ ओडिशा के सीएम मोहन चरण मांझी भी उपस्थित रहे।*

20 साल बाद मसूद अजहर ने दिया भाषण

# भारत से कहा- परिणाम भुगतेंगे जिहादी मुहिम को देंगे नई धार

इस्लामाबाद

दुनियाभर में आतंकवाद को फैलाने के लिए कुख्यात पाकिस्तान का असली चेहरा एक बार फिर से उजागर हो गया है। जैश-ए-मोहम्मद आतंकी संगठन का प्रमुख मसूद अजहर ने 20 सालों बाद पहली बार अपना पहला संबोधन दिया है। इस भाषण में मसूद ने भारत और इजरायल के प्रधानमंत्रियों के खिलाफ जमकर जहर उगला और दोनों देशों के खिलाफ नए सिरे से जिहादी अभियान चलाने की कसम खाई है।



हालांकि, जैश-ए-मोहम्मद ने यह जानकारी नहीं दी कि मसूद अजहर ने भाषण कब और कहां दिया था, लेकिन आतंकी के खुलेआम वीडियो सामने आने के बाद पड़ोसी की आतंकवाद पर पोल खुल गई है। जैश ए मोहम्मद अपनी बातों को दुनियाभर में पहुंचाने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म भी चलाता है, जिस पर मसूद का यह वीडियो शेयर किया गया है। इस बार के वीडियो में उसने इजराइल और गाजा के बीच चल रहे युद्ध का भी जिक्र किया है।

मार्शल लॉ लगाने पर गहराया विवाद

# द. कोरिया के राष्ट्रपति के खिलाफ महाभियोग का प्रस्ताव पेश किया

सियोल

दक्षिण कोरिया में मार्शल लॉ लागू करने पर विवाद गहरा गया है। विपक्षी पार्टियों ने राष्ट्रपति यून सुक योल के खिलाफ महाभियोग का प्रस्ताव पेश किया है। दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति ने मंगलवार को देश में मार्शल लॉ लागू करने का एलान किया था। भारी दबाव के चलते 6 घंटे बाद बुधवार तड़के उन्होंने इस घोषणा को वापस ले लिया था। विपक्षी सांसदों का कहना है कि संसद को राष्ट्रपति को तुरंत हटाने पर फोकस करना चाहिए। विपक्ष का कहना है कि जब तक राष्ट्रपति योल पद पर रहेंगे, तब तक देश में हालात सामान्य नहीं हो सकेंगे।



### अमेरिकी दूतावास ने किया अलर्ट

दक्षिण कोरिया में अमेरिकी दूतावास ने कहा कि मार्शल लॉ हटने के बाद हालात 'अस्थिर' हो सकते हैं, और नागरिकों से सुरक्षा के मामले में सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। दूतावास ने बताया कि वह अमेरिकी नागरिकों और वीजा आवेदकों के लिए अपनी नियमित कांसुलर नियुक्तियां रद्द कर देगा।

### फैसले का भारी विरोध हुआ

योल ने कहा था कि देश को उत्तर कोरिया और देश विरोधी ताकतों से खतरा है। भारी विरोध के चलते राष्ट्रपति ने हार मान ली और कुछ ही घंटे बाद नेशनल असेंबली में हुए मतदान को स्वीकार करते हुए मार्शल लॉ का आदेश वापस ले लिया। नेशनल असेंबली द्वारा इसे निरस्त करने की मांग की और उन्होंने सैनिकों को वापस ले लिया।

अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस बोले

# आईसीसी में मुकदमा निपटने के बाद हसीना का प्रत्यर्पण मांगेंगे

ढाका

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने आरोप लगाया कि शेख हसीन के शासनकाल ने सब कुछ तबाह कर दिया। यूनुस ने आश्वासन दिया कि संविधान और न्यायापालिका में सुधार के बाद ही आम चुनाव कराए जाएंगे। उन्होंने कहा, चुनावों से पहले हमें अर्थव्यवस्था, शासन-प्रशासन और न्यायपालिका में सुधार की जरूरत है। यूनुस ने यह भी कहा कि भारत को शेख हसीना को तब तक प्रत्यर्पित नहीं करना चाहिए, जब तक बांग्लादेश का अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) में मुकदमा पूरी तरह से निपट न जाए। जब मुकदमा खत्म होगा और फैसला आ जाएगा, तो हम औपचारिक रूप से भारत से उन्हें (शेख हसीना) सौंपने का अनुरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा की चिंता तथ्यों पर आधारित नहीं है, क्योंकि जो कुछ भी कहा जा रहा है वह 'दुष्प्रचार' है।

- पूर्व पीएम ने सब कुछ तबाह किया सुधार के बाद चुनाव होंगे

### बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर किया जा रहा है 'दुष्प्रचार'



### चिन्मय को जेल में रखना मानवाधिकारों का उल्लंघन

*बांग्लादेशी लेखिका तस्लीमा नसरीन ने कहा कि बांग्लादेश में चिन्मय कृष्ण दास के लिए कोई वकील नहीं है। जिहादियों की धरती पर हिंदू नफरत को समझने के लिए यह वाक्य ही काफी है। चिन्मय कृष्ण दास के वकील को पीटा गया। यह सुनिश्चित करने के लिए उपाय किए गए हैं कि कोई भी चिन्मय कृष्ण दास का बचाव न करे। चिन्मय को जेल में रखने का उद्देश्य उनके मानवाधिकारों का उल्लंघन है।*

### आंतकी हमले की आशंका

ब्रिटेन सरकार ने बांग्लादेश के लिए अपने ट्रैवल एडवाइजरी को अपडेट किया है, जिसमें चेतावनी दी गई है कि वहां 'आतंकवादी हमला होने की संभावना है। विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) ने कहा है कि आतंकवादी हमले अंधाधुंध हो सकते हैं, जिनमें विदेशी नागरिकों के आने-जाने वाले स्थान भी शामिल हैं, जैसे भीड़-भाड़ वाले इलाके, धार्मिक इमारतें, राजनीतिक रैलियां। कुछ समूहों ने ऐसे लोगों को निशाना बनाया है, जिनके बारे में उनका मानना है कि उनके विचार और जीवनशैली इस्लाम के विपरीत हैं।

### जुलाई-अगस्त विद्रोह को मान्यता दे भारत

*बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के अहम नेता और बांग्लादेश के भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन के प्रमुख सदस्य महफूज आलम ने भारत से आग्रह किया कि वह जुलाई और अगस्त के बीच हुए विद्रोह को आधिकारिक रूप से मान्यता दे। इससे दोनों देशों के बीच संबंधों की शुरुआत एक नए तरीके से हो सकती है। इस विद्रोह को नजरअंदाज करना बांग्लादेश की नींव के लिए नुकसानदेह होगा और दोनों देशों के संबंधों पर नकारात्मक असर डालेगा।*

आतंकियों की करतूत

# पुंछ में सेना की पोस्ट पर फेंके दो ग्रेनेड, कोई हताहत नहीं

पुंछ

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में आतंकवादियों ने सेना के एक पोस्ट पर ग्रेनेड हमला किया, लेकिन इस हमले में कोई हताहत नहीं हुआ। आतंकवादियों ने सेना के पोस्ट पर दो ग्रेनेड फेंके, जिनमें से केवल एक ही फटा।

घटना के बाद सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों को पकड़ने के लिए एक बड़ा अभियान शुरू किया है। आतंकवादियों ने सेना के पोस्ट के पीछे सुरनकोट इलाके में स्थित एक सेना कैंप पर हमला किया। घटना के बाद सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों को पकड़ने के लिए एक बड़ा अभियान शुरू किया है। आतंकवादियों द्वारा फेंके गए ग्रेनेड में से एक का सुरक्षा पिन सेना के कैंप की परिधि दीवार के पास मिला है। घटना के बाद सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों को पकड़ने के लिए एक बड़ा अभियान शुरू किया है।





# ओटीटी पर आ रही प्रतीक गांधी-दिव्येंदु की 'अग्नि'

**मुंबई।** 'हम अग्नि के उपासक हैं, बलिदानों से कब घबराते हैं। जान छिड़ककर अपनी, हर आग बुझाते हैं। भुला दो हमें पर याद रखना... ज्वाला में जो जीते हैं, वो अमर हो जाते हैं।' प्रतीक गांधी, दिव्येंदु और सैयामी खेर की एक्शन- थ्रिलर अग्नि के टीजर की शुरुआत इसी डायलॉग से होती है। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीत चुके राहुल ढोलकिया के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म का टीजर गुरुवार को रिलीज किया गया है। 'अग्नि' का प्रीमियर साल के अंत में 6 दिसंबर को भारत और दुनियाभर के 240 से अधिक देशों में Amazon Prime Video पर किया जाएगा।

लाइफ Style

# रश्मिका

## आज तक नहीं मिला सच्चा प्यार

रश्मिका मंदाना साउथ की सबसे सफल एक्ट्रेसेस में से एक हैं। उन्होंने एक के बाद एक कई हिट और सुपरहिट फिल्में दी हैं। 28 साल की एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने फिल्मों की दुनिया में खूब नाम कमाया, लेकिन निजी जिंदगी में उन्हें आज भी सच्चे प्यार की तलाश है।



रश्मिका ने साल 2014 में मॉडलिंग से करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने अपने कॉलेज में 'टाइम्स फ्रेश फेस' का खिताब जीता था। इसके बाद रश्मिका को मॉडलिंग के ऑफर आने लगे थे।मॉडलिंग से ही एक्ट्रेस ने ग्लैमर की दुनिया में कदम रखा था। रश्मिका मंदाना ने साल 2016 में आई फिल्म 'क्रिक पार्टी' से अपने करियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म में साउथ के मशहूर एक्टर रक्षित शेट्टी रश्मिका के हीरो थे। पहली ही फिल्म के सेट पर एक्ट्रेस अपने हीरो को दिल दे बैठी थीं। रश्मिका और रक्षित ने प्यार में पड़ते ही शादी का फैसला कर लिया था और बहुत जल्द ही दोनों ने अपने रिश्ते को जग-जाहिर कर दिया था। रश्मिका मंदाना ने 14 साल बड़े रक्षित शेट्टी से सगाई कर ली थी, लेकिन उनका ये रिश्ता शादी तक पहुंचने से पहले ही टूट गया। कपल ने साल 2017 में सगाई कर ली थी, लेकिन एक साल के अंदर ही उनके रिश्ते में दरार आ गई और वो अलग हो गए। रक्षित शेट्टी संग सगाई टूटने के बाद से एक्ट्रेस को प्यार की तलाश जारी है, लेकिन आज भी वो सिंगल है। अगर मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो रश्मिका मंदाना का नाम एक्टर विजय देवरकोंडा के साथ जुड़ा था।

हॉलीवुड मसाला




# 'मिशन इम्पॉसिबल-8' का ट्रेलर रिलीज

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड एक्टर टॉम क्रूज की आइकॉनिक फ्रेंचाइजी 'मिशन इम्पॉसिबल' की 8वीं फिल्म का फैंस को बेसब्री से इंतजार था। हालांकि, अब प्रशंसकों का यह इंतजार खत्म हो गया है क्योंकि फिल्म का ट्रेलर अब सामने आ चुका है। इसके साथ ही फिल्म का नया टाइटल मिशनः इम्पॉसिबल - द फाइनल रेकनिंग है। यही नहीं, इसके साथ ही फिल्म को लेकर अब फिर फैंस का उत्साह सातवें आसमान पर है। 'मिशन इम्पॉसिबलः द फाइनल रेकनिंग' 23 मई 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# हॉलीवुड क्रिसमस परेड के ग्रैंड मार्शल बनेंगे जेरेमी

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड स्टार जेरेमी रेनर को मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में हॉकआई की भूमिका से दुनियाभर में खूब लोकप्रियता हासिल हुई। इस किरदार के बाद उन्हें भारत में भी खास पहचान मिली। अब हाल ही में अभिनेता को इस साल के क्रिसमस परेड का ग्रैंड मार्शल नियुक्त किया गया है। जेरेमी रेनर अगले महीने 92वें हॉलीवुड क्रिसमस परेड के ग्रैंड मार्शल के रूप में उत्सव की सारी बागडोर संभालेंगे। 1 दिसंबर की शाम को शुरू होने वाले क्रिसमस परेड की अध्यक्षता करेंगे। यह परेड साल 1928 में शुरू हुई थी और यह वहां की पुरानी परंपरा है। इस उत्सव को छुट्टियों के मौसम के रूप में भी देखा जाता है। यह उत्सव लोगों से चैरिटी इकट्ठा करने और उसे दान करने का काम भी करता है। क्रिसमस परेड के ग्रैंड मार्शल बनने को लेकर रेनर काफी खुश हैं।



# किआरा आडवाणी लुक को लेकर हुईं ट्रोल...

**नई दिल्ली।** रिलायंस की टीरा ने बुधवार को नया लग्जरी ब्यूटी स्टोर लॉन्च किया। इस मौके पर बॉलीवुड की तमाम हस्तियां इवेंट में हिस्सा लेने पहुंचीं। इवेंट में करीना कपूर खान, कियारा आडवाणी और शाहरुख खान की बेटी सुहाना जैसे सिलेब्स पहुंचे। इवेंट से कियारा का एक सामने आया है। वीडियो देखकर कियारा के फैंस जहां उसकी तारीफ कर रहे हैं। वहीं, कुछ लोग कियारा पर आरोप लगा रहे हैं कि कियारा दीपिका पादुकोण की कॉपी करती हैं। एक इंस्टाग्राम यूजर ने लिखा कि कियारा दीपिका बनने की कोशिश क्यों कर रही हैं। वीडियो में कियारा लाल रंग की जैकेट के साथ शॉर्ट पैंट्स पहने नजर आ रही हैं। कियारा ने बाल पोनीटेल में बंधे नजर आए। वहीं, इस लुक को कियारा ने लाल रंग की हाई हील बेली के साथ पूरा किया।



# 'दिल का दरवाजा...' का पोस्टर जारी

**मुंबई।** बॉलीवुड की दिग्गज एक्ट्रेस जया बच्चन, एक्टर सिद्धांत चतुर्वेदी और वामिका गब्बी की नई फिल्म दिल का दरवाजा खोल ना डार्लिंग का शूट शुरू हो चुका है। फिल्म के सेट से एक तस्वीर भी सामने आई है। तस्वीर में सिद्धांत, वामिका और जया बच्चन तीनों नजर आ रहे हैं। जो तस्वीर सामने आई है उसमें सभी लोग काफी खुश और हंसते हुए नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर को देख फैंस फिल्म के लिए उत्साहित हैं। वहीं, कुछ यूजर्स जया बच्चन की तस्वीर को देखकर हैरान हो रहे हैं। वो कह रहे हैं कि विश्वास नहीं होता कि जया बच्चन हंस रही हैं। गुरुवार को फिल्म मेकर्स ने फिल्म का आधिकारिक पोस्टर शेयर किया है। इस तस्वीर में जया बच्चन को हाथ में माइक लेकर हंसते देखा जा रहा है। पोस्टर को देखकर लग रहा है जैसे सारे आर्टिस्ट एक रॉक बैंड का हिस्सा हैं।

टीवी मसाला




# 'पति पत्नी और बेबी' का प्रीमियर 18 को

**मुंबई।** छवि मित्तल, करण वीर ग्रोवर, प्राचीन चौहान, पूजा गौर और शुभांगी लिटोरिया अभिनीत 'पति पत्नी और बेबी'का प्रीमियर 18 नवंबर को होगा और यह हर दिन 12.30 बजे केवल 'कलर्स' पर प्रसारित होगा। घर वह जगह है जहां आपका मन बसता है! जबकि यह साल खत्म होने वाला है, इसलिए अपने प्रियजनों के साथ बैठकर पारिवारिक ज़िंदगी की अनोखी मस्ती का आनंद लेने का इससे बेहतर समय और कोई नहीं हो सकता।

# 73 की उम्र में भी एक्टिंग में नहीं कोई तोड़...



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में सलमान खान, शाहरुख खान और आमिर खान जैसे स्टार आज भी राज कर रहे हैं। इन सभी की उम्र 60 के आसपास पहुंच चुकी है। ये आंकड़ा सुनकर लगता है कि वह इस उम्र में भी ये कितने एक्टिव हैं। जबकि हकीकत ये है कि ये सितारे साउथ के एक सुपरहिट सितारे से काफी पीछे हैं। एक ही साल में बैक टू बैक हिट देने के मामले में भी और उम्र के मामले में भी। हम साउथ के एक ऐसे सितारे की बात कर रहे हैं जिसकी उम्र अब 70 से भी ज्यादा पार हो चुकी है। हम जिस हीरो की बात कर रहे हैं वो हैं मामूट्टी, जो मलयालम फिल्मों के सुपरस्टार रहे हैं। देश से लेकर दुनिया तक में फेमस हैं। इस साल मामूट्टी की तीन फिल्में रिलीज हुई। पहली फिल्म अब्राहम ओजलर ये फिल्म 15 करोड़ में बनी और 40 करोड़ रुपए कमाने में कामयाब रही। मामूट्टी की दूसरी फिल्म इस साल रिलीज हुई टर्बो। 40 करोड़ में बनी इस मूवी ने 72.1 करोड़ रुपए का कारोबार किया। ये जोस नाम के एक ड्राइवर की कहानी है जो किसी मुश्किल में फंस जाता है।

# मासूमियत से कभी हंसाया तो कभी रुलाया, समाज को सच का आईना दिखाती हैं बच्चों पर बनीं ये फिल्में

**नई दिल्ली।** रंग-बिरंगी और बोल्ड फिल्मों के बीच बच्चों व स्टूडेंट के लिए भी कहानियां बुनी गईं। इन फिल्मों ने बच्चों का मनोरंजन किया तो दूसरी ओर सभी को गंभीर संदेश भी दिया। बॉलीवुड इंडस्ट्री ने एक लंबा सफर तय कर लिया है। इस दौरान बॉलीवुड ने कई सुपरस्टार दिए हैं और तरह-तरह की फिल्में। यहां हर वर्ग का ख्याल रखा गया है। रंग-बिरंगी और बोल्ड फिल्मों के बीच बच्चों व स्टूडेंट के लिए भी कहानियां बुनी गईं। इन फिल्मों ने बच्चों का मनोरंजन किया तो दूसरी ओर सभी को गंभीर संदेश भी दिया। आज हम ऐसी ही कुछ मूवीज का जिक्र करेंगे।

### तारे जमीन पर



इस फिल्म के लिए आमिर खान के हौसले की प्रशंसा की जानी चाहिए कि उन्होंने अपने निर्देशन में बनी पहली फिल्म 'तारे जमीन पर'एक बच्चे को केन्द्र में रखकर बनाई और बिना बॉक्स ऑफिस की चिंता किए पर्दे पर उतारा। इस फिल्म के जरिए उन्होंने बच्चों के भीतर झांकने की कोशिश की। फिल्म आठ साल के ईशान दर्शील सफारी की कहानी बताती है, जो मानसिक रूप से अपने परिवार के लिए पीड़ति होता है। बच्चे की पहचान शिक्षक रामशंकर निकुंभ करते हैं। फ्रलिम को लोगों ने काफी पसंद किया था।

### चिल्लर पार्टी



चिल्लर पार्टी एक बच्चों के गैंग की कहानी है जो बहुत मासूम हैं। उन्हें कोई चिंता नहीं है और मस्त जिंदगी जीते हैं। चंदन नगर कॉलोनी में ये सब रहते हैं। जल्दी ही इनका गैंग में फटका और भीड़ू भी शामिल हो जाते हैं और इनकी दोस्ती अधिक मजबूत हो जाती है। बच्चों की टीम में तब समस्या उत्पन्न हो जाती है, जब भीड़ू की जिंदगी एक नेता की वजह से खतरे में आ जाती है। ये घबराते नहीं हैं और मिलकर लड़ने का फैसला करते हैं। फिल्म ये साबित करती है कि छोटे बच्चे चाहें तो किसी को भी धूल चटा सकते हैं।

### स्टेनली का डब्बा




इस फिल्म में फोकस चौथी क्लास के बच्चों पर है। कक्षा में स्टेनली बहुत ही बुद्धिमान और मेहनती है और पूरे क्लास के बच्चों का चहीता भी। स्टेनली किसी वजह से अपना टिफिन नहीं ला पाता। उधर हिंदी के टीचर वर्माजी बच्चों के खाने पर नीयत लगाए रहते हैं। बच्चे अपने टिफिन से स्टेनली को तो खिलाना चाहते हैं, पर वर्मा सर को नहीं। पूरी फिल्म का सार यही है कि शिक्षक ने दूसरे के टिफिन में से खाने पर बच्चे को डांट लगाकर भगाया और अब खुद वही कर रहे हैं।

### फरारी की सवारी



इस फिल्म को खेल के दृष्टिकोण से बनाया गया है। रूसी के बेटे कायो का सपना है कि वह एक दिन बड़ा क्रिकेट खिलाड़ी बनेगा। आरटीओ में क्लर्क होने के बावजूद रूसी के पास पैसे की तंगी हमेशा बनी रहती है। क्योंकि, वह ईमानदार रहता है। पैसे की तंगी के बीच जूझकर हताशा में वह कहता है कि हम जैसे लोगों को तो सपने नहीं देखने चाहिए।




हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रत्नेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.